रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72000.00 10 ग्राम
₹96000.00 01 किलो
सेंसेक्स 81,508.46 -200.66
डॉलर 84.728 +0.054

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक-305, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 एडिलेड में हार के बाद कपिल ने...

## छठे झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र : आज रवींद्र महतो का निर्विरोध स्पीकर चुना जाना तय

# पहले दिन सदन में 80 विधायकों ने ली शपथ

### विधानसभा में शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित | किसी ने संताली, खोरठा, कुरमाली, उर्दू में ली शपथ, तो किसी ने संविधान की प्रति के साथ | सीएम हेमंत ने दावा किया है कि मंगलवार को रवींद्र नाथ महतो का चुनाव सर्वसम्मति से होगा

**सुनील बादल**

**रांची।** छठे झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन ने अभिवादन किया। इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रोटेम स्पीकर का अभिवादन किया। 11 बजकर 15 मिनट में सदन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने 80 नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फिर उसके बाद मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। इसके बाद नवनिर्वाचित विधायकों ने शपथ ली। स्टीफन मरांडी मंगलवार को शपथ लेंगे। विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

मंगलवार को ही विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इंडिया गठबंधन ने रविवार को हुई बैठक में पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के नाम पर सहमति बन चुकी है। इसबीच मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि मंगलवार को उनका चुनाव सर्वसम्मति से होगा। लेकिन अब तक विपक्ष की ओर से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है। ऐसे में इंडी गठबंधन के संख्या बल को देखते हुए माना जा रहा है विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध होगा।

## मुख्यमंत्री ने प्रोटेम स्पीकर का किया अभिवादन





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने छठे विधानसभा के प्रथम सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सोमवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो. स्टीफन मरांडी का अभिवादन किया। दूसरी ओर, झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्वागत किया। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें लिखा है कि झारखंड विधानसभा में परिवार के साथ। मुख्यमंत्री पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सबसे पहले ली शपथ

स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले झारखंड के मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को शपथ दिलाई गई। इसके बाद राधाकृष्ण किशोर, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, संजय प्रसाद यादव, रामदास सोरेन, इरफान अंसारी, हफीजूल हसन, दीपिका पांडेय सिंह, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार सोनू, शिल्पी नेहा तिर्की, राजमहल विधायक मो. ताजउद्दीन, बोरियो विधायक धनजंय सोरेन, लिट्टिपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू, पाकुड विधायक निसात आलम, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, नाला विधायक रविंद्र नाथ महतो, दुमका विधायक बसंत सोरेन समेत 80 विधायकों ने झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली।

### अलग-अलग भाषाओं में विधायकों ने ली शपथ

हेमलाल मुर्मू ने संताली, एमटी राजा ने उर्दू, जयराम महतो ने कुरमाली, अरूप चटर्जी ने बांग्ला और ममता देवी ने खोरठा भाषा में शपथ ली। इसके अलावा चंपाई सोरेन, मथुरा महतो सहित कई विधायकों ने भी स्थानीय भाषा में शपथ ली। वहीं कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल और श्वेता सिंह ने हाथ में संविधान की प्रति लेकर शपथ ली। जबकि पूर्णिमा साहू ने दोनों हाथ जोड़कर झारखंड विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। वहीं अधिकतर विधायकों ने हिन्दी में विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। कोल्हान क्षेत्र के कुछ विधायकों ने भी अपने स्थानीय भाषा में विस सदस्य के रूप में शपथ ली।

### झारखंड विधानसभा में दिखे 21 नए चेहरे

इस बार सदन में 21 नए चेहरे दिखे, जो पहली बार विधायक बने हैं। इनमें रौशन लाल चौधरी, शुत्रध्न महतो, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो. ताजउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो और पूर्णिमा साहू शामिल हैं। वहीं 18 ऐसे सदस्य हैं, जो पहले विधायक रह चुके हैं। इसमें सबसे अधिक आठ भाजपा के हैं, जबकि छह झामुमो, तीन कांग्रेस के हैं। वहीं राजद, माले, आजसू व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के एक-एक विधायक शामिल हैं।

### प्रो. स्टीफन मरांडी नौवीं बार चुने गए हैं विधायक

स्टीफन मरांडी सबसे सीनियर विधायक हैं, जो नौ बार जीत हासिल कर चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने 1980 में जीत हासिल की थी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सीपी सिंह लगातार सातवीं बार तो प्रदीप यादव लगातार छठी बार विधानसभा पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया। चार विधायकों ने चौथी बार जीत हासिल की। जीत का चौका लगाने वालों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक विरुआ, चमरा लिंडा और विधायक नवीन जायसवाल शामिल हैं।

### 11 को राज्यपाल का अभिभाषण



11 दिसंबर को दिन के 11:30 बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश किया जाएगा। 12 को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वे सर्वसम्मति से स्पीकर चुने जायेंगे।

### जयराम की सदन में नंगे पांव एंट्री



**झारखंड** विधानसभा सत्र में पहली बार शामिल हो रहे जयराम महतो ने अनोखे अंदाज में एंट्री ली। उन्होंने सबसे पहले धरती को प्रणाम किया। इसके बाद सदन के अंदर नंगे पांव घुसे। शपथ लेने के बाद जयराम महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक मथुरा महतो और मंत्री दीपिका पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिए। वहीं जयराम महतो के हाथ में मौजूद लाल डायरी ने भी सबका ध्यान खींचा। जयराम ने कहा कि इस डायरी में मैं वह शपथ लिखूंगा, जो मैं विधानसभा में लूंगा।

### रवींद्र नाथ ने लिखा भावुक पोस्ट



**इस** बीच रवींद्र नाथ महतो ने सोमवार को फेसबुक में एक भावुक पोस्ट डाला है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि पिताजी के निधन का आज दूसरा दिन है। पीड़ा में हूं, मन बहुत व्यथित है। मैं स्वीकार नही कर पा रहा हूं कि बाबा मेरे साथ नहीं हैं। लेकिन नाला वासियों के आशीर्वाद से कर्तव्य पथ पर अटल हूं। सोमवार को नई सरकार के निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहा। बाबा के जीवन के मूल्यों और पदचिन्हों पर चलकर आप सभी देवतुल्य जनता की सेवा, सरोकार और सम्मान का संकल्प पूरा करने की कोशिश करूंगा।

### दस विधायक जो तीसरी बार पहुंचे सदन

सदन पहुंचनेवाले विधायकों में दस ऐसे विधायक शामिल हैं, जिन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई है। इनमें स्टीफन मरांडी, इरफान अंसारी, डॉ नीरा यादव, राज सिन्हा, सरयू राय, विकास सिंह मुंडा, आलोक कुमार चौरसिया, रवींद्रनाथ महतो, निरल पूर्ति व दशरथ गगराई शामिल है। पिछले विधानसभा के 42 विधायक फिर से विधानसभा पहुंचे हैं।

## एक नजर

### टुंडी के सीआरपीएफ कैंप में गोली लगने से जवान की मौत

**धनबाद।** टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ कैंप में पदस्थापित सैट रिजर्व पुलिस के हवलदार की रायफल साफ करने के दौरान सोमवार को गलती से गोली चल जाने से मौत हो गई है। घटना के बाद उसे एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत जवान का नाम नंदकिशोर सिंह है, वह पलामू जिला के लेस्लीगंज का रहने वाला था।

### जरूरी सूचना

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## शीतकालीन सत्र में आ सकता है 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल से 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को मंजूरी मिलने के बाद केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र या अगले सत्र में इससे जुड़े विधेयक को संसद में पेश कर सकती है। कैबिनेट ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को पहले ही मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने बताया कि सरकार अब विधेयक पर आम सहमति बनाना चाहती है और इसे विस्तृत चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति या जेपीसी के पास भेज सकती है। सूत्रों के मुताबिक जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेगी। इस प्रक्रिया में अन्य स्टेकहोल्डर को भी शामिल किया जाएगा। चर्चा है कि संवैधानिक विशेषज्ञों के साथ सभी राज्यों की विधानसभा अध्यक्षों को इस चर्चा में शामिल किया जा सकता है। साथ ही इस विधेयक पर आम लोगों की राय लिये जाने की योजना है। विचार-विमर्श के दौरान विधेयक के प्रमुख पहलुओं, इसके लाभ और देश भर में एक साथ चुनाव कराने के लिए आवश्यक कार्यप्रणाली और चुनावी प्रबंधन पर चर्चा की जाएगी।



जेपीसी को भेजने की तैयारी

इस मुद्दे पर विपक्षी दलों से बातचीत की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अर्जुन राम मेघवाल और किरेन रिजिजू को नियुक्त किया गया है। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन के लिए कम से कम छह विधेयक लाने होंगे और सरकार को संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत पड़ेगी। गौरतलब है कि एनडीए को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में साधारण बहुमत प्राप्त है।

लेकिन, सदन में दो तिहाई बहुमत प्राप्त करना केंद्र सरकार के लिए चुनौती भरा कदम है। उल्लेखनीय है कि संविधान संशोधन के लिए मोदी सरकार को एनडीए से बाहर के दलों के सहयोग की भी जरूरत होगी।

### राज्यसभा उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा

**नई दिल्ली।** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने सोमवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपने तीन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नोटिफिकेशन जारी किया है। भाजपा ने हरियाणा, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेखा शर्मा को हरियाणा से राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया है। हरियाणा में भाजपा नेता कृष्ण लाल पंवार के इस्तीफे के बाद राज्यसभा की एक सीट रिक्त हुई थी। इसके अलावा भाजपा ने आंध्र प्रदेश से रयागा कृष्णैया के नाम पर मुहर लगाई है, जबकि ओडिशा से सुजीत कुमार को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले चुनाव आयोग ने राज्यसभा की छह खाली सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की थी। इन सीटों पर 20 दिसंबर को चुनाव होंगे, जबकि नतीजे भी उसी दिन जारी किए जाएंगे।

## पीएम मोदी ने एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हमारा संकल्प एक लाख प्रतिभाशाली और ऊजार्वान युवाओं को राजनीति में लाने का, है जो 21वीं सदी की भारतीय राजनीति का नया चेहरा बनेंगे और देश का भविष्य बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात में रामकृष्ण मठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भारत के युवाओं ने दुनिया में अपनी क्षमता और सामर्थ्य को साबित कर दिया है। यह भारत की युवा शक्ति ही है, जो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर रही है और भारत के विकास की कमान संभाल रही है।



उन्होंने इस अवसर पर अपने संकल्प का उल्लेख किया कि आगामी समय में 01 लाख प्रतिभाशाली व ऊजार्वान युवाओं को राजनीति में लाने के सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि ये युवा 21वीं शताब्दी की भारतीय राजनीति तथा देश के भविष्य का नया चेहरा बनेंगे। उन्होंने अध्यात्म तथा सातत्यपूर्ण विकास पर बल देते हुए कहा कि पृथ्वी को श्रेष्ठ बनाने के लिए याद रखने योग्य दो महत्वपूर्ण विचार हैं। इन दोनों विचारों के बीच समन्वय साधकर हम अधिक अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वामी विवेकानंद अध्यात्म के व्यावहारिक पहलू पर बल देते थे तथा समाज की आवश्यकताएं पूर्ण कर सकने वाला अध्यात्म चाहते थे। विचारों की शुद्धता के साथ स्वामी विवेकानंद आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने पर भी बल देते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखकर स्थायी विकास का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमने विकसित भारत के दृढ़ संकल्प के साथ अमृत काल की नई यात्रा शुरू की है, हमें इसे तय समय में पूरा करना है। आज भारत अपने ज्ञान, परंपरा और सदियों पुरानी शिक्षाओं के आधार पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिकता और सतत विकास के दो महत्वपूर्ण विचारों को याद रखना जरूरी है, इन दोनों विचारों में सामंजस्य स्थापित करके हम बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

## इंडिया

## मीठे सच्चे बोलों से युद्ध तक रोके जा सकते हैं

**प**ड़ोसी से विवाद से लेकर विश्व के सभी युद्धों तक में कहीं ना कहीं अहंकार ही मूल में होता है जिससे दोनों पक्षों को तनाव होता है और बात बढ़ते बढ़ते मारपीट, हत्या, घृणा और केस मुकद्दमे से लेकर सांप्रदायिक झगड़े, गृह युद्ध या दो देशों के बीच युद्ध का रूप ले लेता है। इन मानवीय दुर्गुणों या कमियों को ध्यान में रखकर सभी प्राचीन ग्रंथों में शांति, सद्भावना और अच्छे व्यवहार को उपदेशों या कहानियों के माध्यम आदर्श बताया गया है। भारतीय सनातन संस्कृति में संपूर्ण जीवन को चार आश्रमों में बांटा गया है। इनमें गृहस्थ आश्रम का दूसरा स्थान है और उसके कर्तव्य कर्मों को सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। विश्व में सबसे बड़ी संख्या गृहस्थों की है। यदि इनका जीवन साधनामय और भक्तिमय हो जाए, तो यह विश्व शांति का अमोघ साधन बन जाएगा। या यों कहें यदि गृहस्थ अपने सभी कर्तव्यों को ईमानदारीपूर्वक निभाएं, तो उनका जीवन सबसे आदर्श जीवन होगा। शास्त्रों, संतों-महात्माओं, ऋषि-मुनियों और मनीषियों की अधिकांश शिक्षा या उपदेश इसी वर्ग यानी गृहस्थों को केंद्रित कर वर्णित की गई हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



वस्तुतः सुखी और शांत जीवन का आधार, तो प्रेम ही है। संतों का कहना है - फिर कर देखा जगत जो, जहां प्रेम लवलेश। वहां तो सुख रस है कुछ, शेष है कष्ट कलेश। मित्र बंधु संबंध में, स्नेह सूत है सार। प्रेम बिना नीरस सभी, अपना पर संसार। कहने का मतलब है कि जिस परिवार में प्रेम होता है, सभी सदस्यों में मेलजोल अच्छा होता है और सब अपने-अपने कर्तव्यों को ठीक-ठीक निभाते हैं, वहां शांति और संपन्नता रहती है। एक महिला बहुत बड़े संत की शिष्या थी। वह अपने नवविवाहित पुत्र और बहू को संत जी से आशीर्वाद दिलाने के लिए ले गई। सबने संत को प्रणाम किया और बैठ गए। लड़का उच्छृंखल स्वभाव का था। उसकी साधु-संतों और धर्म-कर्म में आस्था नहीं थी। वह भगवान और धर्म का मखौल उड़ाता था तथा साधु-संतों को समाज पर बोझ समझता था। बेटे के स्वभाव से दुखी मां ने संत जी से प्रार्थना की, गुरुदेव कृपया आशीर्वाद दीजिए, ताकि मेरे बेटे की उद्दंडता दूर हो जाए और सन्मार्ग पर चलने लगे। यह आज आपके पास भी बड़ी मुश्किल से आया है, मेरे कहने से नहीं, बल्कि पत्नी के कहने पर आया है। संत ने पूछा-बेटा तुम्हारे कितने हाथ हैं? लड़के ने कहा, यह भी कोई पूछने वाली बात है, दो हैं। और पत्नी के लड़के ने खीझकर जवाब दिया, ह्यउसके भी दो। संत ने फिर पूछा, दोनों के मिलाकर कितने हुए चार संत ने फिर कहा-बेटा! पांव कितने हैं। लड़का क्रोधित हो गया और अधिक झुंझलाकर कहा, दो मेरे, दो मेरी पत्नी के और दोनों के मिलाकर चार। संत ने कहा, शाबाश बेटा! जब पति-पत्नी सदाचारी जीवन व्यतीत करते हैं अर्थात धमार्नुकूल चलते हैं, तो चतुर्भुज हो जाते हैं। और यदि शास्त्र विरुद्ध दुराचारी जीवन-यापन करें, तो बिल्कुल पशुवत चतुर्पाद हो जाते हैं। अर्थात झूठ, भ्रष्टाचार, चोरी, बेईमानी तथा हेरा-फेरी धन तो दे सकते हैं, लेकिन शांति नहीं। महाराज ने कहा, बेटा! गलत तरीके से एक अर्थ के मिलने पर अनेक अनर्थ भी साथ हो जाते हैं। संत की बात सुनकर युवक के अंदर सनसनी दौड़ गई और हाथ जोड़कर बोला, मैं आपके उपदेश का सदा ध्यान रखूंगा। महाराज बोले-धन्यवाद बेटा! सुखी दांपत्य जीवन के लिए एक बात और याद रखना, जिंदगी में झुकना सीखना, जिसे झुकना आ गया, वह बाजी मार गया। आज के युग में पति-पत्नी के आगे, तो पत्नी पति के आगे नहीं झुकती, कहते हैं-हम किस बात में कम हैं? बाद में दोनों कचहरी में मिलते हैं। सास-बहू एक-दूसरे का सम्मान नहीं करतीं। बाद में परिवार में कलह होता है। इसलिए यह न सोचें कि झुकना, सहना या विनम्र होना कमजोरी की निशानी है, बल्कि ये तो शूरवीरता और महानता के प्रतीक हैंइससे अलग भी व्यावहारिक जीवन में विनम्रता से अपना पक्ष रखने वालों की पहचान अलग होती है और वे सफल भी होते हैं जबकि अहंकार में डूबे लोग उसी बात को कड़वे शब्दों में बोलकर बना हुआ खेल बिगाड़ देते हैं।

## आरबीआई के नए गवर्नर होंगे संजय मल्होत्रा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को नया गवर्नर मिलने जा रहा है। जानकारी के अनुसार, संजय मल्होत्रा को रिजर्व बैंक का नया गवर्नर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास के कार्यकाल में विस्तार नहीं किए जाने के बाद की गई है, जो लगातार मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ था। संजय मल्होत्रा ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के तहत राजस्थान कैडर से अपनी सेवा शुरू की थी। वह अब रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने उर्जित पटेल के इस्तीफे के बाद केंद्रीय बैंक की जिम्मेदारियां संभाली थी। संजय मल्होत्रा का कार्यकाल अगले तीन साल के लिए होगा। मल्होत्रा के पास वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अत्यधिक



अनुभव है। उन्होंने भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव के तौर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। इसके अलावा, उन्हें केंद्र और राज्य सरकारों में टैक्स और वित्तीय मामलों का भी गहरा अनुभव है। शक्तिकांत दास का कार्यकाल भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में 2018 में शुरू हुआ था और उनके कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए गए।



















## सीएम हेमंत सोरेन का अभिवादन एवं स्वागत करते मंत्री व अधिकारी

झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनका अभिवादन एवं स्वागत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल एवं डीजीपी अनुराग गुप्ता।

### आईआईटी-आईएसएम के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए राज्यपाल, कहा

# विकसित भारत तभी होगा, जब हम अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे : संतोष गंगवार

- *बोले, छात्र सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए करें कार्य*

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/धनबाद।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह एक ऐसी परंपरा का प्रतीक है, जिसने ज्ञान, नवाचार और राष्ट्रीय सेवा के मूल्यों को साकार किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आपका दायित्व है कि आप सामाजिक समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए



कार्य करें। एक विकसित भारत तभी संभव होगा, जब हम सभी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि सोमवार को आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के 99वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने संस्थान के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी स्थापना 1926 में खनन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से की गई थी। यह संस्थान देश के शैक्षिक एवं औद्योगिक विकास का दर्पण है और आज यह अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

राज्यपाल गंगवार ने कहा कि आज जब हमारा देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, तो आईआईटी (आईएसएम) जैसे संस्थानों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यहां से पढ़े विद्यार्थियों ने न केवल शैक्षिक उपलब्धियां हासिल की हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है।

राज्यपाल ने संस्थान के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आईआईटी (आईएसएम) केवल तकनीकी और अकादमिक सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह नवाचार, उद्यमशीलता और सामाजिक बदलाव की प्रेरणा भी है। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखें और समाज और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान सुनिश्चित करें।

# कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : दीपक बिरुआ

### मंत्री ने राजस्व संग्रहण बढ़ाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए।

दीपक बिरुआ ने पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें। इसके बाद जिला स्तर पर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने परिवहन सचिव और भू-राजस्व विभाग के सचिव को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**रांची।** सीएम हेमंत ने कांग्रेस की पूर्व



अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सीएम ने सोमवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांगबुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

## संजय सेठ को धमकी देने के आरोपी को रिमांड पर ले गई दिल्ली पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री और झारखंड की राजधानी रांची के सांसद संजय सेठ से 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने के साथ जान से मारने की धमकी देने के मामले में सोमवार को दिल्ली पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपित को साथ ले गई। आरोपित मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ्तार करने के बाद रांची पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीम ने सोमवार को उसे रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम की कोर्ट के पेश किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने मिन्हाजुल की 72 घंटों की ट्रांजिट रिमांड देने का आग्रह किया, लेकिन कोर्ट ने 48 घंटों की ट्रांजिट रिमांड की मंजूरी दी। इसके बाद दिल्ली पुलिस की टीम मिन्हाजुल को लेकर साथ लेकर दिल्ली के लिए रवाना हो गई। उल्लेखनीय है कि रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उनसे रंगदारी मांगी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने इस संबंध में दिल्ली पुलिस और झारखंड के डीजीपी को भी जानकारी दी। शिकायत के मुताबिक, शुक्रवार को उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से मैसेज आया, जिसमें 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

## पदभार संभालते ही नेहा ने बतायी अपनी योजना

- *कहा, बीएयू को दुरूस्त करने की जरूरत*
- *13 दिसंबर को होगी विभागीय बैठक*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का पदभार सोमवार को शिल्पी नेहा तिर्की ने ग्रहण किया। इस असवर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बधाई देने वालों की भीड़ लगी थी। मौके पर उन्होंने कहा कि समस्त झारखंडवासियों, कांग्रेस के वरिष्ठजनों और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अभार है कि युवा कंधों पर इतनी बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है।



पदभार ग्रहण करने के साथ गौरव और चुनौती दोनों महसूस कर रही हूं। बिचौलिए भोले-भाले किसानों को गुमराह करते हैं। उनके फसलों का सही रेट उन्हें मिले, सिंचाई का लाभ सभी किसानों को मिले। युवाओं को कृषि से जोड़ने के लिए एग्रीपेन्योर तरीके से खेती करानी होगी, जिससे उनका पलायन रुक जाए। **राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता** ने पूछा कि समय पर बीज का विरतण नहीं होता है, तो उन्होंने कहा कि पशु का भी वितरण नहीं होता है। छोटे-छोटे मुद्दे पर भी काम करने की जरूरत है, क्योंकि ये मुद्दे सीधे जनता से जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि बीएयू झारखंड की शान है, इसे दुरूस्त करने की जरूरत है। कोऑपरेटिव अगर सही तरीके से काम करे, तो रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को विभागीय बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

## शिक्षा, स्वास्थ्य व ग्रामीण विकास जैसे विभाग बने भ्रष्टाचार के गढ़ : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं



पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार के गढ़ बन गए हैं। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। ईडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किए, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है। यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दशार्ता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है। यह कितनी शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं।

### सीएम ने स्मार्ट सिटी में बने मंत्रियों के आवास का किया निरीक्षण, कहा

# नवनिर्मित आवास के लिए सभी कार्य 15 जनवरी तक पूरे हो जाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी, रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर कई दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास और पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी, 2025 तक पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित की जा सके। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आवासीय




*आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की भी व्यवस्था की जाए*

परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था और झूला इत्यादि लगाने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीईओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार और जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य सरकार बहुत जल्द जरूरतमंदों को देगी कंबल



**रांची।** सामाजिक सुरक्षा निदेशक समीरा एस ने राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत में बताया कि कंबल का टेंडर आचार संहिता के कारण डेढ़ महीना विलंब से हुआ है। दो आपूर्तिकर्ताओं को कायार्देश एक-दो दिनों के अंदर मिल जाएगा। चौबीसों जिलों के जरूरतमंदों के बीच त्वरित गति से कंबल के वितरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एल-1 को शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एल-1 को अधिक आपूर्ति का कायार्देश दिया गया है। वहीं, एल-2 को उससे कम संख्या में कंबल की आपूर्ति का कायार्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह पहली बार है जब झारखंड सरकार की ओर से इतनी बड़ी संख्या में जाड़े के दिनों में कंबल बांटे जाएंगे।

# 4 फीसदी बढ़ा पारा शिक्षकों का मानदेय, जनवरी से लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 58 हजार पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) के मानदेय में जनवरी 2025 से चार फीसदी की वृद्धि होगी। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने 2025, 2026 और 2027 तक बढ़ोतरी की राशि तय कर दी है। इसमें 2027 में टेट पास पारा शिक्षकों को अधिकतम 27 हजार रुपये तक राशि मिलेगी, जबकि प्रशिक्षित पारा शिक्षकों को 20,160 रुपये मिलेंगे। अगर ये आकलन परीक्षा में सफल हो जाते हैं, तो उन्हें 21,552 रुपये मिलेंगे। बता दें कि मानदेय में बढ़ोतरी जनवरी 2023 से ही होती आ रही है। चार फीसदी राशि बढ़ोतरी के साथ-साथ शिक्षा विभाग ने अगले तीन साल की मासिक मानदेय की गणना भी तय कर ली है। इसमें पूरे एक साल जनवरी से दिसंबर तक पारा शिक्षकों को कितना मानदेय मिलेगा, इसका निर्धारण कर लिया गया है।

वर्तमान में जनवरी 2024 से छठी से 8वीं में पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 24,300 और पहली से 5वीं वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 22,680 दिए जा रहे हैं। वहीं, सिर्फ प्रशिक्षित (6-8) को 19,656, जबकि आकलन पास के बाद 21,008 रुपये दिए जा रहे हैं। इसके अलावा सिर्फ प्रशिक्षित (1-5) पारा शिक्षकों को 18,144 रुपये और आकलन परीक्षा पास करने वाले को 19,392 दिए जा रहे हैं।



**अब इतना मिलेगा मानदेय**

जनवरी 2025 से टेट पास पारा शिक्षक (6-8) को 25,200 रुपये और टेट पास पारा शिक्षक (1-5) को 23,530 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, सिर्फ प्रशिक्षित (6-8) को 20,384 मिलेंगे। इसमें आकलन परीक्षा पास पारा शिक्षकों को 21,788 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा सिर्फ प्रशिक्षित (1-5) पारा शिक्षक को 18,816 रुपये मिलेंगे, जबकि जो आकलन परीक्षा पास हैं, उन्हें 20,112 रुपये दिए जाएंगे। पारा शिक्षकों के मासिक मानदेय की गणना आकलन परीक्षा के परिणाम की तिथि 29 सितंबर 2023 के आधार पर की गई है।

### आज मनाया जाता है विश्व मानवाधिकार दिवस

# मानवाधिकार दिवस है अधिकारों के संरक्षण व संवर्धन का : संजय सर्राफ

**पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं मानवाधिकार की रक्षा और संरक्षण**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा कि मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने, उनके उल्लंघन के खिलाफ संघर्ष करने और मानवाधिकारों की रक्षा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

उन्होंने कहा, मानवाधिकार उन मौलिक अधिकारों को कहते हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से ही प्राप्त होते हैं, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, भाषा या राष्ट्रीयता का हो। इनमें जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, श्रम का अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता जैसे महत्वपूर्ण अधिकार शामिल हैं। मानवाधिकारों का उल्लंघन न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता को खतरे में डालता है, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास को भी बाधित करता है। संजय सर्राफ ने कहा, वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के बुनियादी अधिकारों को सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। यह घोषणा एक अंतरराष्ट्रीय मानक के रूप में सामने आई, जो दुनियाभर में मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए एक रोडमैप बनी। इस घोषणा में 30 अनुच्छेदों में विभिन्न प्रकार के अधिकारों का वर्णन किया गया है, जैसे कि जीवन का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, और शरण का अधिकार। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों और देशों में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन अधिकारों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करना होता है। यह दिवस हमें यह याद दिलाता है कि मानवाधिकारों का संरक्षण और उनका उल्लंघन रोकना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, आज के समय में जब दुनिया भर में असमानताएं, संघर्ष, और उत्पीड़न की स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं, मानवाधिकारों की रक्षा और संरक्षण पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। हिंसा, शोषण, भेदभाव, और उत्पीड़न की घटनाएं आज भी हमारे समाज में व्याप्त हैं, और इन पर रोक लगाना हमारे सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करता है। आजकल के डिजिटल युग में, सूचना की स्वतंत्रता, गोपनीयता और डिजिटल अधिकारों का उल्लंघन भी एक प्रमुख चिंता का विषय बन गया है। साइबर हमलों, डाटा चुराने और ऑनलाइन उत्पीड़न के कारण लोगों के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, जिसके खिलाफ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। संजय सर्राफ ने कहा, मानवाधिकार दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि हम समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए क्या कर सकते हैं। यह दिन हमें अपने कर्तव्यों का पालन करने, दूसरों के अधिकारों का सम्मान करने और किसी भी प्रकार के भेदभाव या असमानता के खिलाफ खड़े होने का प्रेरणा देता है। केवल तभी हम एक समान और न्यायपूर्ण समाज की ओर कदम बढ़ा सकते हैं, जहां सभी को उनके अधिकार पूरी तरह से प्राप्त हों। मानवाधिकार हनन किसी एक देश या समाज की नहीं, बल्कि समूची मानवता की समस्या है। जब तक दुनिया भर में हर व्यक्ति को उसके अधिकार नहीं मिलते, तब तक यह दिवस हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा और हमें सशक्त बनाएगा ताकि हम मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास करें। यही असली उद्देश्य है मानवाधिकार दिवस का कि हर व्यक्ति को स्वतंत्रता, समानता, और न्याय का अधिकार प्रदान हो।




### डीसी ने जिले के सभी मुखिया के साथ की ऑनलाइन समीक्षा बैठक, कहा

# 31 दिसंबर तक पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को जिला के सभी मुखिया के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक हुई। समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में अयोजित बैठक में सभी मुखिया से पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त भजंत्री ने जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत भवन में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। पीने का पानी, बिजली, जेनरेटर, कंप्यूटर, इंटरनेट, भवन की स्थिति, शौचालय, प्रज्ञा केंद्र, पहुंच पथ आदि की जानकारी लेते हुए उपायुक्त द्वारा सभी मुखिया को संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं पंचायत सचिव से समन्वय स्थापित करते हुए 31 दिसंबर 2024 तक व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं एवं अन्य सेवाओं के लिए लोगों को प्रखंड व अंचल कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े, इसलिए सभी पंचायत भवन में सुविधा उपलब्ध कराएं। सभी पंचायतों में प्रज्ञा केंद्र एवं इंटरनेट की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि हर पंचायत में प्रज्ञा केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित करें। उपायुक्त द्वारा बीएसएनएल के स्थानीय प्रबंधक से समन्वय स्थापित करते हुए शैडो एरिया में आने वाले पंचायतों में इंटरनेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश जिला पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने जिले के लोगों की शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए जारी व्हाट्एएप नंबर 9430328080 की भी जानकारी दी। उन्होंने सभी मुखिया से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर 9430328080 का प्रचार-प्रसार करें, ताकि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोग जिला प्रशासन तक सीधे अपनी समस्याएं पहुंचा सकें। साथ ही, उपायुक्त ने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं जिला स्तर की दैनिक बैठकों की जानकारी प्रखंड स्तर तक पहुंचाने के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप 'अबुआ' से जुड़ने का भी आग्रह किया।




**बेस्ट पंचायत को किया जाएगा सम्मानित**
उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि वे जिला के पंचायतों का औचक निरीक्षण करेंगे। कहा कि पंचायत भवन में व्यवस्था एवं संचालन के मानक के आधार पर हर प्रखंड के साथ-साथ जिला के सर्वोत्तम पंचायत को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने पंचायत के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी मुखिया से प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने को भी कहा।

## बीआईटी मेसरा में इंडो यूरोपीय संगोष्ठी कल से

**रांची।** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी), मेसरा, रांची का भौतिकी विभाग आगामी 11 और 12 दिसंबर को द्वितीय इंडो-यूरोपीय संगोष्ठी ऑन सरफेस इंजीनियरिंग (आईईएसएसई-2024) का आयोजन करेगा। यह प्रतिष्ठित संगोष्ठी भारत, ऑस्ट्रिया, स्विटजरलैंड, पुर्तगाल, अमेरिका और अन्य देशों के 100 से अधिक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाएगी। संगोष्ठी में 12 प्रमुख वक्ता अपने नवीनतम शोध और उद्योग संबंधी अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। आईईएसएसई-2024 का उद्घाटन डॉ नरेश चंद्र मुर्मू, निदेशक, सीएसआईआर-केंद्रीय यांत्रिक इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान दुर्गापुर करेंगे। यह महत्वपूर्ण आयोजन सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अत्याधुनिक प्रगति, नवाचार और उभरते रुझानों पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देना है। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बीआईटी मेसरा करेंगे, जबकि प्रो अल्बानो कैवलेइरो, यूनिवर्सिटी ऑफ कोइंब्रा, पुर्तगाल से सह अध्यक्ष के रूप में योगदान देंगे। संगोष्ठी संयोजक ऋषि शर्मा और सह-संयोजक डॉ सोम दत्ता, सहयक प्रोफेसर हैं। आईईएसएसई-2024 के इस मंच पर भारतीय और यूरापीय शोधकर्ता सतह इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नवाचार और इसके अनुप्रयोगों को तलाशने के लिए एकत्रित होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध रेलवे ई-टिकट बेचने के मामले में एक गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ऑपरेशन 'उपलब्ध' के तहत रेलवे ई-टिकट के अवैध व्यवसाय पर कार्रवाई की है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक सूरज पांडे ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ ने पुंदाग ओपी पुलिस की सहायता से पुंदाग रोड के छोटी मस्जिद के समीप वसीर कांप्लेक्स स्थित अरिशा कंप्यूटर सेवा नामक किराए की दुकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान की जांच करने पर 15 पास किए गए ई-टिकट बरामद हुए, जो दो पर्सनल यूजर आईडी से बनाए गए थे। इन टिकटों की कुल कीमत 43 हजार 822 थी। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह व्यक्तिगत लाभ के लिए इन आईडी का उपयोग कर रेलवे ई-टिकट बना रहा था और प्रत्येक टिकट पर यात्रियों से वास्तविक किराए के अतिरिक्त 50 रुपये लेता था। आरोपित दुकानदार जावेद अख्तर को रेलवे एक्ट की धारा 179(2) के तहत गिरफ्तार किया गया और धारा 143 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### कॉलेज और स्कूल की 100 मीटर की परिधि साइलेंस जोन घोषित

**रांची।** रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार स्कूल और कॉलेज के 100 मीटर की परिधि में भी साइलेंस जोन घोषित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण की शिकायत टोल फ्री नबंर 112 या थाना में करने वाले शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णतया गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि रात 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक किसी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण नहीं करना है। किसी प्रकार का लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करना है।

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ नौ जनवरी तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। नौ जनवरी को अदालत इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगा। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर के जरिये परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदे जाने के विरोध में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की बेंच में हुई। मामले में राज्य सरकार के प्रतिशपथ पत्र पर निशिकांत दुबे की ओर से प्रतिउत्तर दिया गया। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने शिकायतकर्ता देवघर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। निशिकांत दुबे की ओर से याचिका दाखिल कर इससे संबंधित एफआईआर को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। परित्राण मेडिकल लोन ट्रस्ट के सचिव शिवदत्त शर्मा की ओर से एफआईआर दर्ज कर कहा गया है कि बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर, जिसमें सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ट्रस्टी भी हैं, उनके जरिये जालसाजी कर परित्राण मेडिकल ट्रस्ट से मेडिकल कॉलेज खरीदा गया है। मामले को लेकर देवघर के जसीडीह थाना में कांड संख्या 96/2024 दर्ज किया गया है।

### पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की जमानत पर फैसला 12 को

**रांची।** चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने डिस्चार्ज पीटिशन पर फैसला सुनाने के लिए 12 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल भी हो चुकी है।

### राहुल गांधी की एमपी-एमएलए कोर्ट में अगली सुनवाई 23 को

**रांची।** राजधानी रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मामले में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 23 दिसंबर निर्धारित की है। यह सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की बेंच में हुई। यह मामला भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह (वर्तमान गृह मंत्री) के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल गांधी मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट चाहते हैं। इसको लेकर उनके अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी को मामले में कोर्ट में पेश होना है। पेशी को लेकर समन जारी है। इस पर शिकायतकर्ता नवीन झा के वकील विनोद साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।

## रेशम उद्योग को बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर की गई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**तसर उत्पादन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति को विशेष रूप से जोड़ने का लक्ष्य**

केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची में सोमवार को बुंदेलखंड परिक्षेत्र में तसर रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान निदेशक डॉ एनवी चौधरी ने कहा कि बुंदेलखंड की जलवायु, मृदा एवं भौगोलिक स्थिति तसर रेशम कीटपालन के लिए उपयुक्त है। अतः इस उद्योग की वहां व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि तसर का पौधा कम पानी एवं बंजर भूमि में उगता है। इसका कीटपालन कम खर्च में शुरू किया जा सकता है। झांसी एवं आसपास के क्षेत्रों में वर्ष में तीन बार कीटपालन किया जा सकता है। तसर का कीटपालन बंजर/ऊसर जमीन को उपजाऊ बनाता है। तसर की खेती का पारंपरिक ज्ञान जनजाति एवं अनुसूचित जाति के गरीब लोगों के पास है। महिलाओं को इससे जोड़कर धागाकरण का कार्य किया जा सकता है। तसर रेशम कीटपालन के साथ अन्य खेती की फसलें उगाई जा सकती है।

वन विभाग, राज्य रेशम विभाग, एग्रोफॉरेस्ट्री संस्थान एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है, जिससे सभी के साथ मिलकर लगभग 1000 लोगों को रोजगार प्रदान किया जा सके।

मौके पर सहायक निदेशक रेशम झांसी एके राव एवं सहायक निदेशक सोनभद्र रणवीर सिंह ने बुंदेलखंड परिक्षेत्र में तसर की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की। तसर रेशम में उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने की दिशा में व्यापक पैकेज की आवश्यकता है, जिससे हजारों तसर कृषकों को लाभ हो। तसर उत्पादन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों को विशेष रूप से जोड़ने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश पांडेय एवं डॉ जगदज्योति बी ने भी सहभागिता की।

## ऑर्थोडेंटिस्ट प्रोफेसर डॉ अंशु साहू को मिला प्रतिष्ठित फेलोशिप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंदौर के रेडिशन ब्लू होटल में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पियरे फोरचर्ड अकेडमी की ओर से ऑर्थोडेंटिस्ट प्रोफेसर डॉ अंशु साहू को फेलोशिप प्रदान किया गया। यह सम्मान इस बार पूर्वी भारत के कुल 8 लोगों को दिया गया है। जिसमें 5 झारखंड के और 3 बिहार के थे।

पियरे फोरचर्ड अकेडमी हर साल एक दीक्षांत समारोह और पुरस्कार समारोह का आयोजन कर दंत चिकित्सा पेशे में उनके योगदान के लिए योग्यता के आधार पर देश के योग्य दंत चिकित्सा पेशेवरों को एक फेलोशिप देता है।




ज्ञात हो कि वर्ष 1936 में स्थापित, पियरे फोरचर्ड अकेडमी एक अंतरराष्ट्रीय दंत चिकित्सा सम्मान संगठन है, जिसके दुनिया भर में 7000 से अधिक फेलो हैं। डॉ अंशु साहू 22 साल से झारखंड में दंत चिकित्सा के आधुनिक, वैज्ञानिक उपचार प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, वे सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों और विभिन्न संस्थानों में भाषण-व्याख्यान देने के लिए भी जाने जाते हैं। देश विदेश के प्रसिद्ध दंत चिकित्सकों - संस्थानों ने डॉ अंशु साहू को विभिन्न पुरस्कार से सम्मानित किया है।

ज्ञात हो कि डॉ साहू के परिवार में अनेक डॉक्टर और सर्जन हैं, जो कई देश में कार्यरत हैं। इनके पूर्वजों ने रांची का पहला नर्सिंग होम शुरू किया था और आज भी मानव सेवा परम धरम मानते हैं। इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय शौंडिक संघ, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ, पंचपरगना सूंड़ी संघ झारखंड, छतीसगढ़ सूंड़ी समाज सहित देश के और कई राज्यों के सामाजिक संगठनों ने डॉ अंशु साहू को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### डॉ सुरिन्दर कौर 'नीलम' की दो पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

## निरंतर क्रियाशील रही है डॉ 'नीलम' की कलम : डॉ त्रिपाठी

**अशोक प्रियदर्शी ने शब्द संयोजन एवं भाव की सराहना की**

**डॉ माया प्रसाद ने कहा, कवयित्री के गीतों में राग एवं प्रवाह है**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल पीपी कंपाउंड के सभागार में जानी-मानी वरिष्ठ कवयित्री डॉ सुरिन्दर कौर 'नीलम' की दो पुस्तकों का भव्य लोकार्पण समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और रेणु झा रेणुका के मंत्रोच्चार के साथ हुई। संगीता सहाय 'अनुभूति' ने अतिथियों का स्वागत किया।

गीत संग्रह 'कल-कल रागिनी ' और काव्य संग्रह 'तुम आओगे न..?' के लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ हरेराम त्रिपाठी 'चेतन' ने कहा, मैं डॉ 'नीलम' की साहित्यिक यात्रा के संघर्ष का साक्षी रहा हूं। इनकी कलम निरंतर क्रियाशील रही है। रचनाओं में विषय की विविधता आकर्षित करती है।

मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित विद्वान, वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि 'नीलम' के गीतों और कविताओं के खूबसूरत बिंब और शिल्प इन्हें उत्तम श्रेणी में पदस्थापित करते हैं। उन्होंने पुस्तक में से माहिया की पंक्तियां पढ़ते हुए शब्द संयोजन एवं भाव की सराहना की। मंच की शोभा सुप्रसिद्ध वरिष्ठ साहित्यकार डॉ माया प्रसाद ने 'नीलम' के गीत की पंक्तियां 'कभी फुर्सत में आना मेरे पास जिंदगी, तुझसे बातें करूंगी मन उदास जिंदगी' सुनाते हुए कहा कि एक स्त्री के मनोभावों और दर्द को बेहद खूबसूरती से बयां किया गया है। कवयित्री के गीतों में राग एवं प्रवाह है और कवयित्री का मधुर कंठ सोने पर सुहागा है। उन्होंने कवयित्री के पतिदेव गुरकमल सिंह के सहयोग की चर्चा करते हुए कहा कि सभी पतियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए पत्नी का साथ देने की। वक्ता विद्वान निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ 'नीलम' एक संवेदनशील कवयित्री हैं, जो समय की नब्ज को पहचान कर शब्दों में व्यक्त करती हैं। वे भाव, भाषा, छंदों और शिल्प की कवयित्री हैं। मशहूर शायर और समारोह के वक्ता नसीर अफसर ने कहा कि कवयित्री ने हिंदी के साथ उर्दू के शब्दों का प्रयोग भी बड़ी खूबसूरती और सलीके से किया है। सरल भाषा में गहन भावों को लिए हुए इनकी रचनाएं पाठकों के दिलों में आसानी से पंहुच पाएंगी, ऐसी उम्मीद है।

डॉ सुरिन्दर कौर 'नीलम' ने कहा कि मंच को सुशोभित कर रहे सभी साहित्यकारों ने मेरी लेखनी को बचपन देखा है और आज इस महत्वपूर्ण पायदान पर सभी मुझे आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित हैं, ये मेरा सौभाग्य है। मैं सभागार में उपस्थित सभी साहित्य साधकों और साहित्य प्रेमियों का अभिनंदन और आभार व्यक्त करती हूं। कवयित्री ने अपनी मधुर आवाज में एक गीत सुना कर खूब तालियां बटोरी। पुस्तक में से चरणजीत कौर, कमल बोस और नीरज नीर ने काव्य पाठ किया। सदानंद सिंह यादव और सूरज श्रीवास्तव ने कवयित्री के लिखे गीतों को कर्ण प्रिय अंदाज में प्रस्तुत किया। नन्हीं मायरा कौर ने एक कविता प्रस्तुत की। पति गुरकमल सिंह ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। इसके अलावा गुरविंदर सिंह सेठी, परमजीत सिंह टिंकू और मलकीयत सिंह ने शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में परिवार के सदस्यों, शहर के सभी गण्यमान्य व्यक्तियों, साहित्यकारों और महिला काव्य मंच की कवयित्रियों की उपस्थिति ने समारोह को सफल बनाया। सुभाष कुमार सहाय, रंगोली सिन्हा, अंकिता सिंह, बिम्मी प्रसाद ने विशेष सहयोग किया। समारोह का बेहतरीन संचालन सीमा चंद्रिका तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन रेणु झा 'रेणुका' ने किया।

**आज / कल**






**झारखंड में बदला मौसम का मिजाज, हुई बारिश**

## आज से पड़ेगी कड़ाके की ठंढ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**रांची सहित कई जिलों में और गिरेगा तापमान**

झारखंड में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह रांची सहित प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सोमवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई। रांची में ठंड भी बढ़ गई। रांची में अधिकतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को भी अधिकतर समय बादल छाए हुए रहेंगे। सुबह-सुबह हल्का कोहरा रहेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने कहा है कि 11 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा। 10 दिसंबर को रांची सहित झारखंड के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन तैयार हुआ है। इसके असर से राजधानी रांची सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। अब तापमान और गिरेगा और कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से ठंड में बढ़ोतरी होगी। रविवार देर रात से लेकर सोमवार तक झारखंड के कई जिलों में बारिश हुई।

## एक नजर

### आरटीआई कार्यकर्ता पर हमला

**कतरास।** सोमवार की संध्या भटमुरना मोड़ के पास आरटीआई कार्यकर्ता पर अपराधियों ने हमला कर दिया। आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि करोड़ो की लागत से बन रहे एक सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसको लेकर उन्होंने मुख्य सचिव, धनबाद उपायुक्त सहित कई संबंधित विभागों में आरटीआई आवेदन लगायें थे तथा मामले की शिकायत भी की थी।उसी को लेकर पहले धमकी और फिर हमला किया गया। बताया कि हमला लगभग शाम 6:30 बजे किया गया।हमले में वे जख्मी हो गए हैं।

### हाथियों के उत्पात से किसान परेशान, लाखों का हुआ नुकसान

**बगोदर।** बगोदर थाना क्षेत्र के अटका में लगातार चार दिनों से हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया के रखा है जिसमें दर्जन भर से अधिक किसानों को भारी नुकसान किया। बताया जाता है कि एक होटल को भी बुरी तरह से झुंड ने दीवार को तोड़ कर होटल में रखे समान को नष्ट कर दिया जबकि अनाज भी चट कर गए। इतना ही नहीं हाथियों ने पास के खेतों में लगे गन्ना, आलू और धान की फसल को रौंद डाला है। जबकि एक किसान के खेत रखे धान 50 से 60 क्विंटल धान को तहस नहस कर छिट दिए व चट गए। एक किसान के खेत में लगा चपानल को भी तोड़ दिया । मोटर मशीन को तोड दिया। लोगों की माने तो 8 से 10 लाख रुपये की नुकसान किसानों का किया गया है । इससे लेकर किसानों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है इन किसानों के फसल व धान का हुआ है नुकसान जिसमें नुनुलाल मेहता छोटी मेहता रंजित मेहता भोला मेहता मुकेश मेहता संजित मेहता लखन राणा विजय मेहता अरुण मेहता पंकज मेहता शंकर मेहता सहित कई अन्य किसान शामिल है।

### अनाज लदे वाहन को पकड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**गावां।** गावां प्रखंड के गणपतबागी में ग्रामीणों ने सोमवार की रात एक अनाज लोड पिकअप वाहन को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि गावां अनाज गोदाम से चावल लोडकर विभिन्न विद्यालय में भेजा जा रहा था। सोमवार को शाम तक हड़हड़ा और अन्य विद्यालयों में अनाज नहीं पहुंचने की शिकायत झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह को मिली। सूचना के बाद उन्होंने बीडीओ से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। सोमवार की देर शाम एक दूसरे वाहन से अनाज विद्यालय पहुंचाया जा रहा था। जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर बीडीओ और पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि जिस वाहन से हड़हड़ा विद्यालय अनाज पहुंचाया जा रहा था उसका एसआईओ दूसरे वाहन का था।

#### पोषण आहार का किया गया वितरण

# मुरी पंचायत के 25 कुपोषित बच्चों के वजन और लंबाई की हुई मापी




**नवीन मेल संवाददाता। मुरी/ सिल्ली** प्रखंड अंतर्गत सोमवार को बड़ामुरी पंचायत में हिंडालको सीएसआर विभाग और राजकुमारी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पोषित बचपन अभियान के तहत दूसरा फॉलोअप आयोजित किया गया। इस दौरान मुरी पंचायत के 25 कुपोषित बच्चों का वजन और लंबाई मापी गई। साथ ही, उनके पोषण में सुधार के उद्देश्य से पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोषण वाटिका का उद्घाटन भी किया गया, जिसका उद्देश्य रसोई उद्यान (किचन गार्डन) को बढ़ावा देना है। इसके तहत उपस्थित परिवारों को विभिन्न प्रकार के बीज वितरित किए गए ताकि वे अपने घरों में पोषण वाटिका स्थापित कर सकें और संतुलित आहार सुनिश्चित कर सकें। यह पहल बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्थानीय समुदाय ने इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहपूर्वक भागीदारी दिखाई। कार्यक्रम के दौरान डाइटिशियन मौसम ने बताया कि पोषित आहार की कमी से बच्चों के शरीर का विकास अवरुद्ध हो जाता है तथा बच्चे शारीरिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। शरीर का संपूर्ण विकास के लिए ही बच्चों के बीच पोषण आहार का वितरण किया गया। राजकुमारी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट लीड सुप्रिया सिंह ने बताया कि संस्था समाज कल्याण हेतु पोषित बचपन के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों को पूरी तरह से शारीरिक रूप से मजबूत करना चाहती है ताकि सामाजिक स्तर पर कल्याण हो सके। मौके पर सन्नी, गोवर्धन एवं आंगनबाड़ी सेविकाएं समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल मैच सीरीज में भारत ने जीता स्वर्ण

# झारखंड पहुंचे खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** नेशनल थ्रो बॉल कमेटी ऑफ कंबोडिया के द्वारा अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल मैच सीरीज मैच का प्रतियोगिता आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता भारत बनाम कंबोडिया के बीच खेला गया। इसमें जिसमें भारतीय टीम 23 - 17, 20 - 23, और 23-21 से विजई हु इस प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी सम्मिलित हुए थे। झारखंड के चार खिलाड़ी सनोज महतो, चन्दन लोहार, राजेश कुमार मेहता,( पुरुष वर्ग) एवं महिला वर्ग से पुष्पा मिंज शामिल थे। विजय पताका के साथ झारखंड वापसी पर इनका भव्य स्वागत किया गया। झारखण्ड के खिलाड़ी सनोज ने कहा कि आज जो कुछ भी सफलता मिली है उसका पूरा श्रेय मुकेश कंचन को जाता है। उन्हीं के मार्ग दर्शन से सब कुछ सीख पाया हूं। साथ ही मेरा परिवार को भी जाता है उनका सपोर्ट हमेशा रहता है। इस जीत के लिए पूरे टीम को पैरा थ्रो बॉल के कोच मुकेश कंचन, राहुल मेहता अध्यक्ष झारखंड डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन, सरिता सिन्हा सचिव, उपाध्यक्ष पतरस तिर्की, समाज सेवी जगदीश सिंह जग्गू, संजू कुमारी शिवरानी कुमारी, आर्यन एवं झारखण्ड वाशियों ने बधाई दिया।

## न्यूज बॉक्स

### बच्चों के बीच किया गया पाठ्यसामग्री का वितरण



**ईस्ट बसुरिया।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय निछानी में सोमवार को विद्यार्थियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। बच्चों को मुख्य अतिथि मुखिया भीम लाल रजक के हाथों कॉपी,किताब,स्कूल बैग आदि दिया गया।मुखिया ने बच्चों को आगे बढ़ने और मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी।उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं और शिक्षा से ही जीवन व समाज में परिवर्तन संभव हैं। मौके पर प्रधानाध्याप अनिल कुमार राम,अजय कुमार विश्वकर्मा,रमेश रजक,मो. रफीक अहमद,भृगुराम रजक,आशा देवी,शिव कुमार महतो सहित अन्य मौजूद रहें।

### बारिश से जनजीवन प्रभावित



**ठाकुरगांव ।** सोमवार को कोहरे के कारण बुढ़मू प्रखण्ड क्षेत्र में सामान्य जनजीवन ठप हो गया। वहीं सुबह हुई बारिश से खेत में काट कर रखे धान की फसल खराब होने की संभावना बढ़ गयी। तेज कोहरे के कारण लोग अपने घर से नहीं निकले। वहीं ठाकुरगांव बाजार में भी काफी सनाटा देखने को मिला। लोग ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते नजर आए।

### झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को दिल्ली एम्स से भी बेहतर बनाएंगे : डॉ इरफान



**रांची।** डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री का पदभार लिया। इस असवर पर मंत्री डॉ इरफान अंसारी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मिठाइयां खिलाकर और माला पहनाकर लोगों ने उन्हें बधाई और शुभाकामनाएं दीं। मीडिया को संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी, अभिभावक मल्लिकार्जुन खड़गे, पीर साहब, मुख्यमंत्री हेमंत सारेन का आभार है। राज्य की तीन करोड़ जनता ने मेरे ऊपर भरोसा दिखाया कि मैं झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था को दिल्ली के एम्स से भी बेहतर बना सकता हूं और यही मेरा लक्ष्य है। मुझे भी लगता है कि मैं यह काम बहुत अच्छे से कर सकता हूं। भरोसा रखिए झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को इतना मजबूत कर दूंगा कि दूसरे राज्यों ओर देश-विदेश से लोग यहां इलाज कराने आएंगे।

# प्रमुख चौक-चौराहों पर की गई अलाव की व्यवस्था



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री ने रांची जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए, रांची शहर एवं जिले के सभी प्रखंडों में अलाव की व्यवस्था कराने को लेकर संबंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसे लेकर जिला प्रशासन की तरफ से सोमवार को रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को ठंड को देखते हुए अलाव की व्यापक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि ठंड से लोगों का बचाव हो सके। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील की है कि सभी लोग ठंड से अपना बचाव करें।

# कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मिला चैंबर का शिष्टमंडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के पदाधिकारियों ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें कृषि विभाग का प्रभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इस दौरान राज्य की कृषि मंडियां सशक्त हों, ट्रेडर्स और कृषकों के आपसी समन्वय से राज्य में मंडियों का विकास हो, कृषकों का उत्थान हो और मंडी में व्याप्त असुविधाओं के समाधान पर चैंबर और मंत्री की सकारात्मक चर्चा हुई। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने बाजार समितियों में रिफॉर्म की आवश्यकता बताते हुए बाजार समितियों के रिकंस्ट्रक्शन और बाजार समितियों में ओपन वेयरहाउस की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की बात कही। यह भी सुझाया कि झारखंड में उत्पादित उत्पाद को अन्य देशों में निर्यात की सुविधा उपलब्ध कराने से भी कृषकों को प्रोत्साहित करने में सहयोग किया जा सकता है। कृषि मंडियों की दयनीय व्यवस्था पर चिंता जताते हुए बाजार समितियों के डेवलपमेंट के लिए व्यापारी, किसान और विभागीय अधिकारियों की एक कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन करने का भी उन्होंने सुझाव दिया। राज्य की बाजार समितियों में सड़क, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी के साथ ही मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी दुकानों पर भी चैंबर ने चिंता जताई। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड की कृषि मंडियों को मॉडल कृषि मंडी के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता जताते हुए व्यापारियों के समन्वय से कार्य को गति देने की बात कही। उन्होंने जल्द ही चैंबर भवन में आकर व्यापारियों के साथ वृहद् स्तर पर बैठक करने के लिए भी आश्वस्त किया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार और श्रम उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत मौजूद थे।

# खलारी के पैरा एथलीट चंदन ने कंबोडिया में जीता स्वर्ण




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** खलारी निवासी पैरा एथलीट दिव्यांग चंदन लोहार ने कंबोडिया में आयोजित इंटरनेशनल थ्रो बाल मैच सीरीज में गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड सहित भारत का नाम रोशन किया है। पांच से सात दिसंबर के बीच आयोजित इस टूर्नामेंट में कई देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। भारत ने फाइनल मुकाबले में कंबोडिया को 2-1 से हराकर सीरीज पर कब्जा कर लिया। चंदन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला। सामाजिक मदद से कंबोडिया पहुंचे चंदन लोहार पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने अपने मेहनत और लगन से इस सफलता सफलता को हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उन्हें खलारी के सामाजिक कार्यकताओं ने आपसी सहयोग से आर्थिक मदद देकर कंबोडिया भेजा। चंदन एक गरीब परिवार से आते हैं। वर्तमान में वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी, रांची में पांचवें वर्ष के छात्र हैं। वे इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर खेल का प्रदर्शन कर चुके हैं। चंदन झारखंड क्रिकेट टीम के सदस्य भी रह चुके हैं। अपनी इस सफलता पर चंदन ने कहा है कि सही दिशा, मेहनत और समाज के समर्थन से हर कठिनाई को पार किया जा सकता है। चंदन की इस उपलब्धि पर खलारी के मानवाधिकार कार्यकर्ता मुन्नू शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता जावेद, कृष्ण चौहान, और अशर्फी राम सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

# रात्रि 10.00 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजने पर कार्रवाई होगी : नगम निगम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** रांची नगर निगम अंतर्गत स्थित बैंक्वेट हॉल, विवाह भवन से विवाह एवं अन्य समारोह में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग रात में किए जाने पर आमजनों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए बैंक्वेट हॉल/विवाह भवन के संचालकों की एक बैठक नगर निगम में आहूत की गई। बैठक में सभी बैंक्वेट हॉल / विवाह भवन को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि राज्य में लाउडस्पीकर एवं बैंड का उपयोग के संबंध में लागू कानून के आलोक में लाउडस्पीकर एवं बैंड का उपयोग करना सुनिश्चित करें। आवासीय क्षेत्र में ध्वनि की सीमा निर्धारित है एवं रात्रि 10.00 बजे से सुबह 6.00 तक इसे बजाना कानूनन प्रतिबंधित है। रात्रि 10.00 बजे के पश्चात लाउडस्पीकर/बैंड का उपयोग करने पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में आमजनों को भी सूचित किया गया कि लाउडस्पीकर/बैंड से किसी प्रकार की समस्या होने पर 112 नंबर पर डायल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## कल्याण विभाग के छात्रावासों में बुनियादी सुविधाओं की हुई जांच



रांची। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निदेशानुसार सोमवार को जिला अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा निर्मित छात्रावासों में बुनियादी सुविधाओं की जांच की गई। जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न छात्रावासों का निरीक्षण किया और छात्रावास में चेक लिस्ट अनुसार विभिन्न बिंदुओं की जांच की। विशेष कर छात्रावास भवन, चहारदीवारी, रसोई, शौचालय की स्थिति, पेयजल, भोजन बनाने के लिए बर्तन, विद्युत, बेड, गद्दा, बेडशीट, कुर्सी टेबल आदि की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की जांच की। छात्रावास में सुविधाओं को लेकर पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से भी बात की। ज्ञात हो कि सभी पदाधिकारियों को चेक लिस्ट के अनुसार प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दिया है। कल्याण विभाग द्वारा निर्मित विभिन्न छात्रावासों में बुनियादी सुविधाओं की जांच के लिए उपायुक्त ने जिलास्तरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी, जिन्होंने आज छात्रावासों में बेहतर व्यवस्था के लिए स्थल भ्रमण कर जांच की।

### तारा बाबू का असामयिक निधन, यूथ फोर्स के लिए अपूरणीय क्षति : दीप नारायण सिंह



**कतरास।** श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में उपेन्द्र दसौंधी उर्फ तारा बाबू के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ दीप नारायण सिंह ने स्व. उपेन्द्र दसौंधी उर्फ तारा बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात बारी - बारी से उपस्थित सभी कार्यकताओं ने उपेन्द्र दसौंधी उर्फ तारा बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि उपेन्द्र दसौंधी उर्फ तारा बाबू यूथ फोर्स के वरिष्ठ नेता के साथ - साथ क्षेत्र के सुविख्यात समाजसेवी थे। वे हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। तोपचांची हीरापुर दुर्गा पूजा में इनकी सक्रियता देखने योग्य होती थी। इनके निधन से समाज के साथ - साथ यूथ फोर्स परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि सभा का समापन मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट की मौन रखकर किया गया।

### पारस हॉस्पिटल में पेट के कैंसर से पीड़ित महिला का हुआ सफल इलाज



**रांची।** पारस हॉस्पिटल धुर्वा में पेट के कैंसर से पीड़ित 51 वर्षीय महिला का सफल इलाज किया गया है। पेट में कैंसर के कारण भोजन वाले रास्ते में रुकावट आ गई थी और इस कारण खाने और पीने में भी परेशानी हो रही थी। इस वजह से कैंसर की दवा देने में भी दिक्कत आ रही थी। वह महिला मरीज ऑपरेशन के लिए भी फिट नहीं थी। पारस हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के निदेशक बिग्रेडियर डॉ आलोक चंद्रा ने इस मरीज को नई तकनीक से इलाज किया। इंडोस्कोपी के माध्यम से पेट में रुकावट वाले स्थान के ऊपर एक मेटल स्टेंट डालकर मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। 20 मिनट के अंदर मरीज के पेट के भीतर जो रुकावट थी, इसे खोल दिया गया। अब मरीज बड़े ही आराम से मुंह से खाना खा सकती है और कैंसर का इलाज भी आगे आसानी से करवा सकती है। बिग्रेडियर डॉ आलोक चंद्रा ने कहा कि पारस हॉस्पिटल धुर्वा में पहली बार में इस तरह का ऑपरेशन इंडोस्कोप से किया गया है। इस तकनीक के इस्तेमाल से कैंसर के मरीजों को अच्छे से इलाज करवाने में मदद मिलेगी।

# सम्मानित किए गए पैरा एथलीट चंदन लोहरा व उनकी माता




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला खलारी के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर चंदन लोहरा को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम चंदन लोहरा और उनकी माता संगीता देवी को तिलकअभिनंदन किया गया। उन्हें फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाया गया। बुके व स्पेशल डायरी कलम दिया गया। इसके अलावा मिठाई का पैकेट दिया गया। प्रधानाध्यापक रंथू साहू ने कहा कि भविष्य का दूसरा नाम संघर्ष है। जो मनुष्य संघर्ष करता रहता है वह एक न एक दिन जीत का हकदार बन ही जाता है। कहा कि आगे की पढ़ाई हेतु जो भी दिक्कते होगी उसमें हमेशा उनका सहयोग रहेगा।इसी क्रम में विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार साहु, अरुणा उरांव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र लोहरा, समाज सेवी गौरीशंकर केशरी, आंगनबाड़ी सेविका इंदु देवी और रीना देवी ने भी अपनी बात रखी। उपस्थित बच्चे अति उत्साहित होकर अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिए ' चंदन लोहरा ने कहा कि मेरी माता संगीता देवी और पिता लालदेव लोहरा मजदूरी करके किसी तरह गुजर बसर कर रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर उपर टोला खलारी में बुनियादी शिक्षा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। प्रधानाध्यापक रंथु साहु का सराहनीय सहयोग रहा ' इस बदौलत मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं। सबों को लड्डू वितरण कर खुशी प्रकट किया गया 'इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं तथा बाल संसद मंत्रियों का सराहनीय योगदान रहा' कार्यक्रम में महावीर नगर के मोनू महतो, राहुल लोहरा, बिट्टू महतो, रीना देवी, मनोरमा देवी, जूही देवी, हिना देवी, चांदमुनि देवी, कमला देवी, रतनी उरांव और कल्पना देवी उपस्थित थे।

> **प्राथमिक शिक्षा उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला खलारी में बुनियादी शिक्षा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, प्रधानाध्यापक रंथु साहु का सराहनीय सहयोग रहा**

# बीआईटी मेसरा में संवादात्मक एआई तकनीक पर कार्यशाला



**रांची।** बीआईटी मेसरा के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग ने प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। बीआईटी मेसरा के सीएसई विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुप्रतिम बिस्वास की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में एनएलपी और एआई प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति पर आकर्षक चर्चा और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला का उद्घाटन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के सीएसई विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो सुभाष चंद्र यादव ने किया। उन्होंने भविष्य को आकार देने में एआई की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। कार्यशाला में संवादात्मक एआई तकनीकों पर विशेषज्ञ व्याख्यान और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ एमडी शाह फहद, डॉ अमृतांजलि और डॉ भास्कर कर्ण ने कार्यक्रम के निर्बाध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया। कार्यशाला समन्वयक डॉ एमडी शाह फहद ने इस बात पर जोर दिया कि जहां विशेषज्ञ वार्ता संवादात्मक एआई में प्रगति पर केंद्रित है, वहीं प्राप्त अंतर्दृष्टि झारखंड की स्थानीय भाषाओं के लिए अनुकूलित समाधान विकसित करने में मदद कर सकती है। इन प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर, कार्यशाला का उद्देश्य भाषाई अंतर को पाटना है, जिससे स्थानीय समुदायों को मुख्यधारा की शिक्षा, कृषि और शासन में अधिक से अधिक एकीकृत किया जा सके। कार्यशाला ने ज्ञान के आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के लिए एक जीवंत मंच के रूप में कार्य किया, जिससे एआई अनुसंधान और शिक्षा में अग्रणी के रूप में बीआईटी मेसरा की स्थिति और मजबूत हुई।

### रांची में बिजली की कटौती की गई

**रांची।** सोमवार को राजधानी रांची में बिजली की भारी कटौती देखने को मिली। क्षेत्र में चार से पांच घंटे तक बिजली काटी गयी। पंडरा, पिस्कामोड़, रातू रोड़, इंद्रपुरी, आर्यपुरी, अलकापुरी, कांके रोड सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली कटी रही। बिजली कटने से आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ठंढ अधिक होने से लोग हिटर नहीं जला पाये। वहीं जिनके घर में पानी खत्म हुआ वे पानी के लिए भटकते रहे। स्नान करने के लिए लोग गीजर में पानी गर्म नहीं कर पाये। बिजली विभाग की इस कटौती से लोगों में आक्रोश है।

### अर्चा साहित्य कला अकादमी के कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन



रांची। अर्चा साहित्य कला अकादमी के तत्वाधान में आर्यभट्ट ऑडिटोरियम रांची विश्वविद्यालय बेसिक साइंस कैंपस मोरहाबादी में संगीत के कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शंख ध्वनी, वेद पाठ के साथ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर हुआ। अतिथियों को अंग वस्त्र और मोमेंटो, पुष्पगुच्छ के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रांची और रांची से बाहर के संगीत प्रेमियों, साहित्य प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अर्चा साहित्य कला अकादमी की चेयरपर्सन डॉ पम्पा सेन विश्वास स्वागत भाषण करते हुए बोलीं कि यह संगठन 10 साल से चल रहा है। इसमें संगोष्ठी, सेमिनार, संगीत, नृत्य, नाटक चित्रांकन, काव्य पाठ, समाज सेवा इत्यादि कार्यक्रम निरंतर चलते रहता है। कार्यक्रम के दौरान संगीत का एक पुस्तक विमोचित हुआ, जिसमें 15 गाने लिखे हुए हैं। इस तरह का कार्यक्रम झारखंड में पहली बार हुआ है। कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से 108 कलाकार भाग लिए।

## एक नजर

### बारिश से ठंढ में हुई बढ़ोत्तरी, फसलों को हो सकता है नुकसान

**सतगावां।** प्रखंड में रविवार देर रात से ही हो रही रुक-रुक कर बारिश के कारण ठंढ में बढ़ोत्तरी हुई है। आकाश में बादल छाए हुए हैं और कोहरा पसरा हुआ है। दूसरी ओर आम जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है। जानवरों के साथ आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बेमौसम बारिश से किसानों को नुकसान का सामना हो सकता है। इससे किसान चिंतित हैं। खलिहान में रखे गए धान की गठरी में बारिश की पानी से बचाव के लिए किसानों ने इसके उपर तिरपाल से ढक दिया है। गेहूं की बुआई के लिए तैयार खेत में बारिश होने से बुआई के बाद खेत में बीज सड़ने की संभावना जताई गई है। अमूमन कई स्थानों पर बारिश से जल जमाव की भी स्थिति उत्पन्न हुई है।

### बारिश के बाद कनकनी से बढ़ी ठंढ जनजीवन प्रभावित

**कोडरमा।** जिले में मौसम ने सोमवार को अचानक मिजाज बदल दिया। आसमान में बाद छा गए और देखते ही देखते बूंदाबांदी शुरू हो गयी। कुछ देर बाद हवा उठने से कनकनी भी शुरू हो गयी। इसका सीधा असर बाजार और जनजीवन पर पडा है। इससे बचने के लिए अधिकांश लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहे। बाजार में अन्य दिनों की अपेक्षा कम लोग चहलकदमी करते नजर। जो लोग बाजार में निकले चाय की चुस्की लेकर राहत पाते देखे गए। दिनभर आसमान में बादल छाया रहा। हालांकि अपराह्न करीब 2.55 बजे हल्का धूप निकला, पर फिर बादल छा गया। बूंदाबांदी, कनकनी और आसमान में बादल छाए रहने से पारा में गिरावट दर्ज की गयी। अधिकतम पारा 22 और न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### सतगावां में खेल मैदान का काम अधूरा खिलाड़ी परेशान

**सतगावां ।** प्रखंड मुख्यालय में खिलाड़ियों की प्रतिभा कुंद हो रही है। उनकी प्रतिभा निखारने सुविधायुक्त एक भी खेल मैदान नहीं है। खिलाडियों के लिए पूर्व में बनाए जा रहे खेल मैदान अधूरा है और रख-रखाव के अभाव में बदहाल हो गया है। खेल का आयोजन अभी अर्द्धनिर्मित ब्लॉक मैदान स्थित खेल मैदान में ही किया जाता है। हालांकि इस खेल मैदान का निर्माण साल 2009 में किया गया था। निर्माण के समय विभागीय कारणवश आधा- अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया। तब से लेकर आज तक इस अधूरा खेल मैदान पर किसी भी जनप्रतिनिधि और सरकारी महकमा का ध्यान नहीं गया है। सरकारी और गैर सरकारी कई प्रकार के खेलों का आयोजन इसी अधूरे खेल मैदान में होता आ रहा है।

# ठंढ लगने से एतवा देवी की मौत



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकपी पंचायत के ग्राम चौथा (रविदास टोला) में ठंड लगने से एक महिला की मौत हो गई। वहीं घटना की पुष्टि करते हुए चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा कि मृतका एतवा देवी पति शुकर रविदास की मौत सोमवार सुबह 9 बजे ठंड से हो गई। वहीं मुखिया प्रतिनिधि को घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार से मिले तथा इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद देने की बात कही। इस दौरान पत्रकारों से कहा कि एतवा देवी को अचानक ठंड लगने के कारण तबीयत बिगड़ा और अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई।कहा कि मृतका अत्यंत गरीब परिवार से थी, इनके तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। श्राद्ध कार्यक्रम में जो भी सामग्री लगेगी वह पूरा करूंगा।वहीं परिजनों ने मुखिया के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मोहन साव, राजेश रविदास, संजय रविदास, सुमा देवी,आरती देवी, पिंटू रविदास, पुतुल देवी, बीना देवी, आरती देवी, सुंदर रविदास समेत कई ग्रामीण उपस्थित होकर परिजनों को ढाढस बंधाया।

## सतगावां में खेल मैदान का काम अधूरा, खिलाड़ी परेशान

**सतगावां ।** प्रखंड मुख्यालय में खिलाड़ियों की प्रतिभा कुंद हो रही है। उनकी प्रतिभा निखारने सुविधायुक्त एक भी खेल मैदान नहीं है। खिलाडियों के लिए पूर्व में बनाए जा रहे खेल मैदान अधूरा है और रख-रखाव के अभाव में बदहाल हो गया है। खेल का आयोजन अभी अर्द्धनिर्मित ब्लॉक मैदान स्थित खेल मैदान में ही किया जाता है। हालांकि इस खेल मैदान का निर्माण साल 2009 में किया गया था। निर्माण के समय विभागीय कारणवश आधा- अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया। तब से लेकर आज तक इस अधूरा खेल मैदान पर किसी भी जनप्रतिनिधि और सरकारी महकमा का ध्यान नहीं गया है। सरकारी और गैर सरकारी कई प्रकार के खेलों का आयोजन इसी अधूरे खेल मैदान में होता आ रहा है। लेकिन अभी तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। इस संबंध में खिलाड़ी धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार, अविनाश कुमार सिंह, राज कुमार, आशीष कुमार,मोलू यादव, चंदन पांडेय, मुकेश मंडल, विकास मंडल, रतन पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, शैलेश पासवान, बंटी रावत आदि ने बताया कि इस मैदान पर पत्थर, गिट्टी पूरे मैदान पर निकले और बिखरे हुए हैं।

### समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

# सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लक्ष्य शत-प्रतिशत रहा



**हजारीबाग।** समाज कल्याण की समीक्षा बैठक जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत पायी गयी। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा में केरेडारी, चौपारण, बरही, विष्णुगढ़, बरकट्ठा की उपलब्धि 50 प्रतिशत एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में पदमा, ईचाक, डाड़ी, विष्णुगढ़ एवं बरकट्ठा की उपलब्धि 70 प्रतिशत से कम पायी गई। उन्हें अविलंब शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया गया। पोषण ट्रैकर एप्प में सभी वास्तविक लाभुकों को शत-प्रतिशत पोर्टल पर प्रविष्टि करने, लाभार्थियों का वजन, टीएचआर, वीएचएसएनडी, सीबीई गतिविधि आयोजित करते हुए पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। जिलान्तर्गत सभी उत्क्रमण 76 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक पखवाड़ा के अन्दर चयन करने एवं साथ ही दो दिनों के संबंधित केन्द्रों में चयन की तिथि निर्धारित जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### रेलवे पटरी पर मिला युवक का शव



**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के रेल पटरी पर सोमवार को एक युवक का शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुजू स्टेशन के अधिकारियों को दिया। अधिकारियों ने वहां पहुंचकर इसकी जानकारी कुजू पुलिस को दिया। कुजू पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। साथ ही शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कुजू स्टेशन से बरकाकाना जाने की ओर पोल संख्या 122/16 के पास ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी स्टेशन के अधिकारियों को दिया। कुजू पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो पायी थी।

### दीप यज्ञ से पवित्र और शुद्ध होता है मनः अंजलि

**झुमरी तिलैया ।** शहर के विद्यापुरी स्थित शांति भवन में देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से इंटर्नशिप के लिए आयी चार छात्राएं जाह्नवी पांडे, अंजलि पटेल, राधिका त्रिपाठी और सुमन कुमारी द्वारा एक विशेष दीप यज्ञ सत्र का आयोजन किया गया। छात्रा अंजलि ने कहा कि दीप जलाकर अपनी बुराइयों, ईर्ष्या और द्वेष को आहुति के रूप में त्यागा जाता है। इससे मन पवित्र और शुद्ध होता है। कार्यक्रम में बताया गया कि गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने दीप यज्ञ की सरल विधि को प्रारंभ किया। कार्यक्रम में शांति भवन की काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल ने नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधियों को किया सम्मानित



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल के अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजित किया गया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने लोकसभा क्षेत्र में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सतेंद्र नारायण सिंह, हजारीबाग जिला के सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल को रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। मौके पर रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने रामगढ़ कैंट मंडल की समस्याओं को सांसद प्रतिनिधियों के समक्ष रखा और समस्याओं के निराकरण का आग्रह किया। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में कोई भी समस्या हो उसका समाधान किया जाएगा। मौके पर कैंट मंडल के महामंत्री ऋषिकेश सिंह, मिथिलेश कुमार मंडल, मंत्री अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, सुरेंद्र शर्मा ,कुणाल दास, अंकित सिंह,विनीत यादव आदि उपस्थित थे।

### विधायक अमित कुमार यादव ने ली शपथ



**बरकट्ठा।** विधानसभा का विशेष सत्र सोमवार से प्रारम्भ हुआ। इस दौरान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने शपथ ली। उन्होंने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार जनता ने विधायक के रूप में मुझे चुना है। उनके विश्वास पर हरहाल में खरा उतरने का प्रयास करूंगा। शपथ प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने दिलाई। इस दौरान विधायक ने जनता के विश्वास और समर्थन का धन्यवाद करते हुए अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने एक स्वर में 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया, साथ ही मोदी-योगी के नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा जताई। उन्होंने कहा कि जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बचन बद्ध हूं।

### वैष्णव परंपरा में भोजन को माना जाता है प्रसादः ओमनारायणाचार्य

**झुमरी तिलैया ।** देवी मंडप में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन रविवार को गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग का आयोजन किया गया। कथा वाचक स्वामी ओम नारायणाचार्य ने भक्तों को गुरु परंपरा, वैष्णव धर्म और छप्पन भोग की महत्ता के बारे में बताया। स्वामी जी ने कहा कि वैष्णव परंपरा में भोजन को केवल भोजन नहीं, बल्कि प्रसाद माना जाता है। उन्होंने गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कानी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को सात दिनों तक उठाकर ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाया।

### एनएच सहित सर्विस रोड हुआ जाम

# एंबुलेंस व स्कूली बच्चे भी जाम में फंसे रहे



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रतिदिन की जाम से जनता सहित स्थानीय प्रशासन परेशान भी परेशान है। सोमवार को जाम के दौरान सबसे अधिक प्रभावित धनबाद रोड और हजारीबाग रोड रहा. जहां स्कूली बच्चे और एम्बुलेंस के साथ बाराती गाड़ियों को भी जाम में फंसे रहे. स्कूल छुट्टी के बाद घर जा रहे स्कूली बच्चे जाम से परेशान दिखे. एम्बुलेंस चालक किसी प्रकार जाम से निकलने का प्रयास किया. सबसे बड़ी फजीहत बाराती गाडियां को हुई. जहां बाराती स्वयं ट्रैफिक पुलिस बनकर अपनी गाड़ियों को जाम से निकालने में लगे हुए रहे. हजारीबाग रोड के सर्विस रोड भी पूरी तरह जाम हो चुका था. जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन भी तत्पर रहा. पर जाम का स्थाई समाधान नहीं होना बरही वासियों के लिए आंखों की किरकिरी बन चुकी है. इस दिशा में यथाशीघ्र ठोस पहल करने की आवश्यकता है।

### आधार और अपार के बीच दूर हुआ अभिभावकों का भ्रम

# 'अपार' फर्जी एजुकेशनल डॉक्यूमेंट पर नकेल कसेगी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को 'क्या और क्यों है अपार आईडी' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय और आसपास स्कूलों के अभिभावकों को अपार आईडी के संबंध में जागरूक किया गया। प्राचार्य विवेक प्रधान ने बताया कि अपार यानी ऑटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आधार की तरह ही 12 अंकों की एक विशिष्ट आईडी है। नई शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार भारत सरकार की 'वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी' योजना के तहत सभी स्कूलों में बच्चों की अपार आईडी बनाई जा रही है। यह आईडी हर छात्र की यूनिक पहचान के लिए है। उन्होंने कहा कि आधार और अपार आईडी को लेकर अधिकतर अभिभावकों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। लोग दोनों को एक समझ रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। दोनों अलग-अलग आईडी है। आधार किसी व्यक्ति की पहचान और पते का प्रमाण होता है। जबकि अपार आईडी में छात्र के प्री-प्राइमरी से लेकर हायर एजुकेशन तक के परीक्षा परिणाम, स्कॉलरशिप, प्रतियोगिता, एक्स्ट्रा करिकुलर, स्किल और शैक्षणिक सफर की पूरी डिटेल दर्ज रहेगी।

### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच मुखिया ने किया स्वेटर वितरण

# बच्चे देश के भविष्य, इनके पठन-पठान में कोई कमी नहीं हो : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** धनवार पंचायत के कोरियाडीह के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में ठंड को देखते हुए सोमवार को छोटे बच्चों के बीच वितरण किया गया। धनवार पंचायत के स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्वेटर का वितरण किया। इस इस अवसर पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह सरकार की बहुत ही अच्छी पहल है। आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है. बच्चे एक जैसा स्वेटर पहन कर आएंगे तो काफी अच्छे लगेंगे। साथ ही ठंड में इन्हें राहत मिलेगी। स्वेटर पाकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। सभी अभिभावकों को प्रतिदिन अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कई अन्य चीजें भी सिखाई जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में खेल-खेल में ही बच्चे कई चीज सीख जाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र पर ही दी जाती है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सेविका और सहायिका को केंद्र का संचालन सही तरीके से करने का भी दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका किरण कुमारी, अनिता कुमारी सहायिका मंजू देवी, आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चे बच्चियों सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# कंटेनर और पिकअप की टक्कर में एक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जीटी रोड स्थित पंचमाधव गडलाही मोड के समीप एक कंटेनर और पिकअप की टक्कर में पिकअप चालक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार कंटेनर पर मछली लदा था. दोनो गाड़ी कोलकाता की ओर से आ रहा था. इसी क्रम में एक ही दिशा में जा रही पिकअप का कंटेनर संख्या एचआर 38 एजी 8210 से टक्कर हो गया. जिसमे पिकअप चालक की मौत हो गई. सूचना मिलते ही बरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजते हुए दुर्घटना ग्रस्त वाहन को हटाने काम किया. मृतक चालक की पहचान मो. मनिरुल हक पिता मो. कबिरुल हक ग्राम कंदापुकुर जिला शिवदासपुर उत्तर परगना पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है.

### कृषि सूचना तकनीकी केंद्र में बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

# 118 किसानों को मिला मसूर व मक्का का बीज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड परिसर स्थित कृषि सूचना तकनीकी केंद्र परिसर में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ जयपाल महतो, जिप सदस्या प्रीति कुमारी सहित भाजपा नेता गणेश यादव व खिरोधर यादव ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम में बरही संकुल के किसानों के बीच मसूर और बरसोत संकुल को मक्का का बीज का वितरण किया गया. कार्यक्रम का संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया. बीटीएम ने बताया कि कार्यक्रम बिरसा बीज विस्तार योजना के तहत आयोजित किया गया था. बीज वितरण पहले आओ पहले पाओ योजना के आधार ब्लॉक चेन टेक अंतर्गत ओटीपी के माध्यम से किया गया. जो शत प्रतिशत अनुदानित था. बीडीओ ने किसानों को कृषि केंद्र की उपयोगिता बताते हुए अत्यधिक

> *12 दिसंबर को क्षेत्र में किसानों के बीच बीज बांटा जायेगा ,किसान अपने खेतों में बीज बो सकेंगे*

लाभ लेने की सलाह दिया. प्रमुख श्री रजक ने किसानो को निर्देशित नियमो के आधार कर बीजारोपण कर अत्यधिक लाभ लेने की सलाह दिया. बीटीएम ने बताया कि सोमवार को बरही पूर्वी, रसोईया धमना, बेंदगी, बसरिया व कोनरा पंचायत के किसानों के लिए मसूर तथा बरसोत, दुलमहा, करियातपुर, धनवार व रानीचुआ पंचायत के लिए मक्का के बीज वितरित किए गए. जो मंगलवार को भी वितरित होगा. सोमवार को कुल 118 किसानो के बीच मसूर और मक्का के बीज वितरित किए गए है. 11 और 12 दिसंबर को केदारुत, गौरिया करमा, करसो, बरही पश्चिमी पंचायत के किसानों को चना तथा बिजैया, भंडारों, कोल्हुआकला, डपोक आदि पंचायत के किसानो के लिए सरसो के बीज वितरित किए जाने है.

### दामोदर नदी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक

# शहर में तरह-तरह की बीमारियों से लोग हैं ग्रस्त




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दामोदर नदी बचाओ संघर्ष समिति की बैठक दामोदर नदी छठ घाट में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक राजेश ठाकुर ने किया। राजेश ठाकुर ने कहा कि दामोदर नदी का जल दिन प्रतिदिन दूषित होते जा रहा है। दामोदर नदी की भूमि का भी अतिक्रमण किया जा रहा है। दामोदर नदी में शहर के सभी नालियों का गंदा पानी जमा हो रहा है । इससे पानी जहरीला हो चुका है । इसको देखते हुए आज रामगढ़ शहर के युवाओं ने दामोदर बचाओ रामगढ़ बचाओ का नारा देते हुए रामगढ़ शहर में एक मूहिम चलाया जाएगा। बताया कि रामगढ़ शहर में दिन प्रतिदिन शहर को गंदगी एवं प्रदूषित किया जा रहा है । रामगढ़ शहर वासियों को प्रदूषण वाला हवा मिल रहा है। शहर में तरह-तरह की बीमारियों से लोग ग्रस्त हैं। संयोजक राजेश ठाकुर ने एक कोर कमेटी बनाया। इस कमेटी में तुलेश्वर पासवान, शशि शेखर सिंह, अरविंद कुमार, प्रमोद चौधरी, पवन महतो, सुमित अग्रवाल, नीतीश राम, आनंद कुशवाहा, तरुण शाह, रुपेश सोनी, सौरव कुमार, बंटी पासवान, अंकित कुमार, गौरव सोनी, अमर सोनी, संजय अग्रवाल, राजेश मुंडा, उमेश कुमार , रूपेश कुमार शामिल है।

### मंईयां सम्मान योजना के लिए शीघ्र लगाए जायेंगे पंचायतों में शिविर

# लाभ से वंचित होंगे अयोग्य लाभुक जांच की प्रक्रिया जारी : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर नए लाभुक के लिए पंचायत वार शिविर का आयोजन शीघ्र किया जायेगा। साथ ही पूर्व में पंजीकृत आवेदकों से अयोग्य लाभुक को इस योजना से वंचित भी किया जायेगा। उक्त बाते बीडीओ जयपाल महतो ने विशेष भेंट में कही। उन्होंने बताया कि कई ऐसे लाभुक है जिनका बैंक खाता नंबर या आईएफएससी कोड अथवा गलत डाटा इंट्री हुआ है। उनका पैसा डीबीटी से उनके खाता में नहीं जा रहा है। इसके लिए लाभुक आवेदन का अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सुधार के लिए प्रखंड कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर 18 से 50 वर्ष के वैसे सभी महिला या लड़की जो झारखंड के रहने वाले है, इस योजना के पात्र होंगे। इसके लिए लाभुक को राज्य सरकार के किसी भी सरकारी योजना से आच्छादित नही होना चाहिए। सरकार के किसी भी योजना के तहत नकद राशि का लाभ नही मिलना चाहिए। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, जलसहिया, सहायक अध्यापिका या सोशल सिक्योरिटी पेंशनधारी आदि इस योजना के पात्र नही है। इसके साथ ही वैसे लाभुक जिनका वृहत स्तर पर व्यवसाय है या आयकर दाता है। इस योजना के लिए अयोग्य माने जायेंगे। विधायक या सांसद के पारिवारिक सदस्यों को भी यह लाभ नहीं दिया जायेगा। बीडीओ ने यह भी बताया कि प्रखंड स्तर से जांच की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। नए आवेदिकाओ के लिए अगले सप्ताह से पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाने की तैयारी की जा रही है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए सड़कों पर लगायें स्पीड ब्रेकर : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अक्टूबर एवं नवंबर माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिले में प्रति माह बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की आंकड़ों को देख, समिति की सभी सदस्यों से जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु विचार- विमर्श किया तथा आवश्यक कार्य योजना बनाने की बात कही। उन्होंने सड़क दुर्घटना में कमी लाने को लेकर सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने, सड़क किनारे सूखे पेड़ की कटाई कराने, सड़क किनारे की झाड़ियां की कटाई करने, रिफ्लेक्ट लाइट लगाने, सड़क से सटे विद्युत पोल को हटाने सहित अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये।कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय उच्च पथ को एनएच 143 पर सड़क सुरक्षा से संबंधित दिशा सूचक, स्पीड ब्रेकर लगाने सहित आवश्यक निर्देश दिये। सड़क सुरक्षा को लेकर कम उम्र के बच्चों द्वारा विद्यालय में बाइक लेकर आने पर उसकी जांच कर बाइक जब्त करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्यालय प्रधान को पत्र भेजते हुए कर्मियों द्वारा बिना हेलमेट के ऑफिस आने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की बात कहीं।उपायुक्त ने क्रिसमस त्योहार के मद्देनजर जिले के शहरी क्षेत्र सहित प्रखंड के चौक चौराहों एवं सभी थाना में 15 दिसंबर 2024 से 25 दिसंबर 2024 तक विशेष रूप से हेलमेट का संघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने हिट एंड रन से संबंधित लंबित मामलों को समीक्षा किया, उन्होंने लंबित सभी मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों को मिलने वाली मुआवजा राशि को समय पर मुहैया कराने की बात कहीं। पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा को लेकर शहरी क्षेत्र के सभी चौक चौराहों में पुलिस कर्मी/ ट्रैफिक पुलिस की डिपुट करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रति माह सभी थानों को सड़क दुर्घटना में दर्ज चार्जशीट से संबंधित रिपोर्ट समय से भेजने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला, प्रशासक पदाधिकारी नगर परिषद् समीर बोदरा, सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण व परिवहन कार्यालय के कर्मी गण उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री से मिले विधायक भूषण बाड़ा

## जिले के विकास में अधिक ध्यान देने का किया आग्रह

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विधायक पद की शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। मौके पर विधायक ने हेमंत सोरेन को बुके देकर अबुआ सरकार बनने की बधाई दी। विधायक ने कहा कि एक बार राज्य में अबुआ सरकार बनने से राज्यवासियों में विकास को लेकर नई उम्मीद जागी है। अब लोगों को भरोसा है कि बहुत जल्द सपनो का झारखंड हकीकत में बदलता दिखेगा। जहां की माटी, पानी, हवा जंगल सब अपना होगा। हर हाथ को काम और हर हुनमंद को स्वरोजगार मिलेगा। क्षेत्र में समस्या शून्य होगी। मजदूर, किसान, ब्यापारी, महिला, युवा, बुजुर्ग सभी को उनका हक और अधिकार मिलेगा। पढ़े लिखे युवाओं को घर बैठे नौकरी मिलेगा। खेल खिलाड़ियों को सम्मान मिलेगा और पूरा झारखंड तरक्की और खुशहाली का गीत गायेगा। भूषण बाड़ा ने कहा है कि हेमंत सरकार के गठन के बाद सिमडेगा वासियों को भी काफी उम्मीद जागी है। सिमडेगावासी जिले को पर्यटक स्थल का दर्जा मिलने की आस लगाए बैठे हैं। किसान हर खेत मे पानी पंहुचने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री से क्षेत्र की समस्याओं को दोहराते हुए आग्रह किया कि इस बार सिमडेगा जिले को सरकार द्वारा अधिक ध्यान दिया जाए। विधायक ने उम्मीद जताई कि हेमंत सरकार राज्य के चीक बड़ाईक, लोहरा, डोमरा, भुइयां, तुरी, घांसी समाज के खतियान में दर्ज त्रुटि को शिविर लगाकर सुधार कर समाज के जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रहे परेशानी को दूर होगी। जिले में ओबीसी का अक्षण बढ़ेगा। राज्य के आदिवासी समाज का एवं ईसाई समाज का चहुमुंखी विकास होगा। विधायक ने पालकोट प्रखंड के विकास की गति बढ़ने की भी उम्मीद जताई।

## न्यूज बॉक्स

### संविधान की पुस्तक के साथ भूषण बाड़ा ने ली विधायक पद की शपथ



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा से निर्वाचित विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली। साथ ही संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखने का संकल्प दोहराया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने हाथ में संविधान की पुस्तक लेकर हिंदी में शपथ लिया। भूषण बाड़ा ने संविधान की पुस्तक लेकर शपथ लिया जाना सोमवार को विधानसभा में चर्चा का विषय बना रहा। शपथ लेने के बाद विधायक ने कहा कि हमारा संविधान काफी पवित्र है। सांसद राहुल गांधी संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। काफी लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। हमें भी इसकी पवित्रता को बनाये रखनी है। संविधान को बचाने के लिए हम सभी झारखंड वासियों को राहुल गांधी का साथ देने की जरूरत है। तभी हमारा संविधान सुरक्षित रहे।

### बोलबा में संविधान बचाओ अभियान की हुई शुरूआत



बोलबा। प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ अभियान की शुरूआत किया गया। जिसमें ऊपर चौक से लेकर के नीचे चौक, प्रखंड कार्यालय रोड तक कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। इसके बाद प्रखंड चौक के पास जुलूस समाप्त हुआ एवं एक सभा आयोजित की गई। साथ ही अंत में अंचलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में बोलबा प्रखंड प्रभारी सह जिला सचिव विपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष प्रेमदास, प्रखंड उपाध्यक्ष ज्वलंत बेक, विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, अमृत मिंज,जॉर्ज मिंज, अमित एक्का, पॉलीकार्प तिर्की ,जेम्स, ममता केरकेट्टा,अमित, दिलीप, प्रमोद तिर्की, शोभा तिर्की , जैनुल अंसारी, प्रिंस कुमार,अभिराम टोपनो ,रोशन बरला आदि मौजूद थे।

### भाजपा नेता की पहल पर आदिम जनजाति परिवारों को मिला अनाज



**सिमडेगा।** प्रखंड के बंगरू पंचायत के पहाड़ टोली बिरहोर कॉलोनी में आदिम जनजाति परिवारों को अनाज नहीं मिलने की सूचना पर कल भाजपा नेता सह पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा पहुंचे थे। जहां से उन्होंने मोबाइल के माध्यम से उपयुक्त सिमडेगा से बात कर आदिम जनजाति परिवारों की समस्याओं से अवगत कराया था। सूचना के आलोक में उपायुक्त ने इस समस्या का जल्द निराकरण करने की बात कही थी। सोमवार को जनजाति परिवारों के लाभुकों को प्रशासन द्वारा एक महीने का राशन प्रदान किया गया। शेष 4 माह का राशन इसी महीने प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। इस नेक कार्य के लिए आदिम जनजाति परिवारों ने भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा एवं उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद कहा है।

### आवास योजना को लेकर वीडीओ ने की बैठक



**बानो।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय में अबुवा आवास, पीएम आवास, अंबेडकर आवास की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नइमुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में सभी पंचायत में अबुआ, पीएम आवास और अंबेडकर आवास का समीक्षा किया गया । वहीं सभी लंबित आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। नए अबुआ आवास के लिए स्थल वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया गया। जिन आवास का ढलाई लेवल कंप्लीट हो गया है जल्द ढलाई करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आवास निर्माण कार्य में किसी प्रकार की परेशानी होने पर लाभुकों के किसी समस्या का हल करने का निर्देश भी दिया है। इस अवसर पर पीएम आवास योजना का आशुतोष कुमार, आकाश महतो, राहुल कुमार, अरविंद कुमार, जीत वाहन माझी आदि लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेसीयों ने मरीजों के बीच किया फल का वितरण



**रांची।** कुरडेग। प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र कुरडेग में कांग्रेस पाटी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्म दिन पर उत्कृष्ट सेवा सेवा दिवस के रूप में मनाया। युवा कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर सेलिन जया एक्का के नेतृत्व में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। साथ ही मरीजो से स्वास्थ संबंधी जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर सेलिन ने कहा कि भारतीय राजनीति में सुचिता और त्याग की प्रतीक सोनिया गांधी ने देश में राजनीतिक जीवन को आदर्श प्रदान किया है। भारतीय राजनीति में शायद ही त्याग की ऐसी प्रतिमूर्ति मिले। सोनिया गांधी से सभी कांग्रेस जन को प्रेरणा मिलती है।

### ट्रैक्टर व स्कूटी में सीधी टक्कर से एक की मौत

**रांची।** ठेठईटांगर। प्रखंड के रेंगारिह थाना क्षेत्र के टोंगरीटोली स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। घटना में स्कूटी चालक रजत बरला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर रेंगारिह पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। बताया गया कि गिंडरा निवासी मृतक युवक रजत बरला रेंगारिह से घर जा रहा था। इसी क्रम में रेंगारिह पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर ने उसे अपने चपेट में ले लिया।

### लक्ष्मी पूजन सम्मान समारोह का आयोजन 11 को

**सिमडेगा।** समाजसेवी भरत प्रसाद के द्वारा 11 दिसम्बर को लक्ष्मी पूजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। सम्मान समारोह कृषि बाजार समिति परिसर के गोदाम नंबर दो में दोपहर दो बजे से होगा। सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में डीसी अजय कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में एसपी सौरभ कुमार उपस्थित रहेगें। भरत प्रसाद ने बताया कि मौके पर छोटे व्यवसायियों एवं किसानों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने महिला समूह के फल दुकान से खरीदारी कर 100 कूपन जमा किया है वैसे लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## खाद्य आपूर्ति विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान, वसूला जुर्माना



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामदेव पासवान ने खाद्य प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में खाद्य कारोबारियों के द्वारा बिना फूड लाइसेंस कारोबार करने पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत् विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अभिहित अधिकारी-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सिमडेगा जिला के अधिकांश खाद्य कारोबारकर्ता बिना फूड लाइसेंस के कारोबार करते देखे जा रहे है। जिससे सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है। ऐसी स्थिति में सिमडेगा जिला के सभी खाद्य कारोबारकर्ता को सात दिनों का समय देते हुए अनुरोध किया गया कि सात दिनों के अन्दर जिन खाद्य कारोबारकर्ता के द्वारा नही बनाया गया है वे अविलम्ब बनवा ले अन्यथा बाध्य् होकर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत् कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के क्रम में स्कूल परिसर के 100 मीटर के अन्तर्गत तम्बाकू उत्पाद बिक्री किये जाने वाले खाद्य कारोबारकर्ता से कोटपा एक्ट 2003 के तहत् आठ सौ रुपए अर्थदंड वसूला गया।

### मुंशी ने दी गाली तो मजदूरों ने कर दी पिटाई

**बानो।** हटिया- बंडामुंडा रेलवे दोहरीकरण कार्य में लगे मजदूरों ने शनिवार रात को अपने ही मुंशी की पिटाई कर दी। घटना कोनारोवां से बड़बेड़ा स्टेशन के बीच कारीमाटी पांगुर के पास की है। लिंगा रेड्डी नामक कंपनी के अधीन कई मजदूर अस्थाई शेड बनाकर रेलवे दोहरीकरण कार्य में लगे हुए है। काम करने वाले मजदूरों ने बताया कि शनिवार रात किसी बात को लेकर मुंशी और मजदूरों के साथ बहस हुई। इस बीच मजदूरों ने अपने मुंशी की जमकर पिटाई कर दी। जिसके बाद मुंशी ने घटना की जानकारी जलडेगा थाना को दी। सूचना मिलते ही जलडेगा पुलिस घटस्थल पहुंची और मुंशी को इलाज के लिए लचड़ागढ़ लेकर गई। मुंशी का नाम संजय बताया जा रहा है जो उत्तर प्रदेश निवासी है। रेलवे साइट में काम कर रहे कुछ मजदूरों ने बताया कि मुंशी ज्यादातर समय नशे में रहता है और मजदूरों के साथ दुव्यर्वहार करते हुए गाली गलौज भी करता था।

## ग्राम सभा को सीएफआर एमपी प्लान के लिए मिलेंगे 15 लाख रु.

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला ग्राम सभा मंच के बैनर तले एक दिवसीय कार्यशाला विकास केन्द्र सामटोली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखण्ड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन के कुंदन कुमार गुप्ता, सूर्यमणि भगत, एलेक्स टोप्पो एवम विजय भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रभारी समर्पण सुरीन एवम समाजिक सलाहकार अनूप लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया।इस अवसर पर कुंदन कुमार गुप्ता ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियंत का लाभ सीधे ग्राम सभा को मिलेगी। प्रत्येक ग्राम सभा को सीएफआर एमपी प्लान के लिए 15लाख रुपए मिलेगी। इस लाभ को लेने के सामुदायिक दावा प्रपत्र पूर्ण हो, सामुदायिक वन पालन समिति, ग्राम सभा की नियमावली, ग्राम सभा स्तर से लघु योजना,जैव विविधता सूची, प्रबंधन नक्शा, ग्राम सभा बैठक की रजिस्टर, ग्राम सभा का बैंक पासबुक,अध्यक्ष सचिव का मोहर आदि जरुरत पड़ेगी। मौके पर सूर्यमणि भगत ने ग्राम सभा की उपलब्धि के साथ वनाधिकार कानून 2006 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ये कानून जरुरत के हिसाब से हमें पूरा पूरी अधिकार देती है जिससे हमें जानने की जरुरत है। इस अवसर पर अलेक्स टोप्पो ने कहा कि अब हमें हमारे पौराणिक खेती बारी को बचाने के लिए पहल करनी होगी,आए दिन जिस बीमारी का नाम तक नहीं सुने थे ऐसी ऐसी बीमारियां हमारे खान पान से हो रही है। हमें रसायनिक खाद बीज को धीरे धीरे छोड़ते हुए जैविक खाद बीज बोने की जरुरत है। इस कार्यक्रम में सुबरदानी लुगुन, अपलूस एक्का, अमृत डांग, प्रिशीला डुंगडुंग, जुनास टोपनो, सिपरियन समद,शिशिर कुनुल जोजो, रायन समद, हर्ष कुमार समद, राजेंद्र पेठई, रमेश मांझी, राफेल कुल्लू, सुशांत कुल्लू, जॉनसन कुल्लू, विक्टोर बाड़ा, जोलेन बागे, धीरज मांझी, अनिमा सोरेंग, मार्ग्रेट बा, फुलकेरिय कुल्लू, पीतांबर प्रधान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सोमवार को संत जोसेफ हॉस्पिटल उर्मी में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। इसके बाद महिला मेंटल हॉस्टल शांति सदन उर्मी हॉस्टल की मानसिक मानक बौद्धिक बच्चियों द्वारा सोनिया गांधी का ढोल बाजा के साथ जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि न्याय की प्रतीक सोनिया गांधी का जन्म 9 दिसंबर 1946 ई. में हुआ था और उन्हें पद्म भूषण अवार्ड 2008 से सम्मानित किया गया। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि सोनिया गांधी का कार्य कुशलता को देखते हुए 1998 में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था और 2004 से 2014 तक संयुक्त गतिशील यूपीए की अध्यक्ष बनी रहीं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता लोकसभा सांसद 2004 से 2019 तक बखूबी बनी रहीं। मौके पर जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद, सेवादल अध्यक्ष कलाम आलम, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम, सेवादल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति कुजूर, क्रिस्टीना मीरा, हमीर, इकराम उल हक टोप्पो, ललिता देवी, इब्राहिम रब्बानी, रहमान अंसारी, अमर कुजूर, बैजनाथ भगत, समीर अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, दो घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड पर संत जेवियर्स कॉलेज के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक राजडंडा की ओर तेज गति से जा रहे थे। तभी संतुलन बिगड़ने से उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में विवेक भगत (पिता- मनोज भगत, ग्राम टांगीनाथ, डुमरी) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, अनिकेत उरांव और कुणाल बड़ाईक (डीपाटोली) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को महुआडांड़ अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर रवि भगत ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय तीनों युवक नशे की हालत में थे और किसी ने हेलमेट नहीं पहना था। घटना स्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक, बाइक हवा में लहरा कर खेत में गिर गई। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी पुलिस प्रशासन द्वारा दे दी गई है। इस घटना ने सड़क सुरक्षा की गंभीरता को फिर से उजागर किया है।

## जर्जर सड़क पर खाई में जाने से बची स्कूली बस

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला के रुकी घाटी में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब हिंडालको कंपनी द्वारा खनन क्षेत्र से स्कूल जाने वाली बस सड़क से उतर गई। घटना उस समय हुई जब बीमरला से घाघरा विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई करने जा रहे स्कूली बच्चे बस में सवार थे। बस के नीचे उतरने की वजह जर्जर सड़क रही, जिसे चालक ने अपनी सूझबूझ से बस पर नियंत्रण पा लिया और उसे खाई में गिरने से बचा लिया। गनीमत रही कि बस का पिछला हिस्सा एक पेड़ के सहारे रुक गया, जिससे बच्चों को कोई चोट नहीं आई। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सड़क निर्माण को लेकर वे विधायक, मंत्री, सांसद सहित सभी को आवेदन दे चुके हैं। हाल ही में उपयुक्त अधिकारी द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया था कि जल्द ही इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। आज के इस हादसे से बचने से साफ हो गया है कि इस क्षेत्र में सड़क सुधार की जरूरत कितनी जरूरी है। वहीं, बस को निकालने का प्रयास स्थानीय ट्रक ड्राइवर और ग्रामीण कर रहे हैं। राहत की बात यह रही कि सभी बच्चे सुरक्षित हैं और कोई बड़ा हादसा टल गया।

## खरवार भोगता समाज महिला कमेटी गठित, सुनीता अध्यक्ष व संगीता बनी सचिव

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक रविवार की शाम पालकोट रोड स्थित संगठन के कार्यालय में हुई। बैठक में संगठन को विस्तार देने और उसकी मजबूती पर बल देते हुए सर्वसम्मति से खरवार भोगता समाज विकास संघ की महिला इकाई का गठन किया गया। इसमें सुनीता कुमारी को अध्यक्ष, संगीता देवी को सचिव, जसमती देवी को उपाध्यक्ष, और फूलवती देवी को उप सचिव चुना गया। ग्रामीण क्षेत्र से समाज के दो-दो महिला सदस्यों को कार्यसमिति में शामिल किया गया, जिनमें प्रिया कुमारी, जसिंता कुमारी और उर्मिला देवी शामिल हैं। बैठक में मुख्य अतिथि खरवार भोगता समाज विकास संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने समाज को राजनीतिक ताकत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि एकजुटता से ही समाज अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकता है। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुनीता कुमारी ने कहा कि समाज द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए वह सभी के सहयोग से काम करेंगी।

## हिंदू विरोधी घटनाओं को लेकर 11 को सिमडेगा बंद




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वावधान में सिमडेगा नगर स्थित धर्मशाला ( आनन्द भवन) में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर कार्यक्रम संयोजक पवन जैन ने किया। बैठक में हिन्दू विरोधी घटनाओं सहित पडोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दू सहित अन्य समुदाय पर हो रहे अत्याचार एवं बांग्लादेशी सरकार कि दमन कारी नीति पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से दमनकारी नीति के विरोध में बुधवार एक दिवसीय सिमडेगा जिला बंद का निर्णय लिया गया। इस विषय पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने बताया कि बांग्लादेश के दमनकारी नीति के खिलाफ जिस तरह पूरे देश में आक्रोश है एवं लोग सड़कों पर उतर आये हैं। वह आग आज हमारे जिले के लोगों के अंदर भी फैल चुकी है। आगामी 11 दिसंबर को सिमडेगा बंद रहेगा। जिले के सभी दुकान प्रतिष्ठान, ठेला खोमचा सहित बंद रहेगा। उस दिन जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंड मुख्यालय में सनातन जन आक्रोश यात्रा निकाली जाएगी एवं जिले में उपायुक्त ो और प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा।

### रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ तामड़ा जतरा महोत्सव

## संस्कृति बचाने के लिए इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए : कैथवार

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में दो दिवसीय अखंड पंचमी के मौके पर आयोजित जतरा रविवार रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह , मुख्य संरक्षक सखी यादव के द्वारा विधिवत कार्यक्रम का रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। स्वागत भाषण अध्यक्ष कुबेर कैथवार के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारी विरासत और हमारी संस्कृति का बचाव में एक महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के दो दिवसीय आयोजन करने के लिए आयोजन समिति को मैं धन्यवाद देता हूं। कहा कि ऐसे आयोजन करने से हमारे युवा पीढ़ी के अंदर अपनी विरासत और संस्कृति को बचाने में एक अनूठी मिसाल पेश की है। इसी प्रकार आयोजन होता रहे जिससे कि समाज में गीत-संगीत और परंपरा का लगातार युवाओं के अंदर जोश और समाज में धर्म के प्रति लोग जागरूक रहें। उन्होंने युवाओं को नशा पान, समाज में फैली कुरीतियों अन्य चीजों से दूर रहते हुए समाज के निर्माण करने के लिए अपील किया। कार्यक्रम में झारखंड के मशहूर कलाकारों जिसमे रुपेश बड़ाईक ने वंदना के साथ शुरूआत की जिसके बाद कुमार प्रीतम, बरखा बड़ाईक, चंदन दास,आशीष भारती, शखि यादव,सत्या महतो के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया । मौके पर डांसर काजल एवं रिमा ठाकुर के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी और भोजपुरी गीतों पर नृत्य कर वाहवाही लूटी।वही विधि व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति दलबल के साथ मौजूद रहे।इस दौरान हजारों की संख्या में लोगो का जनसैलाब उमड़ा एवं आयोजित कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के मुख्य सरंक्षक -शखी ग्वाला,हीरा राम लाल महतो, अध्यक्ष कुबेर कैथवार उपाध्यक्ष संतोष साहू, राहुल मिश्रा विकास साहू, सचिव राहुल कैथवार, सुभाष कैथवार, कोषाध्यक्ष अरविंद कैथवार, छोटा साहू, ब्रजनाथ कैथवार, किशोर माझी संरक्षक मनोज सिंह,अनूप केशरी, मनोज केशरी, शत्रुघन श्रीवास्तव, फूलचंद ठाकुर, जितेंद्र पुरी, मुकेश मिश्रा, अशोक गुप्ता, पूणा सिंह, अशोक केशरी, विजय केशरी, अमृत सहित अन्य सभी पदाधिकारी व मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा शामिल है।

इस तरह प्रार्थना करना सर्वोत्तम है : प्रभु! आपकी चेतना में मैं सदा प्रसन्न रहूं। मुझे सभी सांसारिक इच्छाओं से मुक्त करें, और सर्वोपरि, मुझे आपका वह परमानंद प्रदान करें, जो जीवन के अच्छे और बुरे सभी अनुभवों के परे जाता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'मानव की निरंतर खोज'



संपादकीय

## क्या संभव है चुनावी वादों को कानून के दायरे में लाना

चुनाव घोषणा पत्रों में किए वायदों को पूरा न कर पाने को लेकर सत्ता में आने वाला हर राजनीतिक दल मतदाताओं और विपक्षी दलों के निशाने पर रहा है। मतदाताओं की बढ़ती जागरूकता के चलते इन आलोचनाओं से बचने के लिए राजनीतिक दलों ने अब चुनाव घोषणा पत्र जारी करना बंद कर दिया है। 2012 के उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने राज्य के लिए विजन डाक्युमेंट जारी किया। इसके बाद सभी दलों ने चुनाव घोषणा पत्र के शीर्षक को तकरीबन त्याग दिया। अब भारतीय जनता पार्टी हर चुनाव के पहले संकल्प पत्र जारी करती है तो कांग्रेस अब गारंटियां देने लगी हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पांच गारंटी देने का वादा किया। जो उसके लिए बहुत हिट रहा। अब पार्टियां गारंटी देती हैं, दृष्टि पत्र प्रस्तुत करती हैं और संकल्प पत्र प्रस्तुत करती हैं। गारंटी और संकल्प जैसे शब्द एक तरह से गवाह हैं कि राजनीतिक दलों के वायदों को लेकर मतदाताओं का एक बड़ा अब आलोचनात्मक रूख ही नहीं रखता है, बल्कि उन पर भरोसा भी नहीं करता। घोषणा पत्र भले ही अब गारंटी या दृष्टि या संकल्प पत्र में बदलाव हो गए हों, लेकिन अब भी उनकी साख नहीं बन पाई है। इसकी वजह यह है कि कई बार राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के चक्कर में ऐसे भी वायदे कर डालते हैं, जिन्हें पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं होता। राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वायदों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था का चरमरा सकती है। फिर वे वायदे करते हैं या कह सकते हैं कि सत्ता के लक्ष्य को लेकर चलने वाली मौजूदा राजनीति की यह मजबूरी भी है। चुनाव घोषणा पत्रों और आज के दृष्टि और संकल्प पत्रों में किए वायदों और उन्हें लागू किए जाने को लेकर ठोस शोध जरूरी है। लेकिन मोटे तौर पर इनमें दर्ज ज्यादातर वायदे पूरे हो ही नहीं पाते। इसलिए मतदाताओं के एक वर्ग अलग ढंग से सोचने लगा है। मतदाताओं के एक वर्ग का मानना है कि चाहे जिस भी फ्रेम में चुनाव घोषणा पत्र जारी हों, उन्हें उपभोक्ता कानून के दायरे में लाना चाहिए। जिस तरह किसी प्रोडक्ट का निर्माता अपने प्रोडक्ट को लेकर गारंटी या वारंटी देता है, और जब वे पूरे नहीं होते तो उसके प्रोडक्ट खरीदने वाले उत्पादक के खिलाफ उचित फोरम में जाकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, उसी तरह चुनावी घोषणा पत्रों को लेकर भी कानून होने चाहिए। इस वर्ग का मानना है कि एक फोरम ऐसा भी होना चाहिए, जिसे कानूनी ताकत हासिल हो और जो चुनावी वायदाखिलाफी की सुनवाई कर सके। चुनाव घोषणा पत्रों की स्थिति संविधान के नीति निर्देशक तत्वों की तरह ही है। नीति निर्देशक तत्व राज्य से लोक हित के तमाम कदम उठाने को लेकर उम्मीद तो करता है, लेकिन राज्य के लिए ऐसा करना अनिवार्य नहीं बनाता। नीति निर्देशक तत्वों के तहत राज्य या सरकार कदम नहीं उठाती तो किसी को भी किसी भी अदालत में इसकी शिकायत की ना तो अनुमति है और ना ही कोई अदालत ऐसी सुनवाई कर भी सकती है। चुनाव घोषणा पत्रों की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। हालांकि इसे कानूनी दायरे में लाना आसान नहीं है क्योंकि इस मामले में सभी पार्टियों को फंसने का डर है।

> **राजनीतिक दल भी जानते हैं कि संकल्प, दृष्टि या गारंटी पत्र में दिए वादों को शत-प्रतिशत पूरा करना संभव नहीं है और अगर वे करते भी हैं तो सरकारी अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।**

# सुरक्षित पटरियां और स्मार्ट ट्रेनें भविष्य में और भी सुरक्षित यात्राएं



अनिल कुमार खंडेलवाल
(आईआरएसई-1987) सेवानिवृत्त पदेन सचिव, भारत सरकार।

बीते दशक में की गई सुविचारित पहलों के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आने की बदौलत रेलगाड़ियों पर अब भारतीय पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। यह बात विशेष रूप से सराहनीय इसलिए भी है, क्योंकि कोई भी अन्य देश प्रतिवर्ष 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) और लगभग 685 करोड़ रिकॉर्ड यात्रियों का रेल के माध्यम से आवागमन कराने वाले भारत से ज्यादा लोगों का रेल के जरिए आवागमन नहीं कराता है। यह उपलब्धि बेमिसाल है, यहां तक कि पड़ोसी देश चीन भी अपने विशाल रेल नेटवर्क और तुलनात्मक जनसंख्या आकार के बावजूद मुश्किल से आधे यात्रियों (सालाना लगभग 300 करोड़) का ही आवागमन कराता है। सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार गंभीर घटनाओं की पहचान के प्रमुख संकेतक-महत्वपूर्ण रेल दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट से जाहिर है, जिनकी संख्या वर्ष 2000-01 में 473 से घटकर वर्ष 2023-24 में केवल 40 रह गई । यह सुधार पटरियों को बेहतर बनाने, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी करने और स्टेशनों को डिजिटल बनाने आदि की दिशा में किए गए केंद्रित प्रयासों के माध्यम से संभव हुआ है। यात्रियों की संख्या और पटरियों 8 की लंबाई पर गौर करने पर ये उपलब्धियां और भी प्रभावशाली हो जाती हैं। किसी भी औसत दिन, 2 करोड़ से ज्यादा लोग 70,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। पीक सीजन में यह संख्या प्रतिदिन 3 करोड़ तक पहुंच जाती है, जो एक अन्य विश्व रिकॉर्ड है! असल में इसका आशय यह है कि भारत प्रतिदिन अपनी लगभग 2 प्रतिशत आबादी का सुरक्षित तरीके से रेलवे के माध्यम से आवागमन कराता है, जबकि इसकी तुलना में चीन केवल 0.58 प्रतिशत और अमेरिका 0.09 प्रतिशत लोगों का ट्रेन के जरिए आवागमन कराता है। लगभग त्रुटिहीन सुरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद, रेल दुर्घटनाएं दुनिया भर में एक गंभीर वास्तविकता हैं। यद्यपि किसी भी रेल प्रणाली के लिए आदर्श स्थिति शुरूआत से ही एक भी दुर्घटना घटित नहीं होने देना है, लेकिन कोई भी प्रमुख नेटवर्क इस स्थिति को हासिल नहीं कर पाया है। भारतीय रेल (आईआर) नेटवर्क के मात्र एक चौथाई हिस्से जितने ऑस्ट्रेलियाई रेलवे में



वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 52 घटनाएं दर्ज की गईं। इसी तरह, भारतीय रेल से लगभग दोगुना आकार के 2,60,000 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) वाले अमेरीकी रेल नेटवर्क में उसी वर्ष रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 1,300 घटनाएं दर्ज की गईं। 2,00,000 टीकेएम वाले यूरोपीय संघ नेटवर्क (भारतीय रेल का 1.5 गुना) में 2022 में 1568 दुर्घटनाएं घटित हुईं। अपने समकक्षों के समान, भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गईं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं। ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद संभव हुआ है। लेकिन पिछले कई दशकों में फैली गड़बड़ियों की गंदगी को अच्छे प्रशासन के एक या दो कार्यकालों में धोया नहीं जा सकता। यद्यपि आईआर मिश्रित यातायात मॉडल का उपयोग करता है, विदेशों में कई रेलवे माल और सवारी रेलगाड़ियों के लिए अलग-अलग ट्रैक का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि भारत में प्रत्येक दुर्घटना के लिए रेलवे यात्री सुरक्षा के गंभीर रूप से खतरे में पड़ने की संभावना बहुत अधिक है। दुर्घटनाओं के मूल कारण को तुरंत दूर करना और रेलगाड़ी के पटरी से उतरने से मुक्त रेलवे नेटवर्क प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मानवीय इंटरफेस को कम करने और प्रणालीगत विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की आवश्यकता होगी। यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए वर्ष 2023-24 के दौरान सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया गया है और चालू वित्त वर्ष में और भी ज्यादा खर्च करने की योजना है। इसका आशय ट्रेनों, पुलों, पटरियों और सिग्नलिंग सिस्टम के बेहतर रखरखाव के साथ-साथ ओवर-और अंडर-ब्रिज के निर्माण के जरिए पटरियों के पास बेहतर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था है। रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन के एक सूचकांक-प्रति मिलियन ट्रेन किलोमीटर दुर्घटना (एपीएमटीके) की संख्या वर्ष 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 हो गई है। यह आधुनिक, अत्याधुनिक ट्रैक रखरखाव और नवीनीकरण मशीनों का उपयोग करके बेहतर ट्रैक रखरखाव किए जाने का सराहनीय परिणाम है। इसके अलावा पटरी की त्रुटि का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड संबंधी खराबियों पर अंकुश और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए उन्नत तकनीक सहित कई अतिरिक्त उपाय भी किए गए हैं। इन परिणामों को बनाए रखने और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और लक्षित प्रशिक्षण का मिश्रण अपनाया गया है। पटरियों के रखरखाव के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती 2013-14 के दौरान 700 से बढ़कर इस साल 1,667 कर दी गई है, जिससे पटरियों के रखरखाव में सुधार हुआ है। संपत्ति की विश्वसनीयता को और बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग भी लागू की गई है। रेल परिचालन के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न करने वाली शरारती गतिविधियों को रोकने और तोड़फोड़, पटरियों से छेड़छाड़, तथा पटरियों पर असंबद्ध वस्तुएं रखने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अब पटरियों पर निरंतर गश्त की जाती है। सुरक्षा पहल का एक मुख्य आधार लोको पायलटों को खराब दृश्यता वाले कोहरे से घिरे क्षेत्रों में नेविगेट करने में सहायता देने के लिए जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की संख्या बढ़ाना है। वर्ष 2014-15 में केवल 90 जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की तुलना में अब इनकी संख्या 21,742 हो चुकी है। पायलट की सतर्कता बढ़ाने वाले सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) सभी इंजनों में लगाए गए हैं। वर्ष 2013-14 में इनकी संख्या 10,000 से भी कम थी, जो आज बढ़कर 16,021 हो गई है। ब्रॉड-गेज मार्गों पर 6,637 स्टेशनों में से 99 प्रतिशत से अधिक पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणालियां प्रदान की गई हैं। इसके अलावा, ड्राइविंग कौशल और रिएक्शन टाइम को संवर्धित करने के लिए लोको-पायलट अब सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण (सिमुलेटिंग फील्ड एक्सपीरिएंस) से गुजरते हैं, जबकि फ्रंट लाइन स्टाफ को अग्निशमन का प्रशिक्षण मिलता है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, प्रारंभिक, प्रमोशनल, रिफ्रेशर और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं।

आज की बात

## ऐतिहासिक हैं भारत के तीन नए आपराधिक कानून



डॉ. विपिन कुमार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में तीन आपराधिक कानूनों को देश को समर्पित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नए कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय की उम्मीद जताई, जो पूरी तरह से सार्थक भी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-जैसे तीन नए आपराधिक कानून हमारे समाज में गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्ग के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए, संगठित अपराध, आतंकवाद और ऐसे अन्य अपराधों पर भी कड़ा प्रहार करते हैं। इन प्रयासों से हमें अपने कानूनी व्यवस्था को आजादी के अमृतकाल में अधिक प्रासंगिक और सहानुभूतिपूर्वक प्रेरित करने के लिए पुनर्भाषित करते हैं। इन कानूनों को मूर्त रूप देने में केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह की भूमिका भी उल्लेखनीय रही है। कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी मोदी सरकार द्वारा लाए गए इन कानूनों का विरोध करते हैं और यह दलील देते हैं कि इससे देश में तानाशाह की प्रवृत्ति बढ़ेगी। लेकिन, मैं उनके इन दलीलों को पूरी तरह से हास्यास्पद मानता हूं। क्योंकि, यदि आप भारत में आपराधिक न्याय प्रणाली के इतिहास को देखें, तो पाएंगे कि पुराने कानून औपनिवेशिक न्यायशास्त्र की प्रतिकृति हैं, जिन्हें पूरे देश पर शासन करने के लिए बनाया गया था, न कि हमारे देश की नागरिकों की सेवा के लिए। इसी भाव-शून्?यता के कारण ये कानून आमजनों के उत्पीड़न और शोषण का उपक्रम बन गए, जिनका उद्देश्य वास्तव में निदोर्षों के अधिकारों की रक्षा और दोषियों को दंडित करना होना चाहिए था। इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लाए गये नए कानून निश्चित रूप से उपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं। सार्वजनिक सेवा और जनकल्याणकारी कानूनों से एक नए युग की शुरूआत हुई है। हमें याद रखना होगा कि न्याय में देरी केवल लोगों को हताश-निराश ही नहीं करती, बल्कि किसी न किसी स्तर पर देश के विकास की गति को भी बाधित करती है। इसके अतिरिक्त देश की छवि को भी खराब करने का काम करती है। जब समय पर न्याय नहीं मिलता तो कानून एवं व्यवस्था का आदर न करने और उसके उल्लंघन के आदी लोगों का दुस्साहस बढ़ता है। तीनों आपराधिक कानूनों पर अमल से एक ओर जहां 60 दिन के अंदर आरोप तय किए जाएंगे, वहीं दूसरी ओर सुनवाई पूरी होने के 45 दिन के अंदर फैसला सुनाना आवश्यक होगा।आंकड़े बताते हैं कि भारत के न्यायिक व्यवस्था में 3.5 करोड़ से भी अधिक लंबित मामले हैं और यहां विचाराधीन कैदियों की संख्या 77 फीसदी है, जो दोषियों की संख्या से तीन गुना अधिक है। वहीं, भ्रष्टाचार, अत्यधिक काम का बोझ और पुलिस की जवाबदेही तीव्र और पारदर्शी न्याय व्यवस्था को कायम करने की दिशा में एक बड़ी बाधा है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

मानव अधिकार दिवस

## मानव के अधिकारों के लिए कौन लड़ेगा?



ललित गर्ग

संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा घोषित दिवसों में एक महत्वपूर्ण दिवस है विश्व मानवाधिकार दिवस। प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। इस महत्त्वपूर्ण दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। यह दिवस मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के संकल्प को बल देता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 10 दिसम्बर, 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को अधिकारिक मान्यता प्रदान की थी। तब से यह दिन इसी नाम से मनाया जाने लगा। किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। यह दिवस एक मील का पत्थर है, जिसमें समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित होती है। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं की एक विस्तृत श्रृंखला निर्धारित की गई है, जिसकी सम्पूर्ण मानव जाति हकदार हैं। यह राष्ट्रीयता, निवास स्थान, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, धर्म, भाषा या किसी अन्य स्थिति के आधार पर भेदभाव किए बिना हर व्यक्ति के अधिकारों की गारंटी देता है। साल 2024 में मनाए जाने वाले मानवाधिकार दिवस की थीम है, हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी। किसी व्यक्ति के साथ किसी भी कीमत पर कोई भेदभाव न हो, समस्या न हो, सब शांति से खुशी- खुशी अपना जीवन जी सकें, इसलिए मानवाधिकारों का निर्माण हुआ। मानव अधिकार का मतलब मनुष्यों को वो सभी अधिकार देना है, जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। यह सभी अधिकार भारतीय संविधान के भाग-तीन में मूलभूत अधिकारों के नाम से मौजूद हैं और इन अधिकारों का उल्लंघन करने वालों को अदालत द्वारा सजा दी जाती है। मानवाधिकार में स्वास्थ्य, आर्थिक सामाजिक, और शिक्षा का अधिकार भी शामिल है। मानवाधिकार वे मूलभूत नैसर्गिक अधिकार हैं जिनसे मनुष्य को नस्ल, जाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग आदि के आधार पर वंचित या प्रताड़ित नहीं किया जा सकता। विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अशर्त प्रेम : मानव संबंधों में सुधार लाना



बोधि वृक्ष


प्रत्येक को तर्क और भावना, दोनों के आंतरिक संतुलन के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि वह एक संपूर्ण व्यक्तित्व, संपूर्ण मनुष्य बन जाए। ईश-संपर्क से आप अपने भीतर इन दोनों गुणों में सामंजस्य अथवा संतुलन लाते हैं।



श्री श्री परमहंस योगानंद

जब तक पुरुष और स्त्री एक दूसरे के स्वभाव को नहीं समझ जाते, वे अनजाने में एक दूसरे को यातना देते रहते हैं।... प्रत्येक को तर्क और भावना, दोनों के आन्तरिक सन्तुलन के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि वह एक सम्पूर्ण व्यक्तित्व, सम्पूर्ण मनुष्य बन जाए। ईश-सम्पर्क से आप अपने भीतर इन दोनों गुणों में सामंजस्य अथवा सन्तुलन लाते हैं। महान सन्तों में हम पुरुष-स्वभाव और स्त्री-स्वभाव के आदर्श गुणों को संयुक्त हुए देखते हैं। जीसस ऐसे ही थे; सभी गुरुजन भी ऐसे ही थे। जब आप तर्क एवं भावना के उस पूर्ण सन्तुलन को प्राप्त कर लेते हैं, तो आप प्रमुख शिक्षाओं में से एक में शिक्षित हो चुके होंगे जिसके लिए आपको यहाँ भेजा गया था। मानव जाति को यह अवश्य समझ लेना चाहिए कि आत्मा की मूल प्रकृति आध्यात्मिक है। पुरुष और स्त्री का एक दूसरे को केवल काम-वासना की तृप्ति के साधन के रूप में देखना, सुख के विनाश को आमन्त्रण देना है। धीरे-धीरे, थोड़ी-थोड़ी करके मानसिक शान्ति जाती रहेगी। पुरुष को स्त्री में ईश्वर को देखने का प्रयास करना चाहिए, तथा उसे उसकी आध्यात्मिक प्रकृति का अनुभव करने में सहायता करनी चाहिए। उसे स्त्री को ऐसा महसूस कराना चाहिए कि वह स्त्री उसके साथ मात्र उसकी कामुकता की भूख मिटाने के लिए नहीं है, अपितु एक साथी के रूप में है जिसका वह ईश्वर की अभिव्यक्ति के रूप में सम्मान एवं आदर करता है। **(क्रमशः)**

### फेसबुक वॉल से




### X से




### आज का दोहा

**दिव्य तपस्या से जिन्हें था त्रिकाल का ज्ञान।**
**उन महर्षियों का दिया है खगोल विज्ञान।।**
बुद्धिनाथ मिश्र, देहरादून

### रचना भेजिए


समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com
कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

आपकी बात

## भारतीय शेयर की संरचना पुनः तेजी की हो रही



शशांक भारद्वाज



शेयर मार्केट भविष्य को बहुत अधिक महत्व देते हैं। वर्तमान में कोई बहुत बड़ा नकारात्मक कारक न हो तो मार्केट अपनी दिशा भविष्य की संभावनाओं पर ही निर्मित करता है। इसीलिए खराब जीडीपी के आंकड़ों के बाद भी मार्केट में तेजी की दिशा रही।पिछले सप्ताह निफ्टी में 546 अंकों की बढ़त आई। अब मार्केट 25000 निफ्टी की ओर बढ़ सकता है। उसकी मूल अवधारणा तथा संरचना पुनः तेजी की हो रही है यदि कोई अप्रत्याशित विध्वंस सा समाचार न आ जाये। विदेशी निवेशक, जो पिछले कई दिनों से आक्रामक तथा बड़े विक्रेता थे, वो क्रेता बन रहे हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने नकद संभाग में 11933 करोड़ रुपए का क्रय किया।सप्ताह में दो दिन वो विक्रेता भी रहे परंतु जब बेचा तो कम राशि का बेचा,जब तीन दिन क्रय किया तो बड़ी राशि का किया। इंडेक्स फ्यूचर में भी उन्होंने 5549 करोड़ रुपए की खरीद की। 5 दिसंबर को नकद तथा स्टॉक फ्यूचर में मिलाकर एक ही दिन में उन्होंने 15395 करोड़ रुपए का क्रय किया। यह एक उल्लेखनीय बड़ी राशि का क्रय था। महाराष्ट्र में भाजपा तथा उनके सहयोगियों की ऐतिहासिक विजय से एफआईआई राजनीतिक मोर्चे पर अपेक्षाकृत आश्वस्त हुए हैं। किसी भी राष्ट्र में निवेश निर्णय में उस राष्ट्र की राजनीतिक स्थिति बहुत महत्वपूर्ण होती है। घरेलू संस्थागत निवेशकों तो लगातार क्रय कर ही रहे थे। ऐसे में एफआईआई के भी क्रेता होने से मार्केट में तेजी की संभावनाएं और भी बलवती हो गईं हैं। अमेरिकी शेयर मार्केट तो नई ऐतिहासिक ऊंचाई बना रहें हैं, ऐसे में भारतीय शेयर मार्केट के भी नई ऊंचाई की चचाएँ होने लगी है। पूरे विश्व में निवेश हेतु बड़ी तरल राशि उपलब्ध है इसके एक अच्छा भाग भारत में आ सकता है। भारतीय शेयर मार्केट में छोटे तथा मझौले शेयरों में अच्छी तेजी बनी हुई है। लगता है छोटे लघु निवेशक पुनः मार्केट में अधिक सक्रिय हो रहें हैं। एक मार्केट का मनोभाव सकारात्मक रूप में जागृत रखता है। जीडीपी में कमी के बाद भी जीएसटी संग्रह पिछले वर्ष की सामान अवधि की तुलना में 9 प्रतिशत वृद्धि के साथ अक्टूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपए आया। यह अभी तक का दूसरा सबसे अधिक जीएसटी संग्रह है। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए था। अभी जीएसटी संग्रह का 75 प्रतिशत दैनिक उपभोग की वस्तुओं से आता है। इसके दो अर्थ तो निकाले ही जा सकते हैं। पहला यह कि जीएसटी संग्रह इन स्तरों से बहुत अधिक नीचा नहीं जा सकता तथा दूसरा यह कि अन्य क्षेत्र भी जब व्यापक विस्तार करेंगे तो जीएसटी संग्रह में बहुत अच्छी वृद्धि देखी जाएगी। आर्थिक गतिविधियों में थोड़ी थकावट तो है। विनिर्माण वृद्धि नवंबर में 56.5 रही जो 11 महीनों का निम्नतम स्तर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने तीसरी तिमाही में विकास दर के पुनः पटरी पर आ जाने की बात कही है। कुछ मोर्चे पर सरकार को नीतिगत पहल भी करनी चाहिए।अगली श्रेणी के श्रम सुधार पर पहल होनी चाहिए, व्यापार करने में सरलता पर कुछ नए पग उठाएं जाने चाहिए ताकि बड़ा नया निवेश तीव्रता के साथ भारत आ सके, भारतीय उद्योगपति भी खुलकर निवेश की ओर प्रवृत्त हो। लाइसेंसविहीन युग, स्वप्रमाणीकरण इत्यादि को बढ़ावा देना चाहिए। अव्यावहारिक तथा बाधक कानून रद्द करने चाहिए' वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया, मलेशिया जैसे छोटे राष्ट्र व्यापार सुधार की नीतियों को अपना कर निर्यात के मोर्चे पर बड़ी प्रगति कर रहें हैं। भारत में विभिन्न वित्तीय प्रभागों में निवेश राशि अब उल्लेखनीय बड़ी हो रही है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का कोष वित्त वर्ष 23 24 में 24.75 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारत में सेवा क्षेत्र में तो अच्छी वृद्धि है तथा इसकी नवंबर की पीएमआई 58.5 प्रतिशत रही। केंद्रीय रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कोई परिवर्तन तो नहीं किया परंतु सीआरआर को 4.5 प्रतिशत से घटा कर 4 प्रतिशत कर दिया। इससे बैंकिंग व्यवस्था में 1लाख करोड़ रूपए से अधिक राशि की उपलब्धता बढ़ेगी। आरबीआई गवर्नर ने भविष्य में ब्याज दरों में कमी के संकेत भी दिए हैं। बैंकों में भी जमा राशि बढ़ रही है। यह भी अर्थव्यवस्था का आधार शक्तिशाली बनाती है। विश्व की प्रमुख ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली ने सेंसेक्ट के 2025 में 1 लाख होने का अनुमान जताया है। यह 28 प्रतिशत की वृद्धि है। ओपेक देशों के द्वारा तेल उत्पादन में बढ़ोतरी नहीं करने के निर्णय के पश्चात भी कच्चे तेल का मूल्य 71.72 के निचले तथा संतोषजनक से स्तरों पर ही है। सामान्य परिस्थितियों में इसके और भी नीचे जाने की ही संभावना है। यह भारत के लिए अतिरिक्त अच्छा होगा। पीएसयू बैंक, रेलवे, रक्षा, टेक्सटाइल, केमिकल क्षेत्र के वैसे शेयर जो उचित मूल्यांकन पर उपलब्ध हैं, उनमें क्रय किया जा सकता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नारी शक्ति बनेगी विकसित भारत का आधार


बीमा सखी योजना के उद्घाटन पर बोले पीएम मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हरियाणा के पानीपत में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की ह्यबीमा सखी योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रधानमंत्री ने पानीपत से वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर करनाल के महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण का शिलान्यास भी किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "भारत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज 9 दिसंबर को ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। ऐसे समय में जब देश संविधान के 75 वर्ष का महोत्सव मना रहा है। विश्व को नीति और धर्म का ज्ञान देने वाली महान धरती पर आज के दिन आना और भी सुखद है। इस समय कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भी चल रहा है। मैं गीता की इस धरती को प्रणाम करता हूं। बीमा सखी योजना का शुभारंभ पानीपत से हो रहा है। ऐसे में पानीपत एक प्रकार से नारी शक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। हमारी महिलाएं विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार बनेंगी। आज 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ भी वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। पीएम मोदी ने कहा कि नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। उन्होंने कहा कि आज भारत 2047 तक विकसित होने की दिशा में चल रहा है। हमें इसके लिए ऊर्जा के स्त्रोत चाहिए। इसके लिए हमारा उत्तर भारत ऊर्जा का स्त्रोत है।

### देश की किस्मत बदल रहीं योजनाएं

'बीमा सखी', 'बैंक सखी', 'कृषि सखी', 'पशु सखी', 'ड्रोन दीदी', 'लखपति दीदी' - ये नाम भले ही साधारण और सामान्य लगें लेकिन ये देश की किस्मत बदल रहे हैं। खासकर महिला सशक्तिकरण के लिए देश के स्वयं सहायता समूह की पहल एक ऐसा आंदोलन है, जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने का एक बड़ा माध्यम है। आज देशभर में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और इन समूहों के माध्यम से महिलाएं कमाई कर रही हैं। बीमा जैसे क्षेत्रों के विस्तार में नेतृत्व भी महिलाएं करेंगी। बीमा सखी योजना के तहत दो लाख महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य है। बीमा सखी योजना न केवल उनके द्वारा अर्जित आय में योगदान देती है, बल्कि हमारे देश के विकास में भी योगदान देती है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव

# आप ने जारी की दूसरी लिस्ट, सिसोदिया की बदली सीट, पटपड़गंज से लड़ेंगे अवध ओझा

एजेंसी। नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। पार्टी ने दूसरी लिस्ट में 20 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। खास बात ये है कि आम आदमी पार्टी ने पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की सीट बदल दी है। इस बार पार्टी ने उन्हें पटपड़गंज की जगह जंगपुरा से चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं पटपड़गंज से आप ने अवध ओझा को टिकट दिया है, जिन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी का दामन थामा था। इसके अलावा आप ने नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मुंडका से जसबीर कारला, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक, रोहिणी प्रदीप मित्तल, चांदनी चौक से पुनरदीप सिंह साहनी (सेबी) को टिकट दिया है। वहीं पटेल नगर से प्रवेश रतन, मादीपुर से राखी बिड़लान, जनकपुरी से प्रवीण कुमार, बिजवासन से सुरेंद्र भारद्वाज, पालम से जोगिंदर सोलंकी, जंगपुरा से मनीष सिसोदिया, देवली से प्रेम कुमार चौहान, त्रिलोकपुरी से अंजना पारछा, पटपड़गंज से अवध ओझा, कृष्णा नगर से विकास बग्गा, गांधी नगर से नवीन चौधरी (दीपू), शाहदरा से पद्मश्री जितेंद्र सिंह शंटी और मुस्तफाबाद से आदिल अहमद खान को अपना उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले आम आदमी पार्टी ने नवंबर में अपनी पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें 11 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की थी। इनमें आम आदमी पार्टी ने छतरपुर से ब्रह्म सिंह तंवर, लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी, किराड़ी से अनिल झा, विश्वास नगर से दीपक सिंघला, रोहतास नगर से सरिता सिंह करावल नगर से मनोज त्यागी, मटियाला से सोमेश शौकीन को टिकट दिया था।

# सीएम नीतीश ने बिहार अभियंत्रण विवि के प्रथम दीक्षांत समारोह में मेधावियों को किया सम्मानित

एजेंसी। पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने अभियंत्रण परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को डिग्री, मेडल एवं लैपटॉप प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गयी विभागीय उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गयी। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम के अंत में सम्मानित होनेवाले छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने सम्मानित होनेवाले छात्रों को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत सभी जिलों में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना करायी गयी है। मुख्यमंत्री की यह परिकल्पना थी कि राज्य में अलग से एक स्वतंत्र अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की जाय ताकि पठन-पाठन का सत्र नियमित रूप से होने के साथ-साथ तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार हो सके। इसको ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक अभियंत्रण महाविद्यालय में उच्चस्तरीय आधारभूत संरचना, उच्च गुणवत्ता के प्रयोगशाला, वर्कशॉप एवं स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण किया जा रहा है।

# नवादा में साइबर डीएसपी से ठगी के प्रयास में 9 अपराधी गिरफ्तार, कई सामान बरामद

एजेंसी। नवादा



नवादा में सोमवार को साइबर अपराधियों ने बड़ा कांड कर दिया है। साइबर अपराधियों ने साइबर थाने के डीएसपी को ही लाखों कमाई का झांसा दे दिया। दरअसल, नवादा के साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति को ही साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों ने ठगी करने की कोशिश की। जिसके बाद डीएसपी ने इस मामला में युवक को गिरफ्तार किया है। जहां छापेमारी के दौरान नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी प्रिया ज्योति के द्वारा बताया गया कि लोन दिलाने के नाम पर उन्हें फोन आया और फिर 20 मिनट में 5 लाख रुपया का लोन देने की बात कही गई। इसके बाद एक टीम गठन किया गया और फिर साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार की गई है। छापेमारी के क्रम में कुल 9 लोगों को पकड़ा गया है। इस पूरी घटना की जानकारी वरीय अधिकारी को दी गई। इस मामला में अनुसंधान तेज करते हुए आरोपित को पहले गिरफ्तार किया गया। यह पूरा मामला वारिसलीगंज प्रखंड के चकवाय गांव का है। जहां सभी गिरफ्तार आरोपित की पहचान प्रमोद कुमार, ज्योतिस कुमार, अमित कुमार, विजय सिंह की पत्नी रेणु देवी चकवाय गांव का रहने वाला है। वहीं सुधांषु कुमार, पारस कुमार, जो मीर बीघा का रहने वाला है।

## केंद्र की बाजरा योजना बढ़ा रही किसानों की आय : रवनीत सिंह बिट्टू

**नई दिल्ली।** फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि बाजरा आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने की केंद्र की योजना ने स्थानीय उत्पादन और कृषि उपज की खरीद को बढ़ावा दिया है, जिससे किसानों को लाभ हुआ है। बाजरा आधारित उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में शुरू में 30 लाभार्थियों को नामांकित किया गया था, हालांकि एक लाभार्थी के हटने के बाद अब 29 लाभार्थी हैं। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बाजरा आधारित उत्पादों की तैयारी में केवल घरेलू स्तर पर उत्पादित कृषि उत्पादों (एडिटिव्स, फ्लेवर और तेल को छोड़कर) का ही उपयोग किया जाना चाहिए। सरकार ने बाजरा आधारित उत्पादों के लिए पीएलआई योजना (पीएलआईएसएमबीपी) के कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं।

## 34 बोतल शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त



**अररिया।** जिले के बसमतिया थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह बाइक से नेपाल से तस्करी कर ला रहे 34 बोतल शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर सुपौल जिला के वीरपुर थाना क्षेत्र परमानंदपुर पंचायत के शंकरपुर वार्ड संख्या 13 का रहने वाला 32 वर्षीय मो.सज्जाद है। पुलिस ने तस्कर के पास से हीरो सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल संख्या बीआर 50 ई 8559 है। गिरफ्तार तस्कर शराब की बोतलों को अपने शरीर और कपड़े में छिपाकर बाइक से नेपाल से ला रहा था।

## आज का राशिफल

**मेष :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

**वृष :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मिथुन :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**सिंह :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**कन्या :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरूद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**तुला :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें।

**धनु :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें।

**मकर :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे।

**मीन :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें।

# हिमाचल में पहली बर्फबारी में फंसे 800 पर्यटकों का सुरक्षित रेस्क्यू

एजेंसी। कुल्लू



हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का लुफ्त लेने आए पर्यटकों के सैकड़ों वाहन अटल टनल और आसपास पहली बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित रेस्क्यू किया है। पुलिस ने अटल टनल के दोनों छोर, उतरी व दक्षिण में फंसे वाहनों और करीब 800 से अधिक पर्यटकों को रेस्क्यू करते हुए देर रात तक मनाली की तरफ भेजा। पहाड़ों में बर्फबारी का लुत्फ लेने भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। बीती शाम पहाड़ों में बर्फबारी का आनंद लेकर कुल्लू में अटल टनल से होते हुए सैकड़ों वाहनों से पर्यटक गुजर रहे थे। इस बीच रविवार को पहली बर्फबारी के चलते टनल के आसपास जमा बर्फ में गुजरते हुए सैकड़ों वाहनों में सवार पर्यटकों समेत अन्य लोग फंस गए। बर्फबारी में फंसे वाहनों को निकलवाने पुलिस ने मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू के दौरान अटल टनल रोहतांग के उतरी व दक्षिण छोर में फंसे काफी संख्या में पर्यटक व अन्य वाहनों को निकलवाया गया। यह रेस्क्यू करीब 11 बजे रात तक चला और इस दौरान सैकड़ों पर्यटकों को वाहन समेत सुरक्षित मनाली की तरफ भेजा गया। सिस्सू की तरफ ज्यादा बर्फबारी होने के कारण भारी संख्या में पर्यटक वाहनों में फंसे थे। इन सभी वाहनों को रात के समय लाहौल-स्पिति पुलिस ने अटल टनल की तरफ भेजा। जहां से 4 गुणा 4 वाहनों को मनाली की तरफ रवाना किया गया। जबकि करीब 100-150 वाहनों को अटल टनल रोहतांग के दक्षिण छोर पर सुरक्षित खड़ा करवाया गया। इन वाहनों में फंसे पर्यटकों को 4 गुणा 4 निजी वाहनों से देर रात से सोमवार अल सुबह तक सुरक्षित मनाली तक रेस्क्यू करवाया गया। यह अभियान करीब 3-4 बजे तक चला। डीएसपी मनाली क्षमादत शर्मा ने कहा अभी भी लगातार बर्फबारी जारी है जिस कारण सोलंगनाला से आगे केवल 4 गुणा 4 वाहनों को ही भेजा जा रहा है। एसपी लाहौल स्पीति मयंक चौधरी ने कहा कि जिला में बर्फबारी के दौरान पुलिस ने एक सफल बचाव अभियान चलाया, जिसमें खराब मौसम के कारण फंसे हुए 489 वाहनों और 800 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

## बिहार में 11 तक घना कोहरा छाया रहेगा, 12 जिलों में बारिश का अलर्ट

**पटना।** बिहार में सर्द पछुआ हवा के साथ सुबह के समय अगले दो दिन यानी 11 दिसम्बर तक घने स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसके साथ आज बिहार के 12 जिलों में बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, सक्रिय मौसमी सिस्टम के प्रभाव से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे ठंडी में बढ़ोतरी देखी जा रही है। एक चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण असम के आसपास समुंद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर बना हुआ है। उत्तर पश्चिमी भारत में समुद्र तल से 12.1 किलोमीटर ऊपर जेट स्ट्रीम की तेज हवाएं चल रही है। इन मौसमी गतिविधियों की वजह से बिहार में उत्तर-पूर्व और दक्षिण-पूर्व शहरों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे जबकि 11 दिसम्बर तक 24 जिलों में घने स्तर का कोहरे छाए रहने की संभावना है।

## आप की दूसरी लिस्ट से साफ हुआ पार्टी का जहाज डूब रहा : वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की दूसरी लिस्ट जारी होने के बाद अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आप ने जो लिस्ट जारी की है, उससे एक बात तो साफ हो गई है कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी का जहाज डूब रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भागकर एक भगौड़े की तरह अपनी सीट बदलना पड़ रही है। यह संदेश आम आदमी पार्टी के कार्यकतार्ओं और जनता को भी है कि हमने आप लोगों की सेवा नहीं की, हमने केवल आप लोगों को लूटने का काम किया है, हम सीट बदलकर भाग रहे हैं, लेकिन सीट बदलने से आम आदमी पार्टी के कर्म नहीं बदलेंगे, क्योंकि उन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया है।

## फ्लाइट में बम की भ्रामक सूचना देने वाला अनिमेष मंडल आईबी कर्मचारी

**रायपुर।** पिछले महीने नागपुर-कोलकाता फ्लाइट में बम की भ्रामक सूचना देने वाले अनिमेष मंडल की पहचान इंटेलिजेंस ब्यूरो के कर्मचारी के तौर पर हुई है। बीते 14 नवंबर को नागपुर से कोलकाता जाने वाली फ्लाइट में एक यात्री ने बम होने की सूचना दी थी। सूचना के बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग रायपुर एयरपोर्ट पर कराई गई थी। जब फ्लाइट को चेक किया गया तो उसमें बम नहीं मिला। इसके बाद इस पूरे मामले में भ्रामक जानकारी देने पर अनिमेष मंडल नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था जो इंटेलिजेंस ब्यूरो का कर्मचारी है। वह नागपुर में पोस्टेड है। इससे पहले वह मुंबई में था और ट्रांसफर होने के बाद वह नागपुर आ गया था। वह किसी निजी काम से नागपुर से कोलकाता जा रहा था। इसी दौरान विमान के टेक ऑफ के बाद उसने क्रू मेंबर से बताया कि उसे व्हाट्सएप पर विमान में बम होने की सूचना मिली है। उसके बाद क्रू मेंबर ने पायलट को बताया और पायलट ने रायपुर में इमरजेंसी लैंडिंग की। जब बम नहीं मिला तो उसे विमान सुरक्षा अधिनियम सी और डी के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। इस अधिनियम में यह बताया गया है कि अगर कोई भी व्यक्ति गलत बात बता रहा है, जिससे विमान की सुरक्षा बाधित होती है तो उसे आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। अनिमेष मंडल के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि इस मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। अनिमेश आईबी का कर्मचारी है, उसके बाद भी उसे गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय के समक्ष यह पूरा प्रकरण लाया जाएगा क्योंकि इसमें आजीवन कारावास की सजा है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या रोकने के लिए इंदिरा गांधी की समाधि पर बैठकर हिम्मत और प्रेरणा लें पीएम मोदी : प्रमोद तिवारी

एजेंसी। नई दिल्ली

पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और किसानों के प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ जुल्म हो रहा है। भाजपा और मोदी सरकार की कमजोर नीति के कारण वहां पर दुर्गा पूजा में पंडाल नहीं लग पाया। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। हिंदुओं के प्रतिष्ठानों को लूटा जा रहा है, लोगों की हत्या हो रही हैं, लेकिन हमारी सरकार मौन है। ये लोग हिंदुओं और भारतवासियों की रक्षा ना तो कनाडा, अमेरिका और यूरोपीय देशों में कर पा रहे हैं और ना ही बांग्लादेश में। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री सोमवार को बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस से मिल सकते हैं। इसपर प्रमोद तिवारी ने कहा, विदेश सचिव के स्तर से कुछ नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी को अपने स्तर पर बात करनी चाहिए।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ट्रायल लैंडिंग रही सफल, वॉटर कैनन ने दी सलामी

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा



उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली बार सोमवार दोपहर करीब 1.30 बजे फ्लाइट की ट्रायल लैंडिंग हुई और ट्रायल रन सफल रहा। दिल्ली से पहुंची फ्लाइट को वाटर कैनन से सलामी दी गई। यह ट्रायल रन 15 दिसंबर तक चलेगा। प्लेन में क्रू मेंबर, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एयरपोर्ट का तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा। इनका काम टेक ऑफ से लेकर लैंड तक पूरा तकनीकी डेटा इकट्ठा करना है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली बार विमान उतरा है। इस दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मनोहर नायडू मौके पर मौजूद रहे। उनके साथ नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहीं। इस दौरान विधायक, सांसद, डीजीसीए के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक रनवे पर ट्रायल के दौरान विमान 15 मिनट हवा में उड़ा, उसके बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे पर उतरा और 5 मिनट बाद विमान ने फिर से उड़ान भरी। जेवर में एयरपोर्ट के रनवे लैंड करने के दौरान प्लेन में क्रू मेंबर और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का तकनीकी स्टाफ मौजूद रहा। इनका काम डाटा कलेक्ट करना है। ये डाटा डायरेक्टर जनरल आफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) को भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि अप्रैल में यहां से पहली कमर्शियल फ्लाइट उड़ान भरेगी। बता दें कि अब तक एयरपोर्ट का 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कैट-1 और कैट-3 उपकरण स्थापित हो चुके हैं जो कोहरे में विमान की ऊंचाई और दृश्यता की जानकारी देते हैं। एयरपोर्ट पर इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) को स्थापित किया जा चुका है।

## भाजपा हिंदू और हिंदुत्व की राजनीति को मसाला बना रही : मृत्युंजय तिवारी



**पटना।** राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने सोमवार को हिंदुत्व पर इल्तिजा मुफ्ती के बयान, सपा के एमवीए छोड़ने की खबर, यूपी में मस्जिदों और मुस्लिमों के घर तोड़ने को लेकर फारूक अब्दुल्ला के दावे और संभल के बाद जौनपुर के अटाला मस्जिद को लेकर उठे विवाद पर राय वयक्त की। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि इल्तिजा मुफ्ती ने जो कहा है, उसे हमने सीधे तौर पर नहीं सुना है। लेकिन, जो लोग हिंदू और हिंदुत्व की बात कर रहे हैं, उनके लिए यह सिर्फ राजनीति और विवाद का मसाला बन गया है। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी अलग हुई है, लेकिन इससे इंडिया गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इंडिया गठबंधन का उद्देश्य पूरे देश में संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी अलग हुई है, लेकिन इससे इंडिया गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यूपी में भी मस्जिदें और मुस्लिमों के घर तोड़े जा रहे हैं। इस पर मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि धर्म के नाम पर नफरत और घृणा की राजनीति भाजपा का चरित्र बन गया है। यूपी के संभल के बाद जौनपुर के अटाला मस्जिद पर उठे विवाद पर भी मृत्युंजय तिवारी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यूपी में हालात बहुत खराब हो गए हैं। उनका पूरा ध्यान सिर्फ मंदिर-मस्जिद और हिंदू-मुसलमान के मुद्दों पर है।

# भारत के कुश मैनी ने अबू धाबी जीपी में ऐतिहासिक फॉर्मूला 2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती



**एजेंसी । अबू धाबी**

कुश मैनी ने फॉर्मूला 2 के 2024 सीजन में फिर से इतिहास रच दिया। इनविक्टा रेसिंग टीम ने ऍफ़2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीती, जिससे 24 वर्षीय यह खिलाड़ी जूनियर फॉर्मूला के शिखर पर एफआईए कंस्ट्रक्टर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतने वाला पहला और एकमात्र भारतीय बन गया। यह शानदार उपलब्धि कुश के लिए एक शानदार वर्ष में इजाफा करती है, जो पहले ऍफ़2 पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय बने थे। सीजन के उतार-चढ़ाव के बावजूद, कुश ने इनविक्टा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें हंगरी में एक रेस जीत सहित पांच पोडियम हासिल किए। जेद्दा में उनकी पोल पोजीशन ने टीम के प्रमुख अभियान की दिशा तय की, जिसका समापन कुश की पूर्व टीम - कैंपोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ हुआ। अंतिम रेस के लिए, मैनी ने अबू धाबी में एक ठोस क्वालीफाइंग राउंड खेला, जिसके परिणामस्वरूप पी6 पर रहे और दोनों रेस में उनकी शुरुआत और भी बेहतर रही। उन्होंने अपने पहले लैप में स्प्रिंट में 6 स्थान और अपने पहले लैप में फीचर में 3 स्थान का फायदा हुआ।

हालांकि, उनके फ्लोर पर कुछ नुकसान के कारण उन्हें स्प्रिंट के लिए बैकफुट पर आना पड़ा, जबकि एक रुके हुए पिटस्टॉप ने रविवार को फीचर रेस में सीज़न को उच्च स्तर पर समाप्त करने की उनकी योजनाओं को बाधित किया।

## इनविक्टा में सभी को अच्छे प्रदर्शन के लिए धन्यवाद

मैनी ने इस शानदार उपलब्धि के बाद कहा, "हमने जिस तरह से शुरुआत की, उसे देखते हुए यह वह साल नहीं था, जो मैं चाहता था, लेकिन फिर भी कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप सहित बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिली। इनविक्टा में सभी को अच्छे प्रदर्शन के लिए धन्यवाद और भविष्य के लिए शुभकामनाएं। मैं आगे क्या करने वाला हूं, इसका इंतजार कर रहा हूं और अगले साल के लिए तैयार हूं। यह ऐतिहासिक जीत न केवल भारतीय मोटरस्पोर्ट इतिहास में मैनी की जगह को मजबूत करती है, बल्कि चुनौतीपूर्ण लेकिन पुरस्कृत सीज़न के दौरान उनके लचीलेपन और दृढ़ संकल्प को भी रेखांकित करती है। अपनी यात्रा के अगले अध्याय की ओर देखते हुए, कुश वैश्विक मोटरस्पोर्ट मंच पर अधिक प्रतिनिधित्व की आकांक्षा रखने वाले राष्ट्र की आशाओं को लेकर चल रहे हैं।

## खो खो विश्वकप के लिए आज से शुरु होगा प्रशिक्षण शिविर

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 10 दिसंबर मंगलवार से प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में शुरु होगा। शिविर में देश भर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने , मानसिक मजबूती,अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । इस शिविर में अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाडियों को खेल विषेशज्ञों द्वारा पोल डाइविंग ,टैपिंग ,ज़िग ज़ैग रनिंग,डाजिंग टैपिंग आदि खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने आज यहां बताया कि खो खो विश्वकप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा इस प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह 13 से 19 जनवरी, 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले खो खो विश्व कप के लिए उनकी अंतिम तैयारियों की शुरुआत है।भारतीय राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा की देखरेख में एक महीने तक यह फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर चलेगा। इसमें खिलाड़ियों की चपलता और तकनीक पर फोकस होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर के पुरुष और महिला वर्ग दोनों के साठ-साठ प्रतिभाशाली खिलाड़ी, अनुभवी और नए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे।

# एडिलेड में हार के बाद कपिल ने रोहित शर्मा का समर्थन किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से भारत की दस विकेट से हार के बाद, भारत के प्रतिष्ठित 1983 विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने संघर्षरत कप्तान रोहित शर्मा को टी20 विश्व कप 2024 जीतने की उनकी उपलब्धियों का हवाला देते हुए अपना समर्थन दिया। एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद का टेस्ट सिर्फ तीन दिनों से कम समय में समाप्त हो गया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने शानदार जीत हासिल कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। रोहित शर्मा के लिए, यह मैच प्लेइंग इलेवन में वापसी का प्रतीक था, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में शुरूआती टेस्ट से चूक गए थे। हालांकि, उनकी वापसी विजयी होने से बहुत दूर थी। कपिल ने कहा,मुझे लगता है कि उसे (रोहित शर्मा) खुद को साबित करने की जरूरत नहीं है। उसने कई सालों तक ऐसा किया है। इसलिए, किसी पर संदेह न करें।

## बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे रोहित : जतिन परांजपे

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे का मानना है कि एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से मिली हार में रोहित शर्मा भले ही अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से दूर रहे हों, लेकिन उन्हें अभी भी भरोसा है कि भारतीय कप्तान सीरीज के बाकी तीन मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। छह साल की अनुपस्थिति के बाद टेस्ट क्रिकेट में नंबर छह की स्थिति में वापसी करते हुए, रोहित एडिलेड ओवल में दो पारियों में केवल नौ रन ही बना सके। एडिलेड में लगातार खराब प्रदर्शन का मतलब है कि रोहित का अपने पिछले छह टेस्ट मैचों में औसत केवल 11.83 है।



***रोहित शर्मा के लिए, यह मैच प्लेइंग इलेवन में वापसी का प्रतीक था, जो अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पर्थ में शुरूआती टेस्ट से चूक गए थे।***

## भारत को साझेदारी बनाने के क्षेत्र में सुधार करना होगा : हरभजन

एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच के बाद, भारत और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज हरभजन सिंह और मैथ्यू हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स पर अपने विचार साझा किए। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे टेस्ट पर विचार करते हुए, उन्होंने भारत के प्रदर्शन और उन क्षेत्रों पर चर्चा की, जहां भारत को सुधार करने की जरूरत है।

## रोहित को अगले मैचों में ओपनिंग करना चाहिए : सुनिल गावस्कर

**एडिलेड।** एडिलेड टेस्ट में मध्य क्रम में आकर दोनों पारियों में वफिल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज़ सुनील गावस्कर ने सलाह दी है कि रोहित को अगले मैचों में ओपनिंग ही करनी चाहिए। गावस्कर ने मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से कहा, "मुझे लगता है कि अगले टेस्ट में रोहित को ही ओपनिंग करना चाहिए। मैं मानता हूं कि पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के बीच 201 रनों की साझेदारी हुई थी। लेकिन इसके बाद लंबा गैप आया और रोहित ने मध्यक्रम में बल्लेबाज़ी की। मैं मानकर चल रहा हूं कि भारत अगले टेस्ट में बहुत अच्छी बल्लेबाज़ी करेगा। ऐसे में रोहित नई गेंद से बल्लेबाज़ी करें यानि ओपन करें, क्योंकि वहीं पर उनका स्वाभाविक खेल है। वहीं राहुल जब बल्लेबाज़ी करने आएंगे तो उम्मीद है कि वे दूसरी नई गेंद के समय आएंगे। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर मैथ्यू हेडन ने उनकी बात काटते हुए कहा, "देखिए जो मैंने पर्थ में देखा उसमें दिखा कि केएल राहुल के पास बहुत अच्छी तक़नीक है।

## ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नेहा ने कहा, 'लक्ष्य उदाहरण पेश करके नेतृत्व करना है'



**एजेंसी । नई दिल्ली**

ओडिशा वॉरियर्स की कप्तान नेहा पहली बार होने वाली महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी टीम की अगुआई करते हुए ऐतिहासिक सफर पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के साथ जीत हासिल करने के बाद, नेहा अब भारतीय हॉकी के इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए नई ऊर्जा और फोकस के साथ कप्तानी की भूमिका में कदम रख रही हैं। महिला एचआईएल के उद्घाटन के महत्व पर विचार करते हुए, नेहा ने अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, "हम वर्षों से इस तरह के मंच का इंतजार कर रहे थे, और अब जब यह आखिरकार आ गया है, तो यह अवास्तविक लगता है। यह युवा लड़कियों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा अवसर है। यह लीग उन लोगों को भी प्रेरित करेगी जो इस सीजन में जगह नहीं बना पाए और अगले संस्करण के लिए लक्ष्य बनाए। मुझे विश्वास है कि एचआईएल भारतीय टीम के लिए नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद करेगी।

**एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर**

## भारत का मुकाबला हांगकांग सिंगापुर, बांग्लादेश से

**एजेंसी । कुआलालंपुर**

भारत को एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर के अंतिम दौर के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित करके ड्रॉ निकाला गया, जो सोमवार को यहां एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे, जिन्होंने क्वालीफाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफायर का अंतिम दौर 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच छह मैच दिनों में होम-एंड-अवे प्रारूप में खेला जाएगा। भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए, बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारत ने हाल के दिनों में तीनों प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया है। ब्लू टाइगर्स ने आखिरी बार 2021 सैफ चैंपियनशिप में बांग्लादेश का सामना किया था, जून 2022 में कोलकाता में एएफसी एशिया कप क्वालीफायर में हांगकांग का सामना किया था और सितंबर 2022 में वियतनाम में हंग थिन्ह फ्रेंडली टूर्नामेंट में सिंगापुर का सामना किया था। नवंबर में जारी फीफा रैंकिंग के अनुसार, भारत 127वें, हांगकांग 156वें, सिंगापुर 161वें और बांग्लादेश 185वें स्थान पर है। ड्रा के बाद, भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्क्वेज ने कहा, "हम पॉट 1 टीम हैं और हमें यह दिखाने की ज़रूरत है कि हम क्वालीफ़ाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं।



# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व बढ़ने का है अनुमान

# 2028 तक 3,65,000 करोड़ रुपये के पार होगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट में दी गई है जानकारी

देश में मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व 2028 तक 3,65,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो 8.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय मनोरंजन और मीडिया इंडस्ट्री का राजस्व चार वर्षों में वैश्विक दर 4.6 प्रतिशत से आगे निकल जाएगा।

पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस सेक्टर में विज्ञापन राजस्व 9.4 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 1,58,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है, जो वैश्विक औसत 6.7 प्रतिशत से 1.4 गुना अधिक है। इस वृद्धि का अधिकांश हिस्सा डिजिटल फ्रंट (इंटरनेट विज्ञापन) से आएगा। भारत में इंटरनेट विज्ञापन 15.6 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक 85,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक वृद्धि दर और वैश्विक औसत से 1.6 गुना अधिक है। दूसरी ओर, देश में ऑनलाइन गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स सेक्टर 19.2 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ रहा है और 2028 तक 39,583 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इस बीच, देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म का राजस्व 14.9 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, जो टॉप 15 देशों में सबसे अधिक है, यह 35,061 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। पीडब्ल्यूसी इंडिया के मुख्य डिजिटल अधिकारी और टीएमटी लीडर मनप्रीत सिंह आहूजा ने कहा, हमारे 'ग्लोबल एंटरटेनमेंट एंड मीडिया आउटलुक 2024-2028' के अनुसार, डिजिटल विज्ञापन, ओटीटी प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन गेमिंग और जनरेटिव एआई जैसे प्रमुख विकास कारक उद्योग के भविष्य को आकार दे रहे हैं।

भारत की बेहतर कनेक्टिविटी, बढ़ते विज्ञापन राजस्व और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के आसपास अनुकूल सरकारी नीतियों के साथ, देश में अगले पांच वर्षों में सबसे अधिक विकास दर देखने का अनुमान है। वर्तमान में, भारत में 80 करोड़ ब्रॉडबैंड सब्सक्रिप्शन, 55 करोड़ स्मार्टफोन यूजर्स और 78 करोड़ इंटरनेट यूजर्स हैं। भारतीय अपना 78 प्रतिशत समय मनोरंजन और मीडिया से जुड़े मोबाइल फोन ऐप पर बिता रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार ने भारत के आउट-ऑफ-होम (ओओएच) विज्ञापन बाजार में भारी वृद्धि का समर्थन किया है, जो 2023 में 12.9 प्रतिशत बढ़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके 7.6 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है। प्रिंट विज्ञापन राजस्व की बात करें, तो -2.6 प्रतिशत की सीएजीआर पर वैश्विक गिरावट के बावजूद, भारत के बाजार में 3 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे यह 2028 तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्रिंट बाजार बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में सिनेमा बाजार का विस्तार जारी है, जो 14.1 प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है।

## कारोबार : 200 अंक गिरा सेंसेक्स



**मुंबई।** मिश्रित वैश्विक संकेतों से बाजार की धारणा प्रभावित हुई और भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में एफएमसीजी सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में, सेंसेक्स 200.66 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,508.46 पर बंद हुआ। निफ्टी 58.80 अंक या 0.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,619 पर बंद हुआ। जानकारों के अनुसार, मध्य पूर्व में तनाव के बीच तेल की कीमतों में तेजी और भारत तथा अमेरिका के सीपीआई डाटा तथा इस सप्ताह ईसीबी नीति जैसे प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से पहले निवेशकों की सतर्कता ने शेयर बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

## मजबूत लीजिंग के कारण मॉल में तेजी

**मुंबई।** अनुकूल आर्थिक कारकों और बढ़ती समृद्धि के बीच रिटेल सेक्टर की वृद्धि से प्रेरित होकर, भारत में मॉल में खाली पड़े स्पेस को लेकर कमी आ रही है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, मॉल का खाली स्पेस जो कि 2021 में 15.5 प्रतिशत था, 2024 में घटकर 8.3 प्रतिशत रह गया है। चालू वर्ष की पहली छमाही ने पिछले दो वर्षों में देखी गई लीजिंग गति को दर्शाया है, जिसमें प्रमुख शहरों में तीन मिलियन वर्ग फुट से अधिक स्पेस लीज पर दिए गए हैं। एनारॉक की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ वर्षों में इन सभी शहरों में आपूर्ति में बड़ी वृद्धि देखी जाएगी, जिसमें दिल्ली-एनसीआर का हिस्सा सबसे अधिक होगा।

## 4 वर्षों में भारत में एफडीआई प्रवाह 1,000 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के बीच भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह बढ़कर 1,033.40 बिलियन डॉलर हो गया है, जो देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में बढ़ते निवेश के अवसरों को दर्शाता है। एफडीआई से लाभान्वित होने वाली अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों में ऑटोमोबाइल, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, आईटी हार्डवेयर, दूरसंचार, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन और सेवाएं शामिल हैं।

## अदाणी पोर्ट को पेट्रोलियम आयात करने के लिए मिली मंजूरी मार्च 2026 तक बढ़ी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय ने अदाणी समूह के आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट को समुद्री मार्ग से पेट्रोलियम आयात करने की मंजूरी 1 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश में कहा गया कि सार्वजनिक हित में पेट्रोलियम आयात करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट (अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट लिमिटेड) के लिए 25 अगस्त, 2024 से 1 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए बंदरगाहों पर समुद्री मार्ग से भारत में पेट्रोलियम आयात करने की अधिसूचना को आगे बढ़ाया जाता है। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोंस (एपीएसईजेड) के शेयर में सोमवार को एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त देखी गई। अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट ने इस साल अगस्त में अपनी मौजूदा क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक उन्नत कार्गो हैंडलिंग सिस्टम लांच किया था।



01 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी है आंध्र प्रदेश स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट को समुद्री मार्ग से पेट्रोलियम आयात करने की मंजूरी

अदाणी कृष्णापट्टनम पोर्ट ने इस साल अगस्त में अपनी मौजूदा क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए एक उन्नत कार्गो हैंडलिंग सिस्टम लांच किया था

## भारत में शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर में 2030 तक निवेश होंगे 143 लाख करोड़

**मुंबई।** भारत में आने वाले वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग में इजाफा होगा। इस कारण से भारत वर्ष 2030 तक इंफ्रास्ट्रक्चर में 143 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश कर सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास देश भर में सैटेलाइट टाउनशिप के विकास को बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वर्ष 2030 तक होने वाले इस व्यय का अधिकांश भाग शहरी क्लस्टर्स की ओर निर्देशित किया जाना है, जिससे शहरी क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर के नेतृत्व वाला विकास हो सके। विचाराधीन परियोजनाओं में हवाई अड्डे, इंटरसिटी मेट्रो कनेक्टिविटी, एयरोसिटी, हाइवे, हाईस्पीड रेल कॉरिडोर, आईटी + आईटीईएस जोन, बड़े डाटासेंटर कंसंट्रेशन जोन और अन्य शामिल हैं।

## 'स्किल इंडिया डिजिटल हब' ने पूरे किए 1 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** स्किल इंडिया और नेशनल स्किल्स डेवलपमेंट मिशन के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, भारत के स्किल डेवलपमेंट, एजुकेशन, एम्प्लॉयमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़े 'स्किल इंडिया डिजिटल हब' प्लेटफॉर्म ने 1 करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के साथ मील का पत्थर हासिल कर लिया है। स्किल इंडिया डिजिटल हब भारतीयों को ऑनलाइन ट्रेंनिंग प्लेटफॉर्म के जरिए स्किल, रिस्किल और अपस्किलिंग के साथ नौकरियों के लिए तैयार करने से जुड़ा प्लेटफॉर्म है। एसआईडीएच प्लेटफॉर्म सितंबर 2023 में लांच किया गया था। यह प्लेटफॉर्म स्किल को बेहतर करने और इंडस्ट्री से जुड़े स्किल कोर्स और एंटरप्रेन्योरशिप सपोर्ट के उद्देश्य से पेश किया गया था। यह प्लेटफॉर्म स्किल के जुड़े अवसरों का डिजिटल विस्तार है और दो सबसे महत्वपूर्ण पहलों स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया का संयोजन है। एक करोड़ से ज्यादा रजिस्ट्रेशन के अलावा, लेटेस्ट डाटा से पता चलता है कि कुल 12 लाख मोबाइल एप्लिकेशन को डाउनलोड किया गया है।

# बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में निकाली गयी आक्रोश रैली

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

सोमवार को चतरा जिला मुख्यालय में बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आक्रोश रैली विभिन्न हिंदु संगठनों के द्वारा निकाली गयी। इस दौरान हिंदु संगठनों द्वारा झुमड़ा मोहल्ला मैदान से रैली निकली गई।

जो मुख्य मार्ग होते हुए मारवाड़ी मोहल्ला, पुराना पेट्रोल पंप, मेन रोड, केसरी चौक, जतराहीबाग होते हुए समाहरणालय पहुंची, जहां धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त रमेश घोलप से मिलकर सौंपा गया। रैली



आक्रोश रैली में शामिल हिंदु संगठन के लोग

में बंगलादेशी घुसपैठियों को भगाओ, हिन्दुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे आदि नारे लगाये गये। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ किया जा रहा अत्याचार निंदनीय है। बांग्लादेश में हिंदू, बौद्ध, ईसाई, अल्पसंख्यक धार्मिक कट्टरपंथियों के शिकार हो रहे हैं। धार्मिक स्थलों पर हमले किये जा रहे हैं। रैली कार्यक्रम में सुबोध सिंह शिवगीत, नित्यानंद उपाध्याय, कार्यक्रम संयोजक राजेश साह, विहिप जिलाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल संयोजक अंकित पांडे, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, ओमप्रकाश वर्मा, अंबिका सिंह भोक्ता, अशोक शर्मा, हिंदू राष्ट्र संघ नगर अध्यक्ष अभिषेक कांस्याकार सहित भारी संख्या में हिंदु संगठनों के लोग शामिल थे।

# मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स सम्मान समारोह आयोजित

**मेदिनीनगर।** मार्शल-आर्ट्स के महागुरु ब्रूस ली के 84वें जन्मदिवस के अवसर पर मिक्स्ड मार्शल-आर्ट्स काउंसिल (यूके) के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल-आर्ट्स ब्रूस ली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय, कजरी के प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश देव उपस्थित थे। उन्होंने पलामू के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रत्न अवार्ड से सम्मानित किया।

**सम्मानित प्रशिक्षकों की सूची :** रंजन प्रसाद - स्केटिंग, आशुतोष कुमार - मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन, सिकंदर प्रजापति - कराटे, नटवर पांडेय - मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए), प्रीतम चौधरी - ताइक्वांडो, अनुपम तिवारी - बॉक्सिंग, श्याम किशोर पांडेय - संगीत, संतन सोनी - नृत्य।

मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प

शिक्षकों को समय-समय पर मान-सम्मान मिलते रहना चाहिए, क्योंकि वे बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर ऊंचाई तक पहुंचाते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने प्रशिक्षकों का आदर करने की सलाह दी।

यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस महोत्सव में सैकड़ों कराटेकार उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर लौटे राजेश

## उपायुक्त ने की हौसला अफजाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भारत और कंबोडिया के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने कंबोडिया को हराकर गोल्ड मेडल जीता। भारतीय टीम का हिस्सा रहे पलामू जिले के पंडवा निवासी राजेश कुमार मेहता ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बतौर उप-कप्तान खेलते हुए उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। सोमवार को मेदिनीनगर लौटने पर उपायुक्त शशि रंजन ने राजेश से मुलाकात कर उनकी सराहना की और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने राजेश के परिवार को आवास योजना का लाभ देने का भी भरोसा दिया।

**बचपन की मुश्किलें, पर हार नहीं मानी :** राजेश ने बचपन में ही एक ट्रक दुर्घटना में अपना एक पैर गंवा दिया था। तीन भाई और तीन बहनों में सबसे छोटे राजेश का बचपन संघर्षों से भरा रहा। उनके पिता का देहांत बचपन में ही हो गया, जिसके बाद उनकी माता विमल कुंवर ने सब्जी बेचकर उनका पालन-पोषण किया। इन कठिनाइयों के बावजूद राजेश ने कभी हार नहीं मानी और अपने जज्बे से आगे बढ़ते रहे।

**राष्ट्रीय स्तर पर पहचान, समाजसेवियों की मदद से अंतरराष्ट्रीय सफर :** 2012 से थ्रो बॉल खेल रहे राजेश को राष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल में झारखंड टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहचान मिली। हालांकि, पहले भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उनका चयन हुआ था, लेकिन आर्थिक समस्याओं के चलते वे हिस्सा नहीं ले सके। इस बार कंबोडिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए कई समाजसेवियों ने आर्थिक मदद की, जिसके लिए उन्होंने सबका आभार व्यक्त किया। अब राजेश का चयन थाईलैंड में होने वाले एशिया कप पैरा थ्रो बॉल के लिए भी हुआ है।

**स्वागत में कमी से छलका दर्द :** राजेश ने पलामू पहुंचने पर अपेक्षित स्वागत न मिलने पर अपना दर्द व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'अगर मैं किसी और राज्य का होता तो मुझे सर-आंखों पर बिठाया जाता।' हालांकि, उपायुक्त शशि रंजन, नगर निगम आयुक्त जावेद अहमद, सुमित वर्मन और द कराटे एकेडमी ने उनका सम्मान किया।

# बिरहोर किसानों के बीच किया गया बीज का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले के लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटिया पंचायत स्थित रतनाग गांव के बीस बिरहोर कृषक परिवारों के बीच सोमवार को निःशुल्क बीज का वितरण किया गया। बीज वितरण अनुमंडल कृषि पदाधिकारी निखत प्रवीण ने किया। बिरहोर किसानों के बीच बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत आदिम जनजाति के बीस बिरहोर परिवारों को पांच एकड़ भूमि में लगाने के लिए चालीस किलो मक्के का बीज एवं आईएनएम और आईपीएम नामक दवा का वितरण किया गया है। कृषि पदाधिकारी ने बताया कि पहली बार कृषि से संबंधित लाभ प्राप्त करने के बाद बिरहोर परिवारों में खासा उत्साह देखा गया। शीघ्र ही इन बिरहोर परिवारों को कृषि की अन्य योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। मौके पर उनके साथ बीटीएम बिरेन्द्र प्रसाद एवं एटीएम चंद्रभूषण व बिरहोर किसान आदि उपस्थित थे।

## भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य ने की संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक

# गौवंश के लिए उचित कदम उठाए जाने पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के सदस्य राम रघुवंशी का सोमवार को चतरा परिसदन में आगमन हुआ। इनके आगमन पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गौशाला के संचालन, गौवंश के उपचार देखरेख रोड पर बैठे गौवंश के लिए क्या उचित कदम उठाए जाए इसपर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने पशुओं की हो रही तस्करी को लेकर अभियान मोड में कार्रवाई करने की बात कही। आगे उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी जमाल




उद्दीन को निर्देशित करते हुए कहा केंद्र सरकार द्वारा पशुओं के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही है इसका लाभ पात्रता अनुसार शत प्रतिशत लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित करें।

वहीं चतरा जिले में संचालित गौशाला के पंजीकरण एवं अन्य कई बिंदुओं की क्रमवार जानकारी लेते हुए गौशाला के प्रतिनिधि व पशुपालन पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण बातें बताते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीडीएम नाबार्ड से जिले में पशुपालन के लिए कुछ एफपीओ बनाने पर भी विस्तृत चर्चा की। बैठक के पश्चात राम रघुवंशी ने जिले में संचलित एक मातृ गौशाला का भी भ्रमण किया। साथ ही गौ शाला संचालन को पशु कल्याण बोर्ड के माध्यम से लाभ लेने के लिए जानकारी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त के साथ जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बंदोबस्त जमीन को ऑनलाइन कराने के लिए किसानों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत ग्राम चटुआग के दर्जनों किसानों ने सोमवार को पंचायत समिति सदस्य अयुब खान की अगुवाई में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अपने बंदोबस्त जमीन की ऑनलाइन रसीद कटवाने के लिए आवेदन सौंपा है। किसानों ने सीओ को दिए आवेदन में कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा जमीन की बंदोबस्त कर पर्चा दिया गया है। जिस पर करीब तीन दशक से शांतिपूर्वक दखल कब्जा है। इस भूमि पर खेती गृहस्थी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। खेती गृहस्थी पर ही हमारे परिवार आश्रित हैं।

# तय समय में योजनाओं को पूरा करें : उपायुक्त

**▸▸ डीएमएफटी, एससीए के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार मे डीएमएफटी,एससीए की राशि से जिले में कराये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक व वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति केसंबंध में विस्तृत जानकारी लेते हुए प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किए जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र जीर्णोद्धार आदि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया। एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द पूरा करें। जिससे योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके। इसके अलावा पीसीसी सड़क, पुलिया निर्माण, तालाब, विद्यालय समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, प्रभारी पदाधिकारी, एससीए श्रेयांश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 12 वर्ष से अधूरा है पेक्सा सलिमपुर सड़क निर्माण, ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सलिमपुर से पेक्सा तक करीब पांच किलोमीटर सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत किया जा रहा है। सड़क का निर्माण वित्तीय वर्ष 2012-13 में प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य जेपी कंस्ट्रक्शन हजारीबाग द्वारा की जा रही है। परंतु संवेदक की लापरवाही के कारण पिछले 12 वर्षों से सड़क का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है। यहां तक कि संवेदक द्वारा पेक्सा गांव में करीब दो किलोमीटर तक पीसीसी का निर्माण पांच वर्ष पहले कर दिया गया है। पीसीसी जर्जर हो गई है। कई जगह गिट्टी निकल आए हैं। तीन किलोमीटर सड़क का निर्माण आज भी अधूरा है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क से कान्हाचट्टी,सदर व गिद्धौर प्रखंड के अधिकांश गांव के ग्रामीण आवागमन करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा वन भूमि का बहाना बनाकर सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया है। ग्रामीणों ने ग्रामीण विकास विभाग से उक्त सड़क की निर्माण जल्द करवाने के साथ-साथ संवेदक को काली सूची में डालने की मांग किया है।

# संत समाज की सबसे बड़ी जिम्मेवारी धर्म की रक्षा : स्तुति दीदी

**■ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में यज्ञ का दूसरा दिवस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ठाकुरबाड़ी के राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के 17वें अधिवेशन के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया। कार्यक्रम की शुरूआत यज्ञ समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी द्वारा भागवत पीठ की आरती से हुई। कथा में वृंदावन से आईं सुप्रसिद्ध कथावाचिका स्तुति दीदी जी ने अपने भक्तिमय भजनों और विचारों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने वेदव्यास और महर्षि नारद के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान की कथा सुनने मात्र से कोई भक्त नहीं बनता।



सच्चे भक्त वही हैं जो दूसरों का स्नेह और सम्मान करते हैं।

स्तुति दीदी ने बताया कि महर्षि नारद ने वेदव्यास से उनके दुख का कारण पूछा, तो उन्होंने कहा कि महाभारत और पुराणों की रचना के बावजूद वे संतोष अनुभव नहीं कर पा रहे हैं। नारद जी ने समझाया कि केवल ग्रंथों की रचना करना पर्याप्त नहीं, बल्कि संतों की कृपा और धर्म की रक्षा में योगदान से ही सद्गति संभव है।

उन्होंने यह भी कहा कि 'सनातन धर्म और इसकी आस्था को बनाए रखना संत समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। संतों का हृदय कोमल होता है, लेकिन धर्म की रक्षा के लिए उन्हें दृढ़ता से खड़ा होना चाहिए।' कार्यक्रम में विजय कुमार तिवारी, अजय तिवारी अकेला, रवि सांगा, बसंत तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, शशि तिवारी, विनोद विश्वकर्मा, मनोज तिवारी, ललन तिवारी, प्रदीप पाठक, सुरेंद्र तिवारी, अश्विनी कुमार दुबे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डेढ़ महीने से युवक लापता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के डोल गांव निवासी गोवर्धन राम के 22 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार रवि पिछले डेढ़ महीने से लापता है। परिजन द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं भी संतोष का पता नहीं चला। थक कर उसके बड़े भाई राजेश कुमार रवि ने चिनियां थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है।

## ट्रिपल लोडिंग, बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

**महुआडांड़।** सड़क दुर्घटनाओं में दोपहिया वाहन चालकों की हो रही मौतों को देखते हुए नेतरहाट पुलिस विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य हेलमेट पहनने का प्रतिशतता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौत हेलमेट नहीं पहनने की वजह से होती हैं। बिना हेलमेट के सड़क पर वाहन चलाना सिर पर गंभीर चोट का कारण बनता है, जो जानलेवा हो सकता है। नेतरहाट प्रशासन नेतरहाट ग्रामीण एवं नेतरहाट घूमने आने वाले पर्यटकों से अनुरोध किया है कि हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता फैलाएं और लोगों को हेलमेट के महत्व के संबंध में ज्यादा जानकारी दें। नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट जांच अभियान चलाया जाएगा।

# मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन, सीमा बनी अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मुकुन्दपुर में सोमवार को प्रबंधन समिति का पुर्नगठन किया गया। इसमें सीमा देवी को अध्यक्ष और रेखा देवी को संयोजिका चुना गया। इससे पूर्व पोषक क्षेत्र के 12 सदस्यों का चुनाव किया गया। रेखा देवी, बबिता देवी, शकुंतला देवी, सुरज कुमार, प्रमोद वियार, नैना कुमारी, चंदन प्रसाद, भुपेंद्र सिंह, सुनील चौबे, प्रियंका देवी को सदस्य बनाया गया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए सीमा देवी और चंदन प्रसाद और संयोजिका के लिए रेखा देवी और प्रियंका देवी ने दावेदारी की। अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में सीमा देवी को 9 वोट और चंदन प्रसाद को 3 वोट मिला। वहीं संयोजिका के लिए हुए मतदान में रेखा देवी को 11 मत और प्रियंका देवी को मात्र एक मत प्राप्त हुआ। प्रबंधन समिति का पुनर्गठन पर्यवेक्षक प्रिंस कुमार और सीआरपी श्याम किशोर सिंह की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। इस मौके पर मुखिया मुंगा साह, वार्ड सदस्य चिंता देवी, धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, विद्यालय प्रभारी विजय कुमार, सुरेन्द्र ठाकुर, अजय सिंह, दिनेश गुप्ता, विवेक गुप्ता, पप्पू कुमार, माया कुंवर, सुनिता देवी, नैना देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मृतक परिवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने दी आर्थिक मदद

**भवनाथपुर।** प्रखंड के गरीब मुसहर परिवार में हुई एक व्यक्ति की मौत के बाद उनके क्रियाक्रम में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव ने परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। 29 नवंबर को अनिल मुसहर का पेड़ पर शहद छुड़ाने के दौरान गिर कर मौत हो गई थी। मृतक अनिल मुसहर के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी, जिससे क्रियाक्रम की व्यवस्था करना भी उनके लिए मुश्किल हो रहा था। इस परिस्थिति को देखते हुए प्रखंड अध्यक्ष ने परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मौके पर शालेंद्र यादव, समसेर अंसारी, सीता राम मेहता, मिथलेश मेहता, सुरेश राउत, अनिल, रावत, अजीत यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से श्री बंशीधर में ट्रॉमा सेंटर व आईटीआई शुरू करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम लिखे आवेदन विधायक अनंत प्रताप देव को देते हुए ट्रॉमा सेंटर, आईटीआई को अविलंब चालू कराने की मांग किया है। मुख्यमंत्री के नाम लिखे आवेदन में कहा गया है कि अनुमंडल मुख्यालय में वर्षो पूर्व ट्रॉमा सेंटर एवं आईटीआई प्रशिक्षण



केंद्र का भवन सहित आधारभूत संरचना बनकर तैयार है, लेकिन चिकित्सा कर्मियों व प्रशिक्षकों के अभाव में बेकार पड़ा है। बता दें कि उपरोक्त दोनों कार्य इस क्षेत्र के लिये काफी महत्वपूर्ण है। 10 वर्षों के दौरान इस क्षेत्र की जनता की आवाज को अनसुना कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर व आईटीआई का भवन वर्षों पूर्व निर्मित होने के बावजूद आज तक चालू नही हो सका है। ट्रॉमा सेंटर के अभाव में इस क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराज्यीय सीमा होने के कारण नगर उंटारी में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना किया गया था। चैंबर सदस्यों ने इस आशय की प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री,श्रम नियोजन, प्रशिक्षण कौशल विभाग को भी दिया है। मौके पर झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव,चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर,सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी के नाम शामिल है।

## महिला अधिकारों और कानूनी सुरक्षा की जानकारी दी

# महिलाएं किसी भी उत्पीड़न का विरोध करें : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के मुख्यमंत्री जिला उत्कृष्ठ बालिका विद्यालय में सोमवार को महिला अपराध और मोटर वाहन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी ने महिलाओं से किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का डटकर विरोध करने का आह्वान किया। थाना प्रभारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए घरेलू हिंसा की विभिन्न प्रकारों–शारीरिक, भावनात्मक, मौखिक, आर्थिक और यौन दुर्व्यवहार–की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अक्सर घरेलू हिंसा में परिवार के ही लोग शामिल होते हैं, जिससे पीड़ित महिलाएं शिकायत दर्ज कराने में हिचकिचाती हैं। उन्होंने महिलाओं को इस मानसिकता से बाहर निकलने और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रत्येक महिला को सम्मानजनक और गरिमामय जीवन जीने का अधिकार है। घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का इसमें कोई स्थान नहीं है। उन्होंने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि यदि कोई महिला घरेलू, पारिवारिक या कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का शिकार होती है, तो वह महिला थाने में शिकायत दर्ज करा सकती है। थाना प्रभारी ने महिला उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न कानूनों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून का सहारा लेकर महिलाएं अपनी समस्याओं का समाधान पा सकती हैं। कार्यक्रम में महिला थाना की एएसआई रीता देवी, इंदू देवी, विनोद कुमार सिंह, और महिला हवलदार प्रमिला देवी के साथ विद्यालय की प्राचार्य ज्योति ज्योत्सना और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना था।

# ठंड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से मजदूर परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड में ठंड का प्रभाव बढ़ने के बाद प्रशासन द्वारा चौक-चौराहों पर सरकारी स्तर पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं होने से मजदूर वर्ग और गरीब तबके के लोग रात में ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष ने बढ़ती ठंड को देखते हुए बीडीओ सह सीओ) से जल्द चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था कराने की मांग की है। हालांकि प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीबों और मजदूरों के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कि यदि प्रशासन जल्द ही उचित कदम नहीं उठाता है, तो इससे गरीब वर्ग को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय मजदूरों और दुकानदारों में जितेंद्र राउत, सुनील राम, प्रताप राउत, मिथलेश विश्वकर्मा, संत कुमार, तुलसी राम ने प्रशासन की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि सरकारी सहायता के अभाव में उन्हें रात गुजारना मुश्किल हो रहा है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव अंचलाधिकारी से मिलकर मांग की है। कि ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने के साथ जरूरतमंदों को कंबल और अन्य सहायता प्रदान की जाए।

# पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी थाना क्षेत्र में बढ़ती वाहन दुर्घटनाओं और अपराधों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पुलिस ने सोमवार को सघन वाहन जांच और एंटी-क्राइम अभियान चलाया। थाना प्रभारी रवि केशरी के निर्देश पर एसआई सुरेंद्र दुबे ने खरौंधी थाना के समीप विशेष जांच अभियान का नेतृत्व किया। अभियान के दौरान पुलिस ने ट्रिपल लोडिंग, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर सख्ती बरती। साथ ही सभी वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने और आवश्यक कागजात साथ रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने को लेकर पुलिस ने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को वाहन न चलाने दें और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ पायरिया का ईलाज ❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ स्माईल डिजाइन ❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण ❖ फिक्स दांत लगाना ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति और उनके परिवार को रूस ने क्यों दी शरण

**एजेंसी । मॉस्को**

सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनका परिवार देश से भागने के बाद मॉस्को पहुंच गए हैं। रूसी मीडिया ने शीर्ष अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। बता दें रूस ने सीरियाई गृह युद्ध में असद का साथ दिया था। रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास ने एक क्रेमलिन के सूत्र के हवाले से जानकारी दी कि असद और उनका परिवार मॉस्को पहुंच चुका है और मानवीय कारणों से रूस ने उन्हें शरण दी है। सूत्र ने कहा, रूस ने हमेशा सीरियाई संकट के राजनीतिक समाधान के पक्ष में बात की है। हम जोर देते हैं कि संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाली वार्ता फिर से शुरू की जाए। क्रेमलिन सूत्र ने कहा, रूसी अधिकारी सशस्त्र सीरियाई विपक्ष के प्रतिनिधियों के संपर्क में हैं, जिनके नेताओं ने सीरियाई क्षेत्र में रूसी सैन्य ठिकानों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा की गारंटी दी है। बता दें विद्रोही गुटों ने रविवार को सीरियाई राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया था जिसके बाद राष्ट्रपति असद के देश छोड़ कर भाग गए।

59 वर्षीय बशर अल-असद ने 2000 में अपने पिता हाफिज अल-असद की मृत्यु के बाद सत्ता संभाली थी। उनके पिता 1971 से देश पर शासन कर रहे थे। 2011 उनके शासन काल के लिए सबसे अहम साल रहा जब लोकतंत्र की मांग को लेकर हजारों सीरियाई नागरिक सड़कों पर उतर आए, लेकिन उन्हें भारी सरकारी दमन का सामना करना पड़ा। हालांकि सरकार के विरोध में विभिन्न सशस्त्र विद्रोही समूहों का गठन हो गया और सरकार का विरोध 2012 के मध्य तक, विद्रोह एक पूर्ण गृह युद्ध में बदल गया। असद रूस, ईरान और लेबनान के हिजबुल्लाह की मदद से वर्षों तक विद्रोही गुटों का सफलतापूर्व मुकाबला करते रहे। लेकिन पिछले दिनों अचानक सक्रिय हुए विद्रोही गुटों ने सीरियाई राष्ट्रपति के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर दी क्योंकि असद के तीन सहयोगी- रूस, हिजबुल्लाह और ईरान इजरायल खुद के संघर्षों में उलझे हुए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक असद की सेना वर्षों के युद्ध से नष्ट हो चुकी थी और कई सैनिक तो उनके पक्ष में लड़ना भी नहीं चाहते थे।



## सीरिया में सभी पक्षों को देश की एकता और संप्रभुता के लिए करना चाहिए काम : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को सीरिया में सभी पक्षों से अल-असद शासन के पतन के बाद राष्ट्र की एकता और अखंडता को प्राथमिकता देने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर मध्य पूर्वी देश में बढ़ती अशांति के बीच शांतिपूर्ण समाधान की जरुरत पर जोर दिया। मंत्रालय ने कहा, हम सीरिया में चल रहे घटनाक्रमों के मद्देनजर वहां के हालात पर नजर रख रहे हैं। हम इस बात पर जोर देते हैं कि सभी पक्षों को सीरिया की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए काम करना चाहिए।

## दुनिया के विशेषज्ञ व निवेशक भारत में निवेश को लेकर उत्साहित हैं : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत में कारोबारी माहौल से कारोबारी विशेषज्ञ और निवेशक भारत में निवेश करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चलते भारत ने जो विकास किया है वो हर क्षेत्र में नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री राजस्थान के जयपुर में जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केन्द्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपने कुशल कार्यबल और विस्तारित बाजार के कारण निवेश के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में उभर रहा है। मोदी ने कहा कि आजादी के सात दशक बाद भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाया था, जबकि पिछले एक दशक में ही भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## सूडान की राजधानी में ईंधन स्टेशन पर बमबारी में 28 की मौत, 37 घायल

**खार्तूम।** सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में एक ईंधन स्टेशन पर हुई बमबारी में कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। यह जानकारी एक स्वयंसेवी समूह और स्थानीय मीडिया ने दी। रविवार को एक स्थानीय स्वयंसेवी समूह साउथ खार्तूम इमरजेंसी रूम ने बताया कि मायो इलाके के पास नए मार्केट 6 में स्थित अमोनिया ईंधन स्टेशन पर बम गिराया गया। यह बशीर हॉस्पिटल के उत्तर में स्थित है और इससे भारी जान-माल का नुकसान हुआ। घायलों में 29 झुलसने के मामले शामिल हैं, जिनमें से 3 गंभीर रूप से झुलसे हैं। इसके अलावा, 8 लोग घायल हुए हैं।

## भारत में डिजिटल क्रांति से सुगम हुआ है आम लोगों का जीवन: कीर्ति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विदेश, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व व सोच का प्रभाव है कि आज पूरी दुनिया भारत में हुए डिजिटल क्रांति की तारीफ कर रही है। मोदी सरकार द्वारा 01 जुलाई 2015 को डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, जिसका उद्देश्य डिजिटल सेवाओं, डिजिटल पहुंच, डिजिटल समावेशन और डिजिटल सशक्तीकरण को सुनिश्चित करके भारत को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और डिजिटल रूप से सशक्त समाज में परिवर्तित करना था। आज अगर आप एक क्लिक से पैसा ट्रांसफर करने से लेकर तमाम जरूरी काम कर पाते हैं तो इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी की व्यापक सोच है। केंद्रीय राज्य मंत्री सोमवार को जोरबाग स्थित पर्यावरण भवन में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तथा कनेक्टिविटी विषय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया ने 2047 में विकसित भारत की नींव रख दी है। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने देश में डिजिटल क्रांति लाने और लोगों को डिजिटली काम करने के लिए प्रेरित किया है।



# विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार यूनुस से की मुलाकात की

▸ **भारत का बांग्लादेश के साथ बहुआयामी संबंध, जिसमें संपर्क, व्यापार, बिजली, ऊर्जा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र शामिल हैं**

**एजेंसी । ढाका**



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। इसी के साथ ढाका की उनकी एक दिवसीय यात्रा भी संपन्न हो गई। मिस्री ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन के साथ भी बैठकें की। अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ चरमपंथी बयानबाजी और हिंसा की घटनाओं को लेकर पड़ोसी देश के साथ नई दिल्ली की चिंताएं साझा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि इन बैठकों के दौरान विदेश सचिव मिस्री ने एक लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने आपसी विश्वास, सम्मान तथा एक-दूसरे की चिंताओं और हितों के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बांग्लादेश के साथ रचनात्मक संबंध बनाने की नई दिल्ली की इच्छा को दोहराया।

मिस्री की यात्रा के समापन के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, विदेश सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि भारत-बांग्लादेश संबंधों में लोग मुख्य हितधारक हैं। उन्होंने कहा कि भारत का बांग्लादेश के साथ बहुआयामी संबंध, जिसमें संपर्क, व्यापार, बिजली, ऊर्जा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र शामिल हैं, बांग्लादेश के सभी लोगों के लाभ के लिए हैं। इसमें कहा गया, "विदेश सचिव ने हाल के कुछ घटनाक्रमों और मुद्दों पर भी चर्चा की और भारत की चिंताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण से संबंधित चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनयिक संपत्तियों पर हमलों की कुछ अफसोसजनक घटनाओं को भी उठाया। विदेश मंत्रालय ने जोर देकर कहा, "विदेश सचिव की यात्रा भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव को बनाए रखने में मदद करेगी, ताकि चिंताओं को दूर करने के साथ-साथ संबंधों में महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे बढ़ाया जा सके।

विदेश सचिव का यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों विशेष तौर पर हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा, भड़काऊ बयानबाजी जैसी खबरें लगातार सामने आ रहा हैं। भारत ने लगातार हिंदुओं समेत अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ धमकियों और टारगेटेड हमलों के मुद्दे को बांग्लादेश सरकार के सामने मजबूती से उठाया है।

## जॉर्ज सोरोस मामले में भाजपा हमलावर, पूछा- कांग्रेस का देशद्रोहियों से क्या संबंध है

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी जॉर्ज सोरोस मामले में कांग्रेस पर लगातार हमलावर है। सोमवार को भाजपा ने आरोप लगाते हुए कांग्रेस से पूछा कि देश द्रोही जॉर्ज सोरोस का उनसे क्या रिश्ता है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि फोरम फॉर डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया-पैसिफिक नामक (एफडीएलएपी) एक संगठन है, जिसकी स्थापना 1994 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लोकतंत्र को बढ़ावा देने के मिशन के साथ की गई थी। इसके चार सह-अध्यक्ष हैं, जिनमें से एक राजीव गांधी फाउंडेशन की अध्यक्ष सोनिया गांधी सह-अध्यक्षों में से एक हैं। एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स को दी जा रही वित्तीय सहायता जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के योगदान से है। सोरोस वही व्यक्ति हैं जिन्होंने खुले तौर पर कहा है कि उन्होंने मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए एक बिलियन डॉलर का निवेश किया है। विपक्ष इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करना चाहता है। उन्होंने पूछा कि एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स से कांग्रेस का क्या संबंध है? क्या एशिया-प्रशांत में फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स में लिखी गई भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक बातें आपकी (कांग्रेस) समझ से लिखी गई हैं? क्या कांग्रेस का देशद्रोहियों (जॉर्ज सोरोस) से कोई संबंध है?

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए अब तक 25 लाख ने कराया पंजीयन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

▸ **स्व-पंजीकरण के लिए पात्र नागरिक आयुष्मान ऐप (गूगल प्ले स्टोर से) डाउनलोड कर सकते हैं। आयुष्मान वय वंदना कार्ड के बारे में अधिक जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 14555 पर कॉल कर सकते हैं या 1800110770 पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं।**


आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लिए नामांकन की संख्या 25 लाख तक पहुंच गई है। इस योजना के शुरू हुए दो महीने के अंदर ही 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 22 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को 40 करोड़ रुपये से अधिक का उपचार लाभ मिला है। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के लॉन्च होने के बाद से लगभग 25 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया है। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 22 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को 40 करोड़ रुपये से अधिक का उपचार प्राप्त हुआ है। इन वरिष्ठ नागरिकों ने कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, हिप फ्रैक्चर/रिप्लेसमेंट, पित्ताशय निकालना, मोतियाबिंद सर्जरी, प्रोस्टेट रिसेक्शन, स्ट्रोक, हेमोडायलिसिस, एंटरिक फीवर और अन्य ज्वर संबंधी बीमारियों आदि जैसी विभिन्न स्थितियों के लिए उपचार कराया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अक्टूबर को आयुष्मान वय वंदना कार्ड की घोषणा की थी। इसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को "आयुष्मान वय वंदना कार्ड" मिल रहा है, जो उन्हें स्वास्थ्य देखभाल लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा।

## हैती : बेटे पर जादू-टोना किए जाने के शक में गैंग लीडर ने 110 लोगों को मौत के घाट उतारा

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** हैती के सिटे सोलेइल स्लम में वीकेंड में कम से कम 110 लोगों की हत्या कर दी गई। एक प्रमुख मानवाधिकार समूह ने बताया कि एक गैंग लीडर ने बुजुर्गों को निशाना बनाया क्योंकि उसे शक था कि इन लोगों ने जादू-टोना करके उसके बच्चे को बीमार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गैंग लीडर मोनेल 'मिकानो' फेलिक्स ने अपने 'विव अंसनम' ग्रुप के साथ मिलकर इस नरसंहार को अंजाम दिया। नेशनल ह्यूमन राइट डिफेंस नेटवर्क (आरएनडीडीएच) ने कहा कि जब फेलिक्स का बच्चा बीमार हो गया, तो उसने एक वूडू पुजारी से इस संबंध में बात की। पुजारी ने क्षेत्र के बुजुर्ग लोगों पर जादू-टोने के जरिए बच्चे को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया, जिससे भड़क कर फेलिक्स ने नरसंहार का आदेश दे दिया। बयान में कहा गया कि गैंग के सदस्यों ने शुक्रवार को कम से कम 60 लोगों और शनिवार को 50 लोगों की हत्या चाकू और कुल्हाड़ियों से की। मृतकों में से सभी की उम्र 60 वर्ष से अधिक थी। सिटे सोलेइल राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के बंदरगाह के पास एक घनी आबादी वाली बस्ती है। इसे हैती के सबसे गरीब और सबसे हिंसक इलाकों में से एक माना जाता है।

## लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध जारी, दोनों सदनों में नहीं हो पाया कामकाज

**एजेंसी । नई दिल्ली**



लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार को पक्ष-विपक्ष की विभिन्न मुद्दों पर तकरार के चलते तीन बार स्थगित करनी पड़ी है। दोनों सदन थोड़े-थोड़े अंतराल पर ही पहले 12 बजे, फिर 2 बजे और फिर 3 बजे तक के लिए स्थगित किए गए। इसके बाद भी कार्यवाही नहीं चली और उसे दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी नेताओं को चेताया। उन्होंने पूछा कि क्या वे सदन नहीं चलने देना चाहते। इसके बाद उन्होंने कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। 12 बजे भी कार्यवाही थोड़े अंतराल में ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। 2 बजे लोकसभा में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे (संशोधन) विधेयक पर चर्चा का जवाब देना चाहा लेकिन हंगामें के चलते कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। तीन बजे फिर से सदन का कामकाज शुरू होने पर हंगामा रहा और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। उधर, राज्यसभा में भी कुछ ऐसी ही स्थिति रही। सदन की कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित होने के बाद वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया।

इसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर ऐसे संगठनों से जुड़े होने का आरोप लगाया, जिन्हें जॉर्ज सोरोस का समर्थन प्राप्त है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों का खंडन किया और सत्ता पक्ष पर ही आरोप लगाए। इस दौरान सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए हंगामा और शोरगुल जारी रहा। इसके बाद सभापति ने तकरार थमती न देख कार्यवाही को 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

# भारत को मिला मल्टी-रोल गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील'

**एजेंसी । नई दिल्ली**




आधुनिक मल्टी-रोल स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील (एफ 70)' को सोमवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह युद्धपोत रूस के कलिनिनग्राद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारत को डिलीवर किया गया। रक्षा मंत्री ने 'आईएनएस तुशील' की कमीशनिंग को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का एक गौरवपूर्ण प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत और रूस के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। भारत और रूस के संबंध साझा मूल्यों, आपसी विश्वास व विशेष रणनीतिक विशेषाधिकार से एक साथ बंधे हैं। भारतीय नौसेना का यह नया युद्धपोत कई उन्नत हथियारों से लैस है। इनमें संयुक्त रूप से विकसित ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, उन्नत रेंज के साथ वर्टिकली लॉन्च की जाने वाली सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल हैं। भारतीय नौसेना का यह युद्धपोत मध्यम दूरी की एंटी-एयर और सतह गन से लैस है। इसमें नियंत्रित क्लोज-रेंज रैपिड फायर गन सिस्टम, पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो और रॉकेट व उन्नत इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और संचार सूट भी हैं। 125 मीटर लंबा, 3,900 टन वजन वाला यह घातक समुद्री जहाज, रूसी और भारतीय अत्याधुनिक तकनीकों और युद्धपोत निर्माण का एक प्रभावशाली मिश्रण है। सबसे अधिक तकनीकी उन्नत वाला यह फ्रिगेट 'आईएनएस तुशील' भारतीय नौसेना की पश्चिमी कमान के अंतर्गत भारतीय नौसेना के 'स्वॉर्ड आर्म', पश्चिमी बेड़े में शामिल होगा। आईएनएस तुशील परियोजना 1,135.6 का एक उन्नत क्रिवाक-3 श्रेणी का फ्रिगेट है। इनमें से छह युद्धपोत पहले से ही सेवा में हैं। इन छह युद्धपोतों में से तीन तलवार श्रेणी के जहाजों का निर्माण सेंट पीटर्सबर्ग के बाल्टिस्की शिपयार्ड में हुआ हैं।

### 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम

आईएनएस तुशील 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है। उच्च स्तर की स्वचालन जैसी विशेषताएं इसकी युद्ध क्षमता को और बढ़ाती हैं। इस जहाज के निर्माण में प्रमुख ओईएम ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, केलट्रॉन, नोवा इंटीग्रेटेड सिस्टम, एल्कोम मरीन, जॉनसन कंट्रोल्स इंडिया और कई अन्य भारतीय संगठन शामिल रहे।

## पीएम का रुख किसानों के खिलाफ देश की एकता के लिए ठीक नहीं : बाजवा

**एजेंसी । चंडीगढ़**



पंजाब विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं दिग्गज कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रुख किसानों के खिलाफ है। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि बुनियादी सवाल यह है कि हम आजाद देश में रहते हैं और सबका मौलिक अधिकार है कि वो अपनी बात रख सकें। किसानों का बहुत लंबा आंदोलन चल रहा है। जब तीन कृषि कानून वापस हुए थे, तो पीएम मोदी ने किसानों को कुछ बातों का विश्वास दिलाया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की संवैधानिक गारंटी देने, आंदोलन के समय जिन किसानों पर केस हुए थे, उनको वापस लेने और शहीद हुए किसानों के परिवारों को आर्थिक मदद तथा नौकरी देने का वादा किया था। लेकिन तीन साल बीत चुके हैं और इसमें से एक बात भी पूरी नहीं हुई। ऐसे में उनकी मांगें वाजिब हैं। बाजवा ने कहा कि किसान कोई हथियार लेकर नहीं जा रहे हैं, उनके पास ट्रैक्टर और ट्रॉली भी नहीं है।